राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

समृद्धि न्यूज़

समृद्ध समाज का आधार

वर्ष- 13 अंक - 185
लखनऊ, सोमवार 09 मार्च, 2026
पृष्ठ- 12 मूल्य- ₹ 3.00
लखनऊ से प्रकाशित

samradhinewslko@gmail.com, www.samriddhisamachar.com, info@samriddhinews.com

उत्कृष्ट कार्य करने वाली महिलाओं को प्रशस्ति पत्र देकर किया गया सम्मानित 10

ऊर्जा मंत्री ने रिश्वतखोरी के वायरल वीडियो का लिया संज्ञान, संविदाकर्मी बर्खास्त, जेई को चार्जशीट 03

देश को प्रेरित करती हैं नारी शक्ति की उपलब्धियां : मोदी

प्रधानमंत्री ने दी अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस की शुभकामनाएं

एजेंसी, नई दिल्ली।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर रविवार को देश भर की महिलाओं को बधाई दी और भारत के विकास में उनके योगदान की सराहना करते हुए कहा कि नारी शक्ति की उपलब्धियां देश को प्रेरित करती हैं और एक विकसित भारत की ओर इसके सफर को मजबूत करती हैं। पीएम मोदी ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर किये गये सिलसिलेवार पोस्ट में कहा कि महिलाएं सभी क्षेत्रों में बदलाव लाने वाली भूमिका निभा रही हैं और देश की तरक्की के केंद्र में हैं। उन्होंने लिखा, अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर मैं हमारी सभी नारी शक्ति को बधाई देता हूं। हर क्षेत्र में महिलाएं पक्के इरादे, रचनात्मकता और बेमिसाल जोश के साथ भारत की तरक्की को आकार दे रही हैं। उनकी उपलब्धियां हमारे देश को प्रेरित करती हैं और विकसित भारत बनाने के हमारे सामूहिक इरादे को मजबूत करती हैं। पीएम मोदी ने महिला सशक्तिकरण पर सरकार के ध्यान का उल्लेख करते हुए कहा कि पिछले दस सालों में शुरू की गई कई पहल और योजनाओं का मकसद अवसरों को बढ़ाना और महिलाओं को उनकी पूरी क्षमता का एहसास कराना है। उन्होंने कहा, महिलाओं का सशक्तिकरण हमारी अलग-अलग योजनाओं और पहलों का मुख्य हिस्सा है। हम ऐसे मौके बनाने के लिए प्रतिबद्ध हैं जिनसे हर महिला अपनी पूरी क्षमता का एहसास कर सके और भारत के विकास के सफर में योगदान दे सके। उन्होंने एक अन्य पोस्ट में लिखा कि देश भर में महिलाओं की उपलब्धियां भारत के भविष्य को आकार दे रही हैं। श्री मोदी ने लिखा, भारत की नारी शक्ति की उपलब्धियां गर्व का विषय हैं और राष्ट्र निर्माण में बदलाव लाने वाली भूमिका की एक मजबूत याद दिलाती हैं। जैसे-जैसे भारत आगे बढ़ेगा, महिलाओं की उम्मीदें और योगदान एक मजबूत और खुशहाल देश की ओर हमारी सामूहिक यात्रा को प्रोत्साहित करते रहेंगे।

महिलाओं की भागीदारी पर जोर

पीएम मोदी ने कहा कि केंद्र सरकार ने हाल के सालों में महिलाओं के सशक्तिकरण पर केन्द्रित कई कार्यक्रम शुरू किये हैं, जिनमें वित्तीय समावेशन, उद्यमिता, स्वास्थ्य, शिक्षा और स्वच्छता से जुड़े पहलें शामिल हैं। सरकार ने विज्ञान, प्रौद्योगिकी, शासन और सशस्त्र बल जैसे क्षेत्रों में भी महिलाओं की भागीदारी पर जोर दिया है।

महिला दिवस पर दिल्ली को 33,500 करोड़ की सौगात

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने रविवार को कहा कि राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली का विकास केवल एक शहर का विकास नहीं है बल्कि पूरे देश की छवि और प्रतिष्ठा से जुड़ा है। राजधानी जितनी आधुनिक, सुव्यवस्थित और बेहतर कनेक्टिविटी वाली होगी, उतना ही भारत का आत्मविश्वास और वैश्विक पहचान मजबूत होगी। प्रधानमंत्री मोदी रविवार को यहां बुराड़ी में आयोजित एक कार्यक्रम में लगभग 33,500 करोड़ रुपये की विभिन्न विकास परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास करने के बाद लोगों को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि इन परियोजनाओं से दिल्ली के बुनियादी ढांचे को मजबूती मिलेगी, यातायात व्यवस्था बेहतर होगी और लोगों के जीवन को अधिक सुविधाजनक बनाया जा सकेगा। उन्होंने कहा कि दिल्ली भारत के लोकतंत्र की पहचान और ऊर्जा का प्रतीक है। दुनिया का कोई भी व्यक्ति जब भारत जैसे विशाल लोकतंत्र की कल्पना करता है तो उसके मन में सबसे पहले दिल्ली की तस्वीर उभरती है। इसलिए राजधानी का विकास पूरे देश की प्रतिष्ठा से सीधे तौर पर जुड़ा हुआ है। प्रधानमंत्री ने कहा कि केंद्र सरकार दिल्ली को आधुनिक और विकसित शहर बनाने के लिए निरंतर प्रयास कर रही है। मेट्रो नेटवर्क के विस्तार, परिवहन सुविधाओं के आधुनिकीकरण और आवासीय ढांचे के विकास के माध्यम से राजधानी को नई दिशा दी जा रही है। आज जिन परियोजनाओं की शुरुआत की गई है, उनमें दिल्ली मेट्रो के नए कॉरिडोर, मेट्रो विस्तार योजनाएं तथा सरकारी कर्मचारियों के लिए आधुनिक आवासीय परिसरों का निर्माण शामिल है।

प्रधानमंत्री ने महिला आवंटियों को सौंपीं जीपीआरए आवास की चाबी

अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने रविवार को सरोजिनी नगर स्थित जनरल पूल रेजिडेंशियल अकॉमोडेशन (जीपीआरए) टाइप-5 क्वार्टर्स का दौरा किया और महिला आवंटियों को आवास की चाबियां सौंपकर उन्हें बधाई दी। इस अवसर पर प्रधानमंत्री ने महिला आवंटियों और निर्माण कार्य में लगी श्रमजीवी बहनों से संवाद किया तथा उनके अनुभव और सुझाव भी सुने। उन्होंने महिलाओं के योगदान की सराहना करते हुए कहा कि सरकार महिलाओं के सशक्तिकरण और सम्मान के लिए लगातार प्रयास कर रही है।

नारी चेतना ही समाज की प्रगति का मूल आधार : राष्ट्रपति

एजेंसी, नई दिल्ली।

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने रविवार को कहा कि नारी चेतना ही समाज की प्रगति का मूल आधार है। उन्होंने कहा कि साल 2047 तक विकसित भारत का लक्ष्य केवल तकनीकी प्रगति से नहीं बल्कि सांस्कृतिक जड़ों और नारी के पूर्ण सशक्तिकरण से प्राप्त होगा।

द्रौपदी मुर्मु रविवार यहां विज्ञान भवन में आयोजित दो दिवसीय राष्ट्रीय महिला विचारक सम्मेलन भारती के समापन समारोह को संबोधित कर रही थीं। उन्होंने पद्म भारती काफी टेबल पुस्तक का लोकार्पण भी किया। इस कार्यक्रम का विषय भारती- नारी से नारायणी पर आधारित था।

राष्ट्र सेविका समिति, शरण्या और भारतीय विद्वत परिषद् द्वारा संयुक्त रूप से आयोजित इस समारोह में राष्ट्रपति ने कहा कि 2047 तक विकसित भारत का लक्ष्य केवल तकनीकी प्रगति से नहीं बल्कि अपनी सांस्कृतिक जड़ों और नारी शक्ति के पूर्ण सशक्तिकरण से प्राप्त होगा। उन्होंने कहा कि भारतीय ज्ञान परंपरा में दर्शन, चिकित्सा, खगोल विज्ञान, गणित, साहित्य तथा कला की महान विरासत को ज्ञान भारतम् मिशन जैसे प्रयासों से संरक्षित और प्रसारित किया जा रहा है। भारतीय भाषाओं तथा भारतीय ज्ञान परंपरा को प्राथमिकता देकर आत्मनिर्भर और विकसित भारत के निर्माण को सांस्कृतिक आधार प्रदान किया जा रहा है। ऐसे प्रयासों से जुड़े सभी संस्थानों को पारस्परिक समन्वय के साथ आगे बढ़ना चाहिए।

-: सर्राफा बाजार :-

गोल्ड 24 कैरेट = 1,63,800/10 ग्राम
22 कैरेट = 1,50,150/10 ग्राम
18 कैरेट = 1,22,880/10 ग्राम
चांदी = 2,85,000/किग्रा

संक्षिप्त समाचार

आरोपी निजामुद्दीन के साम्राज्य पर चला एमसीडी का बुलडोजर

नई दिल्ली। दिल्ली के उत्तम नगर इलाके में हुए सनसनीखेज हत्याकांड के बाद प्रशासन ने सख्त रुख अख्तियार कर लिया है। मामले की गंभीरता को देखते हुए दिल्ली नगर निगम (एमसीडी) ने मुख्य आरोपी निजामुद्दीन से जुड़ी संपत्तियों पर बुलडोजर चलाकर उन्हें ध्वस्त कर दिया है। अधिकारियों के मुताबिक यह कार्रवाई अवैध निर्माण और आपराधिक गतिविधियों के खिलाफ सरकार की जीरो टॉलरेंस नीति के तहत की गई है। इस मामले में दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने कड़े संकेत दिए थे।

प्रशांत महासागर में 6.0 तीव्रता का भूकंप, 'रिंग ऑफ फायर' में फिर जोर से हिली धरती

नई दिल्ली। रविवार को दक्षिण प्रशांत महासागर में रिक्टर पैमाने पर 6.0 तीव्रता का भूकंप दर्ज किया गया। इसकी जानकारी भारत के नेशनल सेंटर फॉर सिस्मोलॉजी (एनसीएस) ने दी। एनसीएस के अनुसार भूकंप 8 मार्च 2026 को भारतीय समयानुसार दोपहर 2.58 बजे आया। फिलहाल इस भूकंप से किसी बड़े नुकसान या सुनामी की चेतावनी की खबर नहीं है। भूकंप जिस क्षेत्र में आया, वह प्रशांत महासागर के 'रिंग ऑफ फायर' का हिस्सा है। यह दुनिया का सबसे सक्रिय भूकंपीय क्षेत्र माना जाता है। अमेरिकी भूवैज्ञानिक सर्वेक्षण (यूएसजीएस) के अनुसार दुनिया के लगभग 90 : भूकंप इसी क्षेत्र में आते हैं। 81 : सबसे बड़े भूकंप भी इसी बेल्ट में दर्ज होते हैं। 'रिंग ऑफ फायर' में कई टेक्टोनिक प्लेटें एक-दूसरे से टकराती या एक प्लेट दूसरी के नीचे धंसती हैं। इसी प्रक्रिया को सबडक्शन कहा जाता है। इसी कारण यहां बार-बार भूकंप और ज्वालामुखीय गतिविधियां होती रहती हैं। इसी भूकंपीय बेल्ट में इतिहास के कई शक्तिशाली भूकंप दर्ज हुए हैं।

यूएई ने भारतीयों के लिए जारी की एडवाइजरी

आबूधाबी। मिडिल ईस्ट में अमेरिका-इजराइल और ईरान के बीच बढ़ते सैन्य तनाव के बीच संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) में रहने वाले भारतीय नागरिकों के लिए नई एडवाइजरी जारी की गई है। दुबई और अबूधाबी जैसे शहरों में रह रहे लाखों भारतीयों से कहा गया है कि वे सुरक्षा नियमों का पूरी तरह पालन करें और किसी भी संवेदनशील घटना की फोटो या वीडियो बनाने से बचें। भारतीय दूतावास की ओर से जारी सलाह में साफ कहा गया है कि किसी भी घटना स्थल, प्रतिबंधित क्षेत्र या एयरपोर्ट के अंदर फोटो या वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर साझा करना कानूनन गलत हो सकता है।

बेटियों को किसी से डरने की जरूरत नहीं : योगी

लखनऊ, समृद्धि न्यूज।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर प्रदेश की नारी शक्ति को पत्र लिख कर उनके योगदान का महत्व बताया है। उन्होंने कहा कि सशक्त समाज निर्माण में महिलाओं की अहम भूमिका है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि सरकार आधी आबादी की सुरक्षा, गरिमा, आत्मनिर्भरता के प्रति दृढ़ संकल्पित है। उन्होंने कहा कि 2017 से पहले महिलाओं के साथ अपराध आम बात थी। आज प्रदेश में बेटियां सुरक्षित हैं। स्पष्ट नीति और साफ नीयत से यह संभव हुआ है।

योगी ने नारी शक्ति को सम्बोधित पत्र में लिखा कि मिशन शक्ति, एंटी रोमियो अभियानों ने अपराधियों के मन में डर पैदा किया। जहां बेटियां सुरक्षित और सम्मानित होती हैं, वहां समाज सतत प्रगति करता है। आज छात्राओं के ड्रॉपआउट रेट, मातृ मृत्यु दर, शिशु मृत्यु दर में अभूतपूर्व आई गिरावट आई है। शिक्षा से रोजगार तक बेटियों को समान अवसर मिल रहा है।

यूपी की नारी शक्ति आज स्वावलंबन का नया अध्याय रच रही है। मुख्यमंत्री ने कहा कि बीसी सखी, लक्ष्मी दीदी, ड्रोन दीदी, स्वास्थ्य सखी, सूर्य सखी परिवार के साथ प्रदेश को सशक्त कर रही हैं।नारी का सम्मान समस्त समाज के लिए सर्वोपरि हो। मां एवं मातृभूमि स्वर्ग से भी बढ़कर है। मुख्यमंत्री ने अपनी पाती में लिखा है कि प्रदेश की बेटियों को किसी से डरने की आवश्यकता नहीं है। सरकार बेटियों के सपनों की उड़ान को पंख दे रही है।



आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों को आयुष्मान कार्ड का उपहार

उत्तर प्रदेश में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर नारी शक्ति की सुरक्षा और सम्मान के लिए आयोजित कार्यक्रम में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों को आयुष्मान कार्ड का उपहार दिया। उन्होंने पांच आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों को मंच पर आयुष्मान कार्ड प्रदान किए। प्रदेश में अब तक 3 लाख 684 आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों और सहायिकाओं सहित उनके परिवारजनों को आयुष्मान कार्ड योजना का लाभ प्रदान किया जा चुका है। महिलाओं का सशक्तीकरण और स्वावलंबन योगी सरकार के प्रमुख एजेंडे में है। सीएम योगी ने आज मंच पर लखनऊ की आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों गुड़िया सिंह, प्रियंका सिंह, सुधा अवस्थी, उमा सिंह और लालावती को आयुष्मान कार्ड प्रदान किए।

ट्रेडिशन, टेक्नोलॉजी, ट्रांसपेरेंसी व ट्रस्ट से किया ट्रांसफॉर्मेशन

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि 2017 के बाद उत्तर प्रदेश में आए परिवर्तन के पांच मुख्य कारण हैं। सरकार ने प्रधानमंत्री मोदी के पांच टी ट्रेडिशन, टेक्नोलॉजी, ट्रांसपेरेंसी, ट्रस्ट, ट्रांसफॉर्मेशन विजन को ध्यान में रखकर काम किया। जब ट्रेडिशन, टेक्नोलॉजी, ट्रांसपेरेंसी व ट्रस्ट मिलते हैं तो ट्रांसफॉर्मेशन होता है। हमने भारत की परंपरा और विरासत का सम्मान किया, इससे विकास अपना रास्ता तय कर लेता है। हम इसे टेक्नोलॉजी से जोड़कर और आसान करते हैं। ट्रांसपेरेंसी से ही आमजन में विश्वास की भावना पैदा होती है और यही विश्वास परिवर्तन का कारण बनता है। यूपी इसी 5-टी का मॉडल बना है। सीएम ने अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में आयोजित राज्यस्तरीय कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने इस अवसर पर विभिन्न योजनाओं के लाभार्थियों को सम्मानित किया और पिंक रोजगार महाकुंभ-2026 रोजगार मेले का शुभारंभ किया। मुख्यमंत्री ने प्रदर्शनी व श्रम विभाग की लघु फिल्म का अवलोकन किया।

राष्ट्रपति के प्रोटोकॉल उल्लंघन मामले में केंद्र सख्त गृह मंत्रालय ने बंगाल सरकार से मांगी रिपोर्ट

एजेंसी, नई दिल्ली।

पश्चिम बंगाल में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के उत्तर बंगाल दौरे के दौरान प्रोटोकॉल उल्लंघन और कार्यक्रम स्थल में अचानक बदलाव को लेकर विवाद गहरा गया है। सूत्रों के मुताबिक गृह मंत्रालय ने पूरे मामले का संज्ञान लेते हुए राज्य सरकार से विस्तृत रिपोर्ट मांगी है।

केंद्रीय गृह सचिव ने पश्चिम बंगाल के मुख्य सचिव को पत्र लिखकर स्पष्टीकरण देने को कहा है। यह विवाद दार्जिलिंग जिले में आयोजित 9वें अंतरराष्ट्रीय संथाल सम्मेलन से जुड़ा है, जहां राष्ट्रपति मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुईं। मूल कार्यक्रम विधाननगर में प्रस्तावित था, लेकिन प्रशासन ने सुरक्षा और भीड़भाड़ का हवाला देकर इसे गोशाईपुर स्थानांतरित कर दिया। राष्ट्रपति ने स्थल छोटा होने पर नाराजगी जताई और ममता से प्रोटोकॉल पालन पर सवाल उठाए। राष्ट्रपति ने ममता बनर्जी को छोटी बहन बताते हुए पूछा कि क्या वो उनसे नाराज हैं, क्योंकि न तो मुख्यमंत्री और न ही कोई मंत्री उन्हें रिसीव करने पहुंचीं, जबकि पद की गरिमा के लिए प्रोटोकॉल का पालन जरूरी है।

सूत्रों के मुताबिक, राष्ट्रपति के प्रोटोकॉल में कई पैमानों पर सुरक्षा संबंधित ब्लू बुक के नियमों का उल्लंघन हुआ है। जिसमें- प्रेसिडेंट को रिसीव करने और सी-ऑफ करने के लिए मुख्यमत्री, प्रमुख सचिव और पुलिस महानिदेशक क्यों नहीं थे। सिर्फ सिलीगुड़ी के मेयर ही उन्हें रिसीव करने के लिए वहां थे। राष्ट्रपति के लिए बने वॉशरूम में भी पानी नहीं था। प्रशासन जिस रास्ते से गुजरा, वह कचरे से भरा हुआ था। सूत्रों का ये भी कहना है कि इस परिस्थितियों के लिए दार्जिलिंग के डीएम, सिलीगुड़ी के सीपी और एडीएम जिम्मेदार हैं। इस मामले में केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने एक्स पर कड़ी प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने कहा कि पश्चिम बंगाल की टीएमसी सरकार ने अराजक व्यवहार करते हुए भारत के राष्ट्रपति का अपमान कर एक नया निचला स्तर छू लिया है। उन्होंने इसे भारत के संवैधानिक लोकतंत्र के मूल्यों पर आघात बताया और कहा कि आज लोकतंत्र में विश्वास रखने वाला हर नागरिक आहत और दुखी महसूस कर रहा है। कार्यक्रम में प्रोटोकॉल की खुली अनदेखी कर राष्ट्रपति पद की गरिमा को ठेस पहुंचाई गई है। शाह ने आरोप लगाया कि ये घटना टीएमसी सरकार में व्याप्त अव्यवस्था और गिरावट को दिखाती है। सरकार न सिर्फनागरिकों के संवैधानिक अधिकारों का उल्लंघन करती है, बल्कि राष्ट्रपति जैसे सर्वोच्च संवैधानिक पद का भी सम्मान नहीं करती।

संसद के बजट सत्र का दूसरा चरण आज से

पहले ही दिन लोकसभा अध्यक्ष के खिलाफ पेश होगा अविश्वास प्रस्ताव

एजेंसी, नई दिल्ली।

संसद के बजट सत्र का दूसरा चरण सोमवार 9 मार्च से शुरू होकर 2 अप्रैल तक चलेगा। बजट सत्र के दूसरे चरण की शुरुआत के साथ कल ही लोकसभा में अध्यक्ष ओम बिरला के खिलाफ विपक्ष द्वारा लाया गया अविश्वास प्रस्ताव (नोटिस) पेश किया जाएगा। इस प्रस्ताव को सदन में विपक्षी सांसद मोहम्मद जावेद, के. सुरेश और डॉ. मल्लू रवि पेश करेंगे।

इस बीच भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने 9 और 10 मार्च के लिए व्हिप जारी किया है। वहीं, कांग्रेस ने सभी सांसदों को 9-11 मार्च तक सदन में उपस्थित रहने के लिए व्हिप जारी किया है। पिछले महीने बजट सत्र के पहले चरण के दौरान विपक्ष ने लोकसभा के महासचिव को अविश्वास प्रस्ताव प्रस्तुत किया था, जिसमें लोकसभा अध्यक्ष पर पक्षपातपूर्ण तरीके से कार्य करने का आरोप लगाते हुए उन्हें हटाने की मांग की गई थी। इस प्रस्ताव पर कांग्रेस, समाजवादी पार्टी, डीएमके, वामपंथी दलों और अन्य दलों के सदस्यों सहित 118 सांसदों ने हस्ताक्षर किए थे। चर्चा के दौरान ओम बिरला अध्यक्षीय आसन पर नहीं बल्कि सदन में सत्तापक्ष के सदस्यों के साथ मौजूद रहकर अपने ऊपर लगाए गए आरोपों का जवाब दे सकेंगे।

नीतीश कुमार के बेटे निशांत कुमार जेडीयू में हुए शामिल

एजेंसी, पटना। बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के बेटे निशांत कुमार ने रविवार को औपचारिक रूप से जनता दल (यूनाइटेड) (जदयू) की सदस्यता ग्रहण कर ली। पार्टी के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष संजय झा ने उन्हें सदस्यता दिलाई। इस मौके पर केंद्रीय मंत्री राजीव रंजन सिंह (ललन सिंह) और जदयू के प्रदेश अध्यक्ष उमेश कुशवाहा समेत पार्टी के कई वरिष्ठ नेता मौजूद रहे। हालांकि, मुख्यमंत्री नीतीश कुमार इस कार्यक्रम में शामिल नहीं हुए। जदयू में शामिल होने के बाद निशांत कुमार ने कहा कि मैं सभी का धन्यवाद करता हूं। आप सभी ने मुझ पर जो भरोसा जताया है, उस पर खरा उतरने की कोशिश करूंगा।

अविमुक्तेश्वरानंद पर केस करने वाले आशुतोष ब्रह्मचारी की नाक काटने की कोशिश

प्रयागराज, समृद्धि न्यूज।

एक बार फिर धार्मिक विवाद ने हिंसक रूप लिया है। शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती के खिलाफ यौन उत्पीड़न का केस दर्ज कराने वाले आशुतोष ब्रह्मचारी (आशुतोष महाराज) पर रीवा एक्सप्रेस ट्रेन में जानलेवा हमला हुआ। हमलावर ने धारदार हथियार से उनकी नाक काटने की कोशिश की, लेकिन आशुतोष ने ट्रेन के टॉयलेट में खुद को बंद करके अपनी जान बचाई।

टॉयलेट में छिपकर बचाई जान

हमला फतेहपुर और कौशांबी के बीच सिराथू रेलवे स्टेशन के पास हुआ। आशुतोष गाजियाबाद से रीवा एक्सप्रेस के कोच में सवार होकर प्रयागराज आ रहे थे, जहां 12 मार्च को मथुरा श्री कृष्ण जन्मभूमि मामले और स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद पर यौन शोषण के आरोपों से जुड़ी सुनवाई होनी है। आशुतोष के मुताबिक, हमलावर ने उन्हें सीधे कहा कि तुमने हमारे गुरु के खिलाफ केस लिखवाया, तुम्हें मार देंगे! हमलावर ने उनकी नाक काटने की भरपूर कोशिश की। आशुतोष ने तुरंत टॉयलेट में घुसकर दरवाजा बंद कर लिया और जान बचाई। इस दौरान उन्हें चेहरे और शरीर पर कई जगह गहरी चोटें आईं। लहूलुहान हालत में वे प्रयागराज पहुंचे और इलाज के लिए कॉल्विन अस्पताल में भर्ती हुए। फिलहाल उनकी हालत खतरे से बाहर बताई जा रही है।

पीएनबी धोखाधड़ी मामले में अनिल अंबानी के खिलाफ नया केस दर्ज

एजेंसी, नई दिल्ली। केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) ने पंजाब नेशनल बैंक (पीएनबी) की शिकायत पर रिलायंस कम्युनिकेशंस के प्रमुख अनिल अंबानी के खिलाफ 1,085 करोड़ रुपये की ऋण धोखाधड़ी और आपराधिक साजिश का एक नया मामला दर्ज किया है। यह कार्रवाई पीएनबी के मुख्य प्रबंधक संतोषकृष्ण अन्नावरपु की एक शिकायत के आधार पर की गई है। प्राथमिकी की प्रति के अनुसार, इसमें आरोप लगाया गया है कि वर्ष 2013 से 2017 के बीच अनिल अंबानी और रिलायंस कम्युनिकेशंस के तत्कालीन अधिकारियों ने कथित तौर पर पीएनबी के साथ 1,085 करोड़ रुपये की धोखाधड़ी की।

कार्रवाई — एनसीबी ने पैन इंडिया डार्कनेट ड्रग नेटवर्क 'टीम कल्कि' का किया भंडाफोड़

एलएसडी व एमडीएमए सहित बड़ी खेप बरामद

एजेंसी, नई दिल्ली। नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो (एनसीबी) ने बड़ी कार्रवाई करते हुए देशभर में फैले डार्कनेट आधारित मादक पदार्थ तस्करी नेटवर्क टीम कल्कि का भंडाफोड़ किया है। इस कार्रवाई में एलएसडी, एमडीएमए (एक्स्टेसी) गोलियां, लिक्विड एमडीएमए सहित कई नशीले पदार्थ जब्त किए गए हैं।

एनसीबी ने रविवार को एक बयान जारी कर बताया कि यह नेटवर्क जनवरी 2025 से डार्कनेट प्लेटफॉर्म और एन्क्रिप्टेड मैसेजिंग एप 'सेशन' के जरिए संचालित हो रहा था। पिछले तीन महीनों में प्राप्त खुफिया जानकारी के आधार पर एनसीबी ने नई दिल्ली में अभियान चलाकर इस नेटवर्क का पर्दाफाश किया।

कार्रवाई के दौरान अधिकारियों ने 2,338 एलएसडी ब्लॉटर्स, 160 एमडीएमए (एक्स्टेसी) गोलियां जिनका वजन 77.517 ग्राम है, 73.612 ग्राम चरस, 3.642 ग्राम एम्फेटामाइन तथा 3.6 किलोग्राम लिक्विड एमडीएमए बरामद किया। यह बरामदगी 13 घरेलू पार्सलों और नीदरलैंड से आए दो पार्सलों से की गई, जो इस नेटवर्क से जुड़े थे।

जांच में पता चला है कि डार्कनेट विक्रेता टीम कल्कि को अनुराग ठाकुर और उसका सहयोगी विकास राठी संचालित कर रहे थे। दोनों आरोपित आदतन अपराधी हैं और पहले भी नारकोटिक ड्रग्स एंड साइकोट्रॉपिक सब्सटेंस (एनडीपीएस) अधिनियम, 1985 के तहत मामलों में गिरफ्तार हो चुके हैं। विकास राठी को इससे पहले दिल्ली पुलिस की स्पेशल सेल द्वारा दर्ज चरस तस्करी के मामले में तिहाड़ जेल में रखा गया था, जबकि अनुराग ठाकुर दिल्ली पुलिस क्राइम ब्रांच द्वारा दर्ज मेथाम्फेटामाइन तस्करी मामले में जेल में था। दोनों एक ही समय तिहाड़ जेल में बंद थे, जहां उनकी पहचान हुई और बाद में उन्होंने मिलकर टीम कल्कि नाम से डार्कनेट ड्रग नेटवर्क शुरू किया। प्रारंभ में आरोपित डार्क वेब फोरम ड्रेड पर सक्रिय थे, जहां उनके विक्रेता खाते को चार-स्टार रेटिंग मिली हुई थी, जो बड़ी संख्या में सफल ऑर्डर पूरे होने का संकेत देती है। इसके बाद उन्होंने एन्क्रिप्टेड मैसेजिंग एप 'सेशन' के माध्यम से भी ऑर्डर लेने और आपूर्ति करने की व्यवस्था शुरू कर दी। प्रारंभिक जांच से पता चला है कि यह नेटवर्क देशभर में फैला हुआ था और कानून प्रवर्तन एजेंसियों से बचने के लिए अत्याधुनिक तरीकों का इस्तेमाल कर रहा था। आरोपितों द्वारा एलएसडी और एमडीएमए जैसे मादक पदार्थ नीदरलैंड, पोलैंड और जर्मनी में स्थित अंतरराष्ट्रीय डार्कनेट विक्रेताओं से मंगाए जाते थे। ग्राहकों से ऑर्डर मिलने के बाद एक आरोपित ऑर्डर की जानकारी अपने सहयोगी को देता था, जो मादक पदार्थों की पैकिंग और पार्सल भेजने का काम करता था। इसके बाद कूरियर और डाक सेवाओं के माध्यम से देश के विभिन्न हिस्सों में ग्राहकों तक पार्सल भेजे जाते थे। जांच में यह भी सामने आया है कि आरोपित डेड ड्रॉप नामक तकनीक का उपयोग करते थे, जिसमें नशीले पदार्थों से भरे पार्सल सीधे ग्राहक को देने के बजाय पहले से तय स्थानों पर रख दिए जाते थे और बाद में ग्राहकों को स्थान की जानकारी देकर उन्हें वहां से पार्सल लेने के लिए कहा जाता था। हालांकि यह तरीका दिल्ली के सीमित इलाकों में ही इस्तेमाल किया जाता था, जबकि देशभर में डिलीवरी के लिए स्पीड पोस्ट और अन्य कूरियर सेवाओं का इस्तेमाल किया जाता था। एनसीबी के अनुसार इस नेटवर्क की तरफ से जनवरी 2025 से अब तक एक हजार से अधिक पार्सल देशभर में भेजे जाने की आशंका है। जांच के दौरान आरोपितों से कई इलेक्ट्रॉनिक उपकरण बरामद किए गए हैं और इस ऑपरेशन से जुड़ा एक क्रिप्टोकरेंसी वॉलेट भी चिन्हित किया गया है। आरोपित भुगतान क्रिप्टोकरेंसी के माध्यम से लेते थे, जिसमें मोनेरो और यूएसडीटी जैसी डिजिटल मुद्राओं का इस्तेमाल किया जाता था। इन पैसों को कई मध्यवर्ती वॉलेट के माध्यम से घुमाकर अंततः कोल्ड वॉलेट में संग्रहित किया जाता था, जिससे लेन-देन की पहचान करना कठिन हो सके।

एनसीबी इस मामले में अन्य सहयोगियों की पहचान, वित्तीय लेनदेन का पता लगाने और अंतरराष्ट्रीय आपूर्ति श्रृंखला का खुलासा करने के लिए जांच जारी रखे हुए है।

एयर इंडिया 10 से 18 मार्च के बीच यूरोप, अमेरिका के लिए अतिरिक्त उड़ानों का करेगी संचालन

एजेंसी, नई दिल्ली।

टाटा समूह की विमान सेवा कंपनी एयर इंडिया ने बताया है कि वह यूरोप के छह शहरों और न्यूयॉर्क, कोलंबो और माले के लिए 10 से 18 मार्च के बीच 78 अतिरिक्त उड़ानों का संचालन करेगी।

एयरलाइंस ने रविवार को एक्सप्रेस विज्ञप्ति में बताया कि इन उड़ानों में 17,760 सीटें उपलब्ध होंगी। इनमें न्यूयॉर्क को छोड़कर अन्य सभी उड़ानों के लिए नियामकीय मंजूरियां प्राप्त हो गयी हैं।

मुंबई से लंदन के हिथ्रो हवाई अड्डे के लिए दो उड़ानें उपलब्ध होंगी। दिल्ली से न्यूयॉर्क के लिए तीन उड़ानें, लंदन हिथ्रो के लिए चार, फ्रैंकफर्ट के लिए आठ, एम्सटर्डम के लिए तीन, ज्यूरिख के लिए दो, माले के लिए नौ और कोलंबो के लिए आठ उड़ानें होंगी। दिल्ली से पेरिस की एकमात्र उड़ान 15 मार्च को उपलब्ध होगी।

यूरोपीय शहरों के लिए बी787-8 विमान का उपयोग किया जायेगा जबकि माले और कोलंबो के मार्गों पर ए320 निओ विमान का परिचालन होगा।

यदि दिल्ली से न्यूयॉर्क की उड़ान को मंजूरी मिल जाती है तो इस मार्ग पर बी777-300 ईआर विमान का परिचालन किया जायेगा।

अटल आवासीय विद्यालय में प्रवेश परीक्षा शांतिपूर्ण ढंग से सम्पन्न

गोण्डा, समृद्धि न्यूज।

उ0प्र0 भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण बोर्ड द्वारा संचालित अटल आवासीय विद्यालय, ग्राम सिसवा, तहसील मनकापुर, जनपद गोण्डा में शैक्षिक सत्र 2026-27 हेतु प्रवेश परीक्षा रविवार को शांतिपूर्ण ढंग से सम्पन्न हुई।

यह प्रवेश परीक्षा देवीपाटन मंडल के जनपद गोण्डा, बहराइच, बलरामपुर एवं श्रावस्ती के पंजीकृत निर्माण श्रमिकों के बच्चों, कोविड-19 के दौरान निराश्रित हुए बच्चों तथा मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना (सामान्य) के पात्र बच्चों के लिए आयोजित की गई।

- कक्षा 6-9 प्रवेश परीक्षा में 771 अभ्यर्थियों ने लिया हिस्सा
- देवीपाटन मंडल के चार जनपदों के छात्रों ने दी परीक्षा
- एडीएम आलोक कुमार के निर्देशन में सुचारु रूप से सम्पन्न हुई परीक्षा

विद्यालय में कक्षा 6 में कुल 160 सीटें (80 बालक एवं 80 बालिकाएं) तथा कक्षा 9 में कुल 61 सीटें (31 बालक एवं 30 बालिकाएं) उपलब्ध हैं। प्रवेश के लिए ऑफलाइन एवं ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किए गए थे। आयोजित परीक्षा में कक्षा 6 के लिए कुल 499 आवेदकों में से 490 छात्र-छात्राओं ने परीक्षा में प्रतिभाग किया, जबकि 9 अनुपस्थित रहे। वहीं कक्षा 9 के लिए कुल 281 अभ्यर्थियों ने परीक्षा दी।

जनपदवार आंकड़ों के अनुसार कक्षा 6 में गोण्डा से 288, बहराइच से 59, बलरामपुर से 70 तथा श्रावस्ती से 73 अभ्यर्थी उपस्थित रहे। वहीं कक्षा 9 में गोण्डा से 140, बहराइच से 58, बलरामपुर से 41 तथा श्रावस्ती से 42 अभ्यर्थियों ने परीक्षा में भाग लिया।

परीक्षा के दौरान प्रतिभागियों के लिए सूक्ष्म जलपान, सुरक्षा तथा त्वरित चिकित्सीय सहायता की समुचित व्यवस्था प्रशासन द्वारा सुनिश्चित की गई। नोडल अधिकारी आलोक कुमार, अपर जिलाधिकारी (वित्त एवं राजस्व) गोण्डा के निर्देशन में परीक्षा कार्यक्रम सुगमता एवं शांतिपूर्ण वातावरण में सम्पन्न कराया गया।

वन्दना बनीं क्षेत्रीय रेल सलाहकार

गोंडा, समृद्धि न्यूज। नगर क्षेत्र साहिबगंज की निवासी वंदना श्रीवास्तव पत्नी उमेश श्रीवास्तव समाजसेवी को गोण्डा जंक्शन रेलवे स्टेशन सलाहकार समिति का सदस्य मनोनीत किए जाने की सूचना मिलते ही नगर क्षेत्र के तमाम समाजसेवी, अधिवक्ता, व मित्रगणों ने वंदना को दिया ढेरों शुभकामनाएं। बताते चलें की पूर्वोत्तर रेल महाप्रबंधक द्वारा गोंडा रेलवे स्टेशन के परामर्शदात्री समिति का चयन करते हुए वंदना श्रीवास्तव को गोंडा रेलवे स्टेशन परामर्श दात्री के पद पर किया मनोनीत जिसे सुनते ही अनु, राजकुमार, अतुल, विनय, पीयूष ,शैलेंद्र सक्सेना, अनिल श्रीवास्तव, मोहित श्रीवास्तव, जुगनू ,पवन पाठक, अरुण पाठक समेत दर्ज़नों महिलाओं, समाजसेवियों, कार्यकर्ताओं एवं शुभचिंतकों ने हर्ष व्यक्त करते हुए रेलवे से संबंधित सभी अधिकारियों को धन्यवाद देते हुए आभार प्रकट किया है।

अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर एलबीएस पीजी कॉलेज में पिंक रोजगार मेला आयोजित

गोण्डा, समृद्धि न्यूज।

अन्तर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर श्री लाल बहादुर शास्त्री डिग्री कॉलेज गोण्डा में पिंक रोजगार/स्वरोजगार मेला का आयोजन किया गया। मेले का उद्घाटन महाविद्यालय प्रबंध समिति की उपाध्यक्ष सुश्री वर्षा सिंह द्वारा माँ सरस्वती जी के चित्र पर माल्यार्पण तथा दीप प्रज्वलित कर किया गया।

अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस की अवसर पर आयोजित पिंक रोजगार मेले में कुल 6 कंपनियों (पुखराज हेल्थ केयर लिमिटेड, सिसका एलईडी, याजिकी प्राइवेट लिमिटेड, हैवेल्स टाटा मैं पावर ब्राइट फ्यूचर ऑर्गेनिक हर्बल) द्वारा प्रतिभाग किया गया।

जिसमें कुल 298 छात्राओं में से 148 को शॉर्ट लिस्ट करते हुए 28 को

मौके पर नियुक्ति पत्र दिए गए। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि अपर जिलाधिकारी आलोक कुमार, कॉलेज प्राचार्य वीपी सिंह, सहायक निदेशक सेवायोजन राजीव सिंह, जिला प्रोबेशन अधिकारी संतोष कुमार सोनी, प्लेसमेंट ऑफिसर डॉ मनोज मिश्रा, जिला सेवायोजन अधिकारी गुलाब मौर्य सहित अन्य सभी संबंधित अधिकारीगण उपस्थित रहे।

खबरें एक नजर में

बहला-फुसलाकर किशोरी को भगाने वाला आरोपी चढ़ा पुलिस के हत्थे

मिहींपुरवा, बहराइच समृद्धि न्यूज। मोतीपुर पुलिस ने अपहरण व पॉक्सो एक्ट से जुड़े सनसनीखेज मामले में फरार चल रहे आरोपी को आखिरकार दबोच लिया। कई महीनों से पुलिस को चकमा दे रहा आरोपी रविवार को जालिमनगर पुल के पास से गिरफ्तार कर लिया गया। पुलिस ने उसे न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया है। थानाध्यक्ष मोतीपुर आनंद कुमार चौरसिया के नेतृत्व में चलाए गए अभियान के दौरान पुलिस टीम ने विजय कुमार उर्फ विजय बाबू (19) पुत्र पटवारी निवासी रायपुर कमना, थाना ईसानगर, जनपद लखीमपुर खीरी को गिरफ्तार किया। आरोपी थाना मोतीपुर में दर्ज मुकदमा अपराध संख्या 565/2025 में वांछित चल रहा था। पुलिस के मुताबिक सात दिसंबर 2025 को ग्राम पकरिया दिवान की एक किशोरी को आरोपी बहला-फुसलाकर अपने साथ भगा ले गया था। घटना के बाद पीड़िता की मां की तहरीर पर थाना मोतीपुर में अपहरण का मुकदमा दर्ज किया गया था। मामले की जांच के दौरान गंभीरता को देखते हुए धारा 87/65(1) बीएनएस और पॉक्सो एक्ट की धारा 5एल/6 भी बढ़ाई गई थी। पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर अपराधियों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत अपर पुलिस अधीक्षक (ग्रामीण) दुर्गा प्रसाद तिवारी व क्षेत्राधिकारी मिहींपुरवा प्रद्युम्न सिंह के निर्देशन में पुलिस टीम लगातार आरोपी की तलाश में जुटी थी। आखिरकार रविवार को मुखबिर की सूचना पर जालिमनगर पुल के पास घेराबंदी कर आरोपी को पकड़ लिया गया। गिरफ्तारी करने वाली टीम में उपनिरीक्षक शोभनाथ यादव और कांस्टेबल शिव मोहन सिंह शामिल रहे। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया, जहां से उसे जेल भेज दिया गया।

अवैध निर्माण पर कार्रवाई, 14 भवन निर्माताओं को नोटिस, कृषि भूमि पर हो रहा था निर्माण

बहराइच, समृद्धि न्यूज। जिले के देहात कोतवाली क्षेत्र के सिसई हैदर में कृषि भूमि पर अवैध प्लाटिंग और बिना नक्शा पास कराए भवनों के निर्माण पर कार्रवाई की गई है। जिलाधिकारी के निर्देश पर नगर मजिस्ट्रेट ने 14 अवैध भवन निर्माताओं को नोटिस जारी किया है। यह कार्रवाई उन भवनों के खिलाफ की जा रही है, जिनका निर्माण कृषि भूमि पर प्लाटिंग करके बिना आवश्यक नक्शा पास कराए किया जा रहा था। प्रशासन ने ऐसे अतिक्रमण को हटाने का निर्णय लिया है। नगर मजिस्ट्रेट राजेश ने बताया कि जिलाधिकारी अक्षय त्रिपाठी ने अवैध भवन निर्माण और प्लाटिंग की जांच के निर्देश दिए थे। जांच के दौरान नगर के सिसई हैदर इलाके में 14 भवन बिना नक्शा पास कराए निर्माणाधीन पाए गए। सभी भवन निर्माताओं को नोटिस जारी कर भूमि का बैनामा और अन्य संबंधित दस्तावेज मांगे गए हैं। नगर मजिस्ट्रेट ने स्पष्ट किया कि यदि अवैध भूमि पर निर्माण पाया जाता है, तो बुलडोजर से ध्वस्तीकरण की कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने यह भी बताया कि यदि भूमि की खरीद-बिक्री सही पाई जाती है और सभी दस्तावेज वैध होते हैं, तो नियमानुसार नक्शा पास किया जाएगा। नगर मजिस्ट्रेट ने विभागीय अवर अभियंता और स्थानीय पुलिस को निर्देश दिए हैं कि वे मौके पर जाकर नक्शा और भूमि के प्रपत्रों की मांग करें। यदि दस्तावेज प्रस्तुत नहीं किए जाते हैं, तो निर्माण कार्य को तत्काल रुकवाकर सूचित करें।

कश्यप समाज ने प्रहलाद गांव में किया होली मिलन समारोह का आयोजन

बहराइच, समृद्धि न्यूज। नानपारा में वीर एकलव्य निषाद चेतना संस्थान के तत्वावधान में कश्यप समाज द्वारा प्रहलाद गांव में रविवार दोपहर दो बजे होली मिलन समारोह आयोजित किया गया। पूर्व सांसद अक्षय लाल गौड़ ने मुख्य अतिथि के रूप में मां सरस्वती की प्रतिमा पर दीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इस अवसर पर पूर्व सांसद अक्षय लाल गौड़ ने कहा कि हमारे संबंध धार्मिक, सांस्कृतिक और सामाजिक हैं। ये संबंध सरकारों के बजाय पारिवारिक होते हैं।समारोह में उपस्थित अतिथियों ने फूलों की होली खेलकर आपसी सौहार्द का संदेश दिया। सभी ने एक-दूसरे को होली की शुभकामनाएं दीं और विद्यालय की वर्तमान व प्रस्तावित सुविधाओं के बारे में जानकारी साझा की।इस होली मिलन समारोह में निवर्तमान सांसद बहराइच अक्षयवर लाल गौड़, मंडल अध्यक्ष रुपईडीहा महराजदीन वर्मा, मंडल महामंत्री रुपईडीहा योगेश चंद्र पाण्डेय, चंद्र प्रकाश मिश्र, मंडल उपाध्यक्ष राजकुमार गुप्ता, मंडल मंत्री संजय वर्मा, मंडल महामंत्री युवा मोर्चा पंकज कश्यप, रतन अग्रवाल, देवेंद्र पाठक और राजेंद्र कुमार सिंह सहित कई क्षेत्रीय जनप्रतिनिधि व गणमान्य समाजसेवी उपस्थित रहे।

होली का पर्व आपसी प्रेम, भाईचारे व सामाजिक एकता का प्रतीक : विनोद कुमार शुक्ला

गोंडा, समृद्धि न्यूज। गोण्डा कटरा विधानसभा क्षेत्र के पूर्व प्रत्याशी व समाजवादी पार्टी के वरिष्ठ नेता विनोद कुमार शुक्ला द्वारा अपने निजी आवास ग्राम बरुई गोंदहा, विकासखंड कटरा बाजार में भव्य होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में समाजवादी पार्टी के नेताओं, कार्यकर्ताओं और क्षेत्र के गणमान्य नागरिकों की भारी उपस्थिति रही। सभी ने एक-दूसरे को गुलाल लगाकर होली की शुभकामनाएं दीं और आपसी भाईचारे व सौहार्द का संदेश दिया।

समारोह में मुख्य रूप से लोकसभा कैसरगंज पूर्व प्रत्याशी भगत राम मिश्रा, पूर्व मंत्री योगेश प्रताप सिंह, पूर्व विधायक बैजनाथ दुबे, पूर्व विधानसभा प्रत्याशी मसूद आलम खान, प्रतिभा सिंह। हनुमंत लाल मिश्रा, दीपक मिश्रा, महेश पांडे, ओंकार दास, अरशद हुसैन, दिलीप शुक्ला, राज शुक्ला, रजनीश शुक्ला, विनय शुक्ला सहित बड़ी संख्या में पार्टी

कार्यकर्ता उपस्थित रहे। इस अवसर पर कटरा विधानसभा पूर्व प्रत्याशी विनोद कुमार शुक्ला ने कहा कि होली का पर्व आपसी प्रेम, भाईचारे और सामाजिक एकता का प्रतीक है। ऐसे आयोजन समाज में सौहार्द को मजबूत करते हैं और लोगों को एक साथ जोड़ने का कार्य करते हैं। उन्होंने कार्यकर्ताओं से अपील कि क्षेत्र में पार्टी की नीतियों और जनहित के मुद्दों को लोगों तक पहुंचाएं। पूरे आयोजन के दौरान उत्साह और उल्लास का माहौल रहा तथा क्षेत्र के हजारों से अधिक लोग इस होली मिलन समारोह में शामिल रहे।

तिलक लगाने पर छात्र को शिक्षिका ने रॉड से पीटा

- शरीर पर पड़े नीले निशान, पिता बोले- अधिकारी बना रहे हैं दबाव

बहराइच, समृद्धि न्यूज।

तेजवापुर ब्लॉक के मटेरिया गांव स्थित प्राथमिक विद्यालय में एक छात्र की बेरहमी से पिटाई का मामला सामने आया है। आरोप है कि स्कूल की शिक्षिका आयशा खातून ने कक्षा 5 के छात्र रमन को लोहे की रॉड से पीट दिया। पिटाई के बाद बच्चे के शरीर पर कई जगह नीले निशान उभर आए हैं। पीड़ित छात्र के पिता संजय गुप्ता ने आरोप लगाया है कि शिक्षिका ने न केवल बच्चे के साथ शारीरिक हिंसा की, बल्कि धार्मिक प्रतीकों को लेकर

नवरात्रि व हिंदू त्योहारों के समय बढ़ता है विवाद

परिजनों का कहना है कि नवरात्रि और अन्य हिंदू त्योहारों के दौरान धार्मिक प्रतीकों को लेकर शिक्षिका का रवैया और सख्त हो जाता है। उनका आरोप है कि शिक्षा के मंदिर में धर्म के आधार पर बच्चों को डराने और प्रताड़ित करने का माहौल बनाया जा रहा है।

भी आपत्तिजनक व्यवहार करती हैं। उनके मुताबिक, शिक्षिका उन बच्चों को डांटती और प्रताड़ित करती हैं जो माथे पर चंदन या तिलक लगाकर विद्यालय आते हैं।

बीईओ ने जांच की कही बात:- ब्लॉक शिक्षा अधिकारी रंजीत कुमार ने मामले की पुष्टि करते हुए कहा कि पूरे मामले की जांच कराई जाएगी और जांच रिपोर्ट के आधार पर कार्रवाई की जाएगी।

छात्र ने स्कूल जाने से किया इनकार:- घटना के बाद छात्र रमन मानसिक रूप से काफी डरा हुआ है। परिजनों के मुताबिक लोहे की रॉड से हुई पिटाई और मानसिक प्रताड़ना के कारण उसने फिलहाल स्कूल जाने से इनकार कर दिया है। परिवार ने प्रशासन से निष्पक्ष जांच कर दोषी के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है।

मामले को दबाने व जबरन सुलह का आरोप

घटना के बाद शिक्षा विभाग की भूमिका पर भी सवाल उठ रहे हैं। पीड़ित परिवार का आरोप है कि जहां अधिकारियों को तुरंत सख्त कार्रवाई करनी चाहिए थी, वहीं देर शाम तक कुछ अधिकारी और शिक्षक उन्हें समझौते के लिए दबाव बनाते रहे। परिवार का कहना है कि भारी दबाव के चलते उन्हें सुलह के कागजों पर हस्ताक्षर करने पड़े।

समृद्धि न्यूज़ की खबर का असर | मिहींपुरवा में सड़क हुई दुरुस्त

- ठेकेदार ने तुरंत कराया सुधार कार्य

मिहींपुरवा, बहराइच समृद्धि न्यूज।

ग्राम पंचायत गूढ़ छावनी में लोक निर्माण विभाग (पीडब्ल्यूडी) द्वारा बनाई गई करीब 700 मीटर लंबी पीसी सड़क को लेकर उठे सवालों के बाद अब स्थिति पूरी तरह सामान्य हो गई है। सड़क की गुणवत्ता को लेकर सामने आई शिकायतों को समृद्धि न्यूज़ दैनिक समाचार पत्र ने प्रमुखता से प्रकाशित किया था, जिसके बाद विभागीय अधिकारियों और ठेकेदार ने मामले को गंभीरता से लेते हुए तत्काल सुधार कार्य कराया। खबर प्रकाशित होने के बाद जिलाधिकारी अक्षय त्रिपाठी, पीडब्ल्यूडी के अभियंता प्रदीप कुमार और जेई ब्रजेश कुमार द्वारा प्रकरण का संज्ञान लिया गया। इसके बाद ठेकेदार ने मौके पर पहुंचकर जिन स्थानों पर

सड़क की ऊपरी डामर परत में समस्या दिखाई दे रही थी, वहां तुरंत मरम्मत कार्य शुरू कराया और सड़क को दुरुस्त कर दिया। ग्रामीणों के अनुसार शुरुआत में सड़क की ऊपरी परत (स्थानीय भाषा में काला जीरा) कुछ स्थानों पर उखड़ती दिखाई दी थी, जिससे लोगों में चिंता उत्पन्न हुई थी। लेकिन मामला सामने आने के बाद ठेकेदार ने जिम्मेदारी दिखाते हुए तत्काल सुधार कार्य कराया। ठेकेदार का कहना है कि निर्माण के समय शीतकालीन मौसम और सड़क किनारे पेड़ों के कारण कुछ जगह डामर की पकड़ कमजोर रह गई थी, लेकिन अब मरम्मत कार्य कराकर सड़क को पूरी तरह ठीक कर दिया गया है। ग्रामीणों ने बताया कि अब सड़क पहले से बेहतर और मजबूत स्थिति में है तथा आवागमन पूरी तरह सुगम हो गया है। लोगों का कहना है कि समृद्धि न्यूज़ में खबर प्रकाशित होने के बाद प्रशासन और ठेकेदार दोनों ने सक्रियता दिखाते हुए समस्या का समाधान कराया, जिससे गांव के लोगों को बड़ी राहत मिली है। स्थानीय ग्रामीणों ने उम्मीद जताई है कि भविष्य में भी विकास कार्यों में गुणवत्ता और जवाबदेही इसी तरह बनी रहेगी, ताकि गांवों में हो रहे निर्माण कार्य लंबे समय तक टिकाऊ साबित हों।

महिला दिवस पखवाड़ा व होली मिलन समारोह आयोजित

- 11 मार्च को आयोजित होगा भव्य सम्मेलन व विशाल रैली

बहराइच, समृद्धि न्यूज। भखरौली कनपुरवा में अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर नारी संघ तथा अपराजिता के संयुक्त तत्वावधान में महिला दिवस पखवाड़ा एवं होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। रविवार को आयोजित इस कार्यक्रम में बड़ी संख्या में महिलाओं और किशोरियों ने उत्साहपूर्वक प्रतिभाग किया।पिछले एक सप्ताह से नारी संघ तथा अपराजिता द्वारा महिला दिवस पखवाड़ा मनाया जा रहा है, जिसके अंतर्गत विभिन्न बैठकों और कार्यक्रमों के माध्यम से महिलाओं से जुड़े सामाजिक मुद्दों पर चर्चा की जा रही है। इन बैठकों में महिलाओं के अधिकार, शिक्षा, आत्मनिर्भरता तथा समाज में उनकी भूमिका जैसे विषयों पर विचार-विमर्श किया जा रहा है।नारी संघ तथा अपराजिता द्वारा प्रत्येक वर्ष 8 मार्च को महिलाओं का भव्य सम्मेलन और विशाल रैली आयोजित की जाती

है। किन्तु इस वर्ष होली का पर्व महिला दिवस से पूर्व पड़ने के कारण अधिकांश महिलाएं अपने मायके गई हुई हैं, इसलिए कार्यक्रम में अधिक से अधिक महिलाओं की भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए इस बार भव्य सम्मेलन और विशाल रैली के लिए 11 मार्च को एसआर लॉन कैसरगंज मे होना निर्धारित है। उसी दिन महिला दिवस पखवाड़ा का समापन किया जाएगा। तब तक यह पखवाड़ा विभिन्न मुद्दों पर जागरूकता हेतु नारी संघ के माध्यम से चलता रहेगा। संस्था की सचिव किरण बैस ने बताया कि महिला दिवस केवल एक दिन का उत्सव नहीं है, बल्कि यह महिलाओं के सम्मान, अधिकार और सशक्तिकरण का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि समाज में महिलाओं को समान अवसर और सम्मान मिलना चाहिए। अपराजिता हर महिला के साथ कदम से कदम मिलकर हर वक्त खड़ा है। आज आयोजित होली मिलन समारोह में महिलाओं और किशोरियों ने एक-दूसरे को गुलाल लगाकर शुभकामनाएं दीं तथा आपसी सौहार्द और एकता का संदेश दिया। कार्यक्रम में नारी संघ तथा अपराजिता की विभिन्न कार्यकर्ताएं भी उपस्थित रहीं और सभी ने महिला सशक्तिकरण एवं सामाजिक जागरूकता से जुड़े विषयों पर अपने विचार व्यक्त किए। कार्यक्रम का वातावरण उत्साह और उल्लास से भरपूर रहा।

क्षत्रिय समाज के लोग होते हैं रक्षक : पूर्व विधायक

बहराइच, समृद्धि न्यूज।

अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा ने शनिवार को स्व. सुखदराज सिंह क्षत्रिय भवन हनुमानपूरी कालोनी में होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया।जिसमे काफी संख्या में जनपद के क्षत्रिय समाज के लोग उपस्थित रहे।

सर्वप्रथम कार्यक्रम की शुरूआत भगवान श्री राम जी एवं वीर शिरोमणि महाराणा प्रताप जी की चित्र पर माल्यार्पण कर किया गया। उपस्थित लोगों ने एक-दूसरे को अबीर व गुलाल लगाकर होली की बधाई देते हुए समाज को आगे बढ़ाने की बात कही। कार्यक्रम का संचालन उत्तराधिकारी चहलारी नरेश आदित्य भान सिंह व अध्यक्षता जिलाध्यक्ष डॉ जितेंद्र सिंह ने की। इस मौके पर

- अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा का होली मिलन समारोह आयोजित

कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे जिलाध्यक्ष ने सभी को होली की बधाई दी। उसके बाद सभी लोगों ने क्षत्रिय समाज को आगे बढ़ाने के लिए अपने-अपने सुझाव पेश किए। महासभा के सरंक्षक पूर्व विधायक राम अचल सिंह सेंगर ने कहा कि क्षत्रिय समाज के लोग रक्षक होते हैं। आज के दौर में संगठित होकर रहने पर किसी की रक्षा की जा सकती है। ब्लॉक प्रमुख अजीत प्रताप सिंह ने कहा कि युवाओं को समाज के महापुरुषों से प्रेरणा लेकर समाज के उत्थान का कार्य करना चाहिए साथ ही संगठित होकर नई ऊंचाई हासिल करनी चाहिए।सभासद आशीष सिंह ने कहा की समाज की कुरीतियों को दूर करने व अपने बच्चों को उच्च शिक्षा दिलाने के लिए पहल करने का आह्वान किया। होली मिलन के दौरान समाज के एडवोकेट धनंजय सिंह, कपिल सिंह, अनिल सिंह, पुष्पेंद्र कुमार सिंह, संजय सिंह, नर बहादुर सिंह, शौर्य पालीवाल, विवेक प्रताप सिंह, विशाल सिंह, अंकित सिंह, सहित लोग उपस्थित रहे।

सीएमओ ने महिलाओं को किया सम्मानित

बहराइच, समृद्धि न्यूज। अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर रविवार को बहराइच के प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र मटेरा में एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. संजय कुमार शर्मा मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद रहे। कार्यक्रम के दौरान डॉ. शर्मा ने लाभार्थी महिलाओं को आयुष्मान गोल्डन कार्ड वितरित किए। इसके साथ ही, समाज के लिए स्वास्थ्य के संबंध में उत्कृष्ट कार्य करने वाली ग्रामीण महिलाओं को भी पुरस्कृत कर सम्मानित किया गया। मुख्य अतिथि डॉ. संजय कुमार शर्मा ने अपने संबोधन में कहा कि विभाग की ओर से सरकार द्वारा संचालित स्वास्थ्य कार्यक्रमों में महिलाओं को प्राथमिकता मिलती है। अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर यह पहल इसी क्रम का हिस्सा है। इस अवसर पर डॉ. मायाराम वर्मा, बीसीपीएम वीरेंद्र वर्मा सहित समस्त स्टाफ उपस्थित रहा।

आपत्तिजनक टिप्पणी के विरोध में भाजपा ने किया उग्र प्रदर्शन

बलरामपुर, समृद्धि न्यूज।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की माता के खिलाफ कथित आपत्तिजनक टिप्पणी के विरोध में भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं ने रविवार को जोरदार प्रदर्शन किया और पुतला दहन कर अपना आक्रोश व्यक्त किया।

भाजपा जिला अध्यक्ष रवि कुमार मिश्र के नेतृत्व में बड़ी संख्या में कार्यकर्ता भाजपा कार्यालय पर एकत्रित हुए। इसके बाद सभी कार्यकर्ता जुलूस के रूप में शहर के वीर विनय चौराहे पहुंचे,जहां नारेबाजी करते हुए बिहार के मौलाना अब्दुल सलीम के खिलाफ प्रदर्शन किया गया और उनका पुतला फूंका गया।

इस दौरान उपस्थित कार्यकर्ताओं ने कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की माता के खिलाफ की गई टिप्पणी अत्यंत निंदनीय और अस्वीकार्य है। उन्होंने कहा कि ऐसी अमर्यादित भाषा का समाज में कोई स्थान नहीं है और इस तरह के बयान देने वालों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई होनी चाहिए।

प्रदर्शन के दौरान सदर विधायक पल्टूराम ने कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ न केवल प्रदेश के मुखिया हैं बल्कि गोरक्षपीठ के पीठाधीश्वर भी हैं। उनकी माता के खिलाफ की गई टिप्पणी पूरे समाज और प्रदेश की भावनाओं को आहत करने वाली है। उन्होंने कहा कि भाजपा कार्यकर्ता इस तरह की अभद्र और अनर्गल टिप्पणी को किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं करेंगे।

भाजपा नेताओं ने प्रशासन से मांग की कि संबंधित व्यक्ति के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की जाए, ताकि भविष्य में कोई भी व्यक्ति इस तरह की अमर्यादित टिप्पणी करने की हिम्मत न कर सके।सभी राजनैतिक दलों ने इस कृत्य की निन्दा नही किया

इस अवसर पर बड़ी संख्या में भाजपा पदाधिकारी और कार्यकर्ता मौजूद रहे। उन्होंने नारेबाजी करते हुए विरोध दर्ज कराया और चेतावनी दी कि यदि दोषियों के खिलाफ कार्रवाई नहीं हुई तो आंदोलन और तेज किया जाएगा। उक्त अवसर पर तुलसीपुर विधायक कैलाश नाथ शुक्ल, गैसड़ी के निवर्तमान विधायक शैलेष कुमार सिंह शैलू, पूर्व अध्यक्ष चन्द्र प्रकाश सिंह गुड्डू, ब्लाक प्रमुख महिपाल चौधरी डीपी सिंह बैस, वरुण सिंह मोनू,डा अजय सिंह पिंकू, अवधेश तिवारी तरुण,संदीप वर्मा, अवधेश पाण्डेय, प्रभात सिंह शैलेंद्र सिंह संदीप उपाध्याय, राकेश गुप्ता राकेश कश्यप अमन बंसल रजनीश पांडे आदित्य कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

नाबालिग से दुष्कर्म का आरोपी गिरफ्तार

उतरौला (बलरामपुर), समृद्धि न्यूज।

गैंडास बुजुर्ग थाना क्षेत्र में नाबालिग लड़की से दुष्कर्म के मामले में पुलिस ने आरोपी रफीउद्दीन को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी के खिलाफ थाना गैंडास बुजुर्ग में मुकदमा दर्ज किया गया था।

पुलिस अधीक्षक बलरामपुर श्री विकास कुमार के निर्देशन में अपर पुलिस अधीक्षक श्री विशाल पाण्डेय और क्षेत्राधिकारी उतरौला श्री राघवेन्द्र सिंह के पर्यवेक्षण में थाना प्रभारी श्री राजीव कुमार मिश्र के नेतृत्व में पुलिस टीम ने मुखबिर की सूचना पर आरोपी

को गिरफ्तार किया। गिरफ्तार आरोपी रफीउद्दीन पुत्र बिस्मिल्लाह निवासी ग्राम जिगनाघाट थाना गैंडास बुजुर्ग के खिलाफ धारा 65(1)/ 351(3) /352 बी.एन.एस. व ङ पाक्सो एक्ट के तहत मामला दर्ज किया गया था। पुलिस ने आवश्यक वैधानिक कार्यवाही के बाद आरोपी को न्यायालय में पेश किया।

बहू-बेटी सम्मेलन में महिलाओं को किया गया जागरूक

सादुल्लानगर/बलरामपुर, समृद्धि न्यूज। थाना सादुल्लानगर क्षेत्र के ग्राम परसिया में मिशन शक्ति अभियान के तहत एंटी रोमियो टीम द्वारा बहू-बेटी सम्मेलन का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का नेतृत्व थाना प्रभारी सत्येंद्र कुमार वर्मा ने किया।

सम्मेलन में उपस्थित महिलाओं को मिशन शक्ति के अंतर्गत संचालित विभिन्न सरकारी योजनाओं की जानकारी दी गई। इसमें कन्या सुमंगला योजना, वृद्धा पेंशन योजना, विधवा पेंशन योजना तथा मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना समेत अन्य योजनाओं के बारे में विस्तार से बताया गया। साथ ही महिला अपराध, महिला हिंसा और लैंगिक उत्पीड़न जैसे मामलों से बचाव तथा उनके विरुद्ध कार्रवाई के तरीकों की जानकारी दी गई।

पुलिस टीम ने महिलाओं को साइबर अपराधों के

प्रति भी जागरूक करते हुए ओटीपी शेयरिंग, लकी ड्रॉ फ्रॉड कॉल, स्मार्ट एडिटिंग वीडियो कॉल, बैंकिंग फ्रॉड व पेंशन धोखाधड़ी से सतर्क रहने की सलाह दी। इसके अलावा 1090, यूपी आपातकालीन सेवा 112, एंबुलेंस सेवा 102/108, महिला हेल्पलाइन 181, साइबर हेल्पलाइन 1930/155260 तथा मुख्यमंत्री हेल्पलाइन 1076 के बारे में जानकारी दी गई। कार्यक्रम में मादक पदार्थों के सेवन से होने वाले दुष्परिणाम, यातायात नियमों का पालन, बाल विवाह व दहेज प्रथा जैसी सामाजिक कुरीतियों के खिलाफ भी जागरूक किया गया। महिलाओं को थाने पर स्थापित मिशन शक्ति केंद्र और परिवार परामर्श केंद्र की जानकारी देते हुए सुगम कानूनी सहायता व शिक्षा के प्रति प्रेरित किया गया।

इस दौरान बहू, बेटी और सास सहित सभी महिलाओं को परिवार में आपसी सामंजस्य बनाए रखने तथा घरेलू विषयों पर आपस में संवाद करने के लिए भी प्रेरित किया गया। उपस्थित महिलाओं व बालिकाओं ने कार्यक्रम में बढ़-चढ़कर भाग लिया और अपनी राय भी रखी।

कार्यक्रम में महिला उपनिरीक्षक तेजल पटेल, महिला आरक्षी पूजा चौधरी, महिला आरक्षी शिवांगी भार्गव सहित अन्य पुलिसकर्मी मौजूद रहे।

महिला सशक्तिकरण की राह पर उत्तर प्रदेश : केशव

लखनऊ, समृद्धि न्यूज।

- डिप्टी सीएम ने लाभार्थियों को वितरित की सहायता राशि
- स्वयं सहायता समूहों को 5.69 करोड़ की सहायता, आवास योजना के लाभार्थियों को भी मिला लाभ

उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने बाबू सिंह डिग्री कॉलेज मैदान सयारा में कौशाम्बी मे मुख्य अतिथि के रूप मे प्रतिभाग करते हुये सरस महोत्सव का निरीक्षण किया। उप मुख्यमंत्री ने मुख्यमंत्री आवास योजना ग्रामीण के 137 लाभार्थियों निराश्रित महिला व दिव्यांगजन आदि को एक करोड़ 64 लाख 40 हजार का डमी चेक, स्वीकृति पत्र प्रदान किया।

वृद्धावस्था पेंशन के लाभार्थियों को स्वीकृति पत्र एवं मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना की लाभार्थियों-सलोनी कुशवाहा व सपना यादव को हाईस्कूल की परीक्षा में 80 प्रतिशत से अधिक अंक हासिल करने पर सम्मानित किया तथा मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना की लाभार्थियों आनवी मौर्य व शिवांशी पाल एवं निराश्रित महिला पेंशन की लाभार्थियों मोना देवी व निराशा देवी को स्वीकृति पत्र प्रदान किया।

उन्होंने मुख्यमंत्री माटीकला रोजगार योजना के लाभार्थी विजय प्रकाश प्रजापति को 10 लाख रुपये ऋण का डमी चेक, मुख्यमंत्री ग्रामोद्योग रोजगार

योजना के लाभार्थी विजय सिंह यादव को 10 लाख ऋण का डमी चेक एवं प्रधानमंत्री रोजगार सृजन योजना के लाभार्थी विमल दिवाकर को 10 लाख ऋण का डमी चेक प्रदान किया। उन्होंने स्वयं सहायता समूह की महिलाओं को रिवाल्विंग फण्ड के रूप में 63 लाख 90 हजार की धनराशि का डमी चेक एवं सामुदायिक निवेश निधि के रूप में 5 करोड़ 5 लाख 50 हजार का डमी चेक प्रदान किया। स्वयं सहायता समूह की ई-रिक्शा चालक महिलाओ को हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया।

उन्होंने दिव्यांगजनों-छोटेलाल, हरिश्चन्द्र, शारदा प्रसाद, गुलाब सिंह व सीमा देवी को ट्राई साइकिल एवं अन्य दिव्यांगजनों को सहायक उपकरण प्रदान किया। उन्होंने सीएम युवा उद्यमी योजना के लाभार्थियों-विनोद सेन, प्रवीण कुमार, पुनीत कुमार, राजाराम व अहमद को डमी चेक प्रदान किया। पीएमएफएमई योजना के लाभार्थियों को डमी चेक व डीआरपी श्याम नारायण यादव को प्रशस्ति-पत्र प्रदान कर सम्मानित किया। उन्होंने 23 दिव्यांगजनों को दिव्यांगता प्रमाण-पत्र एवं आयुष्मान भारत योजना के लाभार्थियों को आयुष्मान कार्ड प्रदान किया। उन्होंने पीएम किसान सम्मान निधि योजना व पीएम कुसुम योजना के लाभार्थियों को स्वीकृति पत्र व फार्मर रजिस्ट्री योजना के लाभार्थियों को प्रमाण-पत्र प्रदान किया।

अन्तर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर उत्कृष्ट कार्य करने वाली महिला कार्मिकों मुख्य सेविकाओं, आँगनबाड़ी कार्यकत्रियों, स्वयं सहायता समूह की महिलाओं, शिक्षिकाओं, विद्युत सखी एवं ड्रोन सखी को प्रशस्ति-पत्र प्रदान कर सम्मानित किया। जनपद का नाम रोशन करने वाली बेटियों को स्मृति चिन्ह प्रदान कर सम्मानित किया। इस अवसर पर श्री मौर्य ने कहा यूपी महिला सशक्तिकरण की राह पर अग्रसर है।

ऊर्जा मंत्री ने रिश्वतखोरी के वायरल वीडियो का लिया संज्ञान, संविदाकर्मी बर्खास्त, जेई को चार्जशीट

लखनऊ, समृद्धि न्यूज।

विद्युत चोरी के एक प्रकरण में अवैध धन की मांग से संबंधित वीडियो वायरल होने के मामले को गंभीरता से लेते हुए प्रदेश के नगर विकास एवं ऊर्जा मंत्री एके शर्मा ने संज्ञान लिया और अधीक्षण अभियंता को पूरे मामले की जांच कर कार्रवाई करने के निर्देश दिए।

प्राप्त जानकारी के अनुसार 11फरवरी को समय 2.40 से 2.50 बजे अपरान्ह के बीच सूचना मिलने पर मऊ के ग्राम रकौली में विद्युत विभाग की टीम द्वारा चेकिंग की गई। चेकिंग के दौरान फेकू यादव को बिना किसी स्वीकृत विद्युत संयोजन के निजी नलकूप संचालित करते पाया

गया। विभाग द्वारा कार्रवाई करते हुए 12 फरवरी को समय 12.02 बजे एंटी पावर थेफ्ट थाना में उनके विरुद्ध विद्युत चोरी का मुकदमा पंजीकृत कराया गया। 13 फरवरी को फेकू यादव ग्राम रकौली ने संविदाकर्मी लाइनमैन यशवंत कुमार उर्फटुनटुन के घर जाकर वार्ता की जिसकी रिकॉर्डिंग सोशल मीडिया पर वायरल हुई। वायरल वीडियो में लेनदेन की बात सामने आने के बाद ऊर्जा मंत्री एके शर्मा ने मामले की जांच कराने के निर्देश दिए। अधीक्षण अभियंता द्वारा कराई गई जांच में पाया गया कि प्रकरण में विद्युत वितरण खंड मऊ के अंतर्गत 33/11 केवी विद्युत उपकेंद्र कोटवां से जुड़े मामले में विभाग द्वारा 24 घंटे के भीतर ही एंटी पावर थेफ्ट थाना में एफआईआर दर्ज कराई गई थी। नियंत्रण में शिथिलता पर अवर अभियंता को चार्जशीट दी गई है। संविदाकर्मी यशवंत कुमार द्वारा लेनदेन संबंधी वार्ता के कारण विभाग की छवि धूमिल होने के चलते उन्हें तत्काल प्रभाव से सेवा से बर्खास्त कर दिया गया है।ऊर्जा मंत्री ने निर्देश दिए हैं कि विद्युत चोरी, भ्रष्टाचार या अवैध वसूली जैसे मामलों में लापरवाही या संलिप्तता बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

खबरें एक नजर में

लखनऊ गुरुद्वारा कार्यकारिणी के नए पदाधिकारी घोषित

लखनऊ, समृद्धि न्यूज। लखनऊ के इंदिरा नगर स्थित श्री गुरु सिंह सभा गुरुद्वारा में रविवार को साप्ताहिक दीवान के दौरान गुरुद्वारा कार्यकारिणी के नए पदाधिकारियों की घोषणा की गई। इस दौरान सरदार अजीत सिंह को सर्वसम्मति से गुरुद्वारा इंदिरा नगर का नया अध्यक्ष और सरदार जसवंत सिंह को वरिष्ठ उपाध्यक्ष मनोनीत किया गया। गुरुद्वारा के हेड ग्रंथी भाई राजवीर सिंह ने नवनियुक्त पदाधिकारियों को गुरु घर का सिरोपा भेंट कर सम्मानित किया। इस अवसर पर संगत में श्रद्धा और उत्साह का माहौल देखा गया। उपस्थित श्रद्धालुओं ने नवनियुक्त पदाधिकारियों को बधाई दी और उनके सफल कार्यकाल की कामना की। नवनियुक्त अध्यक्ष अजीत सिंह ने गुरुद्वारा की सेवा और संगत की भलाई के लिए पूरी निष्ठा से कार्य करने का संकल्प लिया। वहीं, वरिष्ठ उपाध्यक्ष जसवंत सिंह ने भी संगत के सहयोग से गुरुद्वारा की धार्मिक और सामाजिक गतिविधियों को आगे बढ़ाने का आश्वासन दिया। इस कार्यक्रम में गुरुद्वारा इंदिरा नगर की संगत, कार्यकारिणी के पदाधिकारी और सदस्य बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। दीवान की समाप्ति के बाद परंपरा के अनुसार श्रद्धालुओं के बीच गुरु का लंगर वितरित किया गया, जिसमें सभी ने एक साथ बैठकर प्रसाद ग्रहण किया।

किसान के घर से 15 लाख के गहने चोरी 75 हजार की नकदी भी ले गए चोर

लखनऊ, समृद्धि न्यूज। राजधानी लखनऊ के सरोजनी नगर थाना क्षेत्र में बीती रात नकाबपोश चोरों ने एक किसान के घर को निशाना बनाया। चोर लाखों रुपए के गहने और हजारों की नगदी लेकर फरार हो गए। रविवार सुबह घटना की जानकारी होने पर पीड़ित ने पुलिस को सूचना दी। सरोजनी नगर के रनियापुर निवासी किसान उमाशंकर अपनी पत्नी, बहू और बेटे शिव शंकर के साथ रहते हैं। होली के त्योहार के चलते उनकी विवाहित बेटी भी घर आई हुई थी। उमाशंकर के बेटे शिव शंकर के अनुसार, शनिवार रात सभी परिवार के सदस्य खाना खाकर घर में सो गए थे। उमाशंकर मुख्य दरवाजे पर लगे चौनल के पास बाहर सो रहे थे। इसी दौरान चोरों ने घर के बगल वाले चौनल का ताला तोड़कर अंदर प्रवेश किया। चोरों ने कमरे में रखी अलमारी तोड़ दी और उमाशंकर की पत्नी, बहू और बेटी के लगभग 15 लाख रुपए के गहने तथा 75 हजार रुपए की नगदी चोरी कर ली। रविवार सुबह जब उमाशंकर उठे, तो उन्हें घर के बगल वाले चौनल का ताला टूटा मिला। अंदर जाकर देखने पर अलमारी और लॉकर टूटे हुए थे, और सारा सामान बिखरा पड़ा था। अलमारी में रखे गहने और नगदी गायब थे। इसके बाद पुलिस को घटना की सूचना दी गई। सूचना मिलने पर पुलिस टीम मौके पर पहुंची और छानबीन शुरू की। सीसीटीवी फुटेज की जांच में दो नकाबपोश बदमाश तमंचा और तलवार लिए हुए दिखाई दिए।पुलिस का कहना है कि सीसीटीवी फुटेज के आधार पर चोरों की पहचान करने का प्रयास किया जा रहा है। पुलिस ने आश्वासन दिया है कि जल्द ही चोरों की पहचान कर घटना का खुलासा कर दिया जाएगा।

फॉगिंग कराए जाने की मांग

लखनऊ, समृद्धि न्यूज। इंदिरा नगर आवासीय महासमिति की बैठक इंदिरानगर में देवी शरण त्रिपाठी अध्यक्ष महोदय की अध्यक्षता में हुई, जिसमें क्षेत्र में बढ़ते मच्छरों को देखते हुए, फॉगिंग कराये जाने पर चर्चा हुई। महासमिति के महासचिव सुशील कुमार बच्चा ने बताया है कि, इंदिरा नगर के अलावा उसके पास की मलिन बस्तियों में मच्छर बहुत तेजी से बढ़ गये हैं, जिससे नाना प्रकार की बीमारियां फैलने का डर सताने लगा है। इसको देखते हुए नगर आयुक्त से मांग की गई है कि, इंदिरा नगर के सभी वार्डों के प्रत्येक कालोनियों के लिए रोस्टर बनाकर जल्द से जल्द फॉगिंग कराई जाये। बैठक के दौरान कार्यकारी अध्यक्ष पी. के. जैन, सुभाष शर्मा, सुनील त्यागी, कैलाश जैन, आलोक सक्सेना ,नवीन सिंह, कीर्ति चौधरी सविता शुक्ला, महेश वाल्मीकि, डॉ आर पी सिंह मौजूद रहे।

रस्तोगी समाज के होली मिलन में विभूतियां सम्मानित

लखनऊ, समृद्धि न्यूज। खाला बाजार स्थित रस्तोगी स्वास्थ्य परामर्श केंद्र में रविवार को होली मिलन समारोह की शुरुआत महाराजा हरिश्चंद्र महाराज जी की प्रतिमा पर दीप प्रज्वलन, पुष्पांजलि एवं रंग-गुलाल अर्पित करके की गयी। समारोह में समाज के विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य के लिए विभूतियों को सम्मानित किया गया। समाज के संरक्षक हरी जीवन रररस्तोगी ने बताया कि प्रख्यात रंगकर्मी एवं सिने अभिनेता डा. अनिल रस्तोगी को पद्मश्री प्राप्त होने पर एवं प्रमुख उद्योगपति प्रेम किशोर रस्तोगी को प्रदेश सरकार से अनेक दवा फैक्टरी स्थापित करने के लिए अनुबंध करने के लिए सम्मानित किया गया। मीडिया प्रभारी धर्मेन्द्र नाथ रस्तोगी के अनुसार अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर चार विशिष्ट महिलाओं डा. कविता रस्तोगी (शिक्षाविद), डा. रंजना रस्तोगी (वत्सला अस्पताल), कु अनुष्ठा रस्तोगी (मेधावी छात्रा), रतिराज (साहित्यकार) को भी विशिष्ट प्रतिभा सम्मान एवं स्मृति चिन्ह दिया गया। समारोह के मुख्य अतिथि जिला जज रवि कांत रस्तोगी ने विशिष्ट प्रतिभाओं को सम्मानित करने के विचार की सराहना की। उन्होनें सामाजिक एवं चिकित्सीय क्षेत्र में की जा रही सेवाओं के लिए लखनऊ हरिश्चंद्र वंशीय समाज की प्रशंसा की। इसके साथ ही लखनऊ हरिश्चंद्र वंशीय समाज के अध्यक्ष राजन रस्तोगी, महामंत्री प्रदीप रस्तोगी और रस्तोगी स्वास्थ्य परामर्श केंद्र की ओर से स्मृति चिन्ह प्रदान किया। समारोह की अध्यक्षता समिति के अध्यक्ष दीपक रस्तोगी एवं मंच संचालन मंत्री रितेश रस्तोगी एडवोकेट एवं कोषाध्यक्ष ब्रजेन्द्र रस्तोगी ने किया।

नारी शक्ति के बिना संसार की कल्पना असम्भव : संदीप सिंह

लखनऊ, समृद्धि न्यूज।

उत्तर प्रदेश के बेसिक शिक्षा राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) संदीप सिंह ने कहा कि नारी शक्ति के बिना संसार की कल्पना असंभव है और आज बेटियां शिक्षा, खेल, विज्ञान और प्रशासन सहित हर क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर रही हैं। उन्होंने भारतीय संस्कृति के श्लोक ष्यत्र नार्यस्तु पूज्यंते, रमंते तत्र देवता का उल्लेख करते हुए कहा कि जहां महिलाओं का सम्मान होता है, वहां देवताओं का वास होता है।

रविवार को अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर दयाल गेटवे (आडिटोरियम) किसान बाजार, गोमतीनगर में प्रगति आत्मसम्मान से समानता तक बाल उत्सव का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बालिकाओं के आत्मसम्मान, समानता और सशक्तिकरण को बढ़ावा देने पर विशेष जोर दिया गया। इस अवसर पर

बच्चों द्वारा तैयार की गई कॉमिक पुस्तकों, मीना मंच की पूर्व बालिकाओं की प्रेरक सफलता कहानियों और कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालयों से संबंधित केस स्टडी बुकलेट का विमोचन किया गया।

महानिदेशक स्कूल शिक्षा मोनिका रानी ने कहा कि मीना मंच और अन्य शैक्षिक पहलों के माध्यम से बालिकाओं में नेतृत्व क्षमता, आत्मविश्वास और सामाजिक जागरूकता का विकास हो रहा है। उन्होंने छात्राओं को मानसिक और शारीरिक स्वास्थ्य का ध्यान रखने, तकनीक का सकारात्मक उपयोग करने और अनुशासन के साथ अपने लक्ष्य हासिल करने के लिए प्रेरित किया। यूनिसेफ उत्तर प्रदेश के प्रमुख जचार्य एडम ने कहा कि प्रगतिष् कार्यक्रम बालिकाओं की क्षमता, रचनात्मकता और नेतृत्व का उत्सव है। उन्होंने कहा कि समावेशी और लैंगिक संवेदनशील शिक्षा प्रणाली को मजबूत करने के लिए यूनिसेफ उत्तर प्रदेश सरकार के साथ मिलकर कार्य कर रहा है।

राज्य स्तरीय कार्यक्रम में प्रदेश के विभिन्न जनपदों से लगभग 850 छात्र-छात्राएं, शिक्षक और अभिभावक शामिल हुए। कार्यक्रम स्थल पर शिक्षण सामग्री, रचनात्मक गतिविधियों, नेतृत्व विकास और करियर परामर्श से जुड़े 23 विषयगत स्टॉल भी लगाए गए। कार्यक्रम का समापन राष्ट्रगान के साथ हुआ।

प्रदेश सरकार बालिकाओं की शिक्षा, सुरक्षा व सशक्तिकरण के लिए लगातार कर रही कार्य

आपने सम्बोधन में मंत्री संदीप सिंह ने कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में प्रदेश सरकार बालिकाओं की शिक्षा, सुरक्षा और सशक्तिकरण के लिए लगातार कार्य कर रही है। उन्होंने बताया कि प्रदेश के 746 कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालयों को चरणबद्ध तरीके से 12वीं कक्षा तक उच्चीकृत किया जा रहा है और 826 विकास खंडों में नए विद्यालय स्थापित किए जाएंगे। अपर मुख्य सचिव बेसिक एवं माध्यमिक शिक्षा पार्थ सारथी सेन शर्मा ने कहा कि पिछले दो दशकों में उत्तर प्रदेश में बालिकाओं की शिक्षा में उल्लेखनीय प्रगति हुई है। उन्होंने कहा कि अब आवश्यकता है कि बालिकाओं की भागीदारी विज्ञान, तकनीक, इंजीनियरिंग और गणित (स्टेम) जैसे विषयों में भी और अधिक बढ़ाई जाए, ताकि वे भविष्य की चुनौतियों के लिए तैयार हो सकें।

राज्य सरकार ने दी कृषि विकास के लिए 101.18 करोड़ की वित्तीय स्वीकृति

लखनऊ, समृद्धि न्यूज। उत्तर प्रदेश सरकार ने कृषि और किसानों के सर्वांगीण विकास हेतु संचालित विभिन्न केंद्रीय एवं राज्य स्तरीय योजनाओं के लिए 101.18 करोड़ रूपये की भारी वित्तीय स्वीकृति प्रदान की है।

कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही ने कहा कि इससे कृषि और किसानों के कल्याण में भारी मदद मिलेगी। इस धनराशि के माध्यम से प्रदेश में बीज स्वावलंबन, मृदा स्वास्थ्य प्रबंधन और तिलहन उत्पादन जैसे क्षेत्रों में नई परियोजनाओं को गति मिलेगी। सरकार द्वारा जारी स्वीकृतियों के अनुसार सबसे बड़ी धनराशि प्रधानमंत्री राष्ट्रीय कृषि विकास योजना डीपीआर के अंतर्गत वर्ष 2025-26 हेतु सामान्य श्रेणी के लिए 66.19 करोड़ के रूप में स्वीकृत की गई है। इसी क्रम में, प्रधानमंत्री राष्ट्रीय कृषि विकास योजना के ही अंतर्गत 25.65 करोड़ की वित्तीय स्वीकृति जारी की गई है। प्रदेश की बीज आत्मनिर्भरता को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से उत्तर प्रदेश बीज स्वावलंबन नीति

- प्रधानमंत्री राष्ट्रीय कृषि विकास योजना एवं बीज स्वावलंबन नीति को मिली नई गति : शाही

2024 के तहत सीड पार्क विकास परियोजना हेतु 6.14 करोड़ की राशि आवंटित की गई है। इसके साथ ही तिलहन उत्पादन को बढ़ावा देने के लिए श्नेशनल मिशन ऑन एडिबल ऑयल ऑयल सीड योजना के अंतर्गत 2.35 करोड़ की वित्तीय स्वीकृति प्रदान की गई है। अन्य स्वीकृतियों में प्रधानमंत्री राष्ट्रीय कृषि विकास योजना के अंतर्गत विभिन्न कृषि कार्यों के लिए 71 लाख रुपये तथा स्टेट लिंक्ड स्कीम मृदा स्वास्थ्य प्रबंधन एवं मृदा स्वास्थ्य कार्ड कार्यक्रम के अंतर्गत 13.17 लाख रुपये की धनराशि जारी की गई है।

अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर अस्मिता लीग का आयोजन

लखनऊ, समृद्धि न्यूज।

अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर माई भारत लखनऊ एवं एसएआई लखनऊ (युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय भारत सरकार) एवं खेल विभाग उत्तर प्रदेश के विशेष सहयोग से महिला खिलाड़ियों को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से के. डी. सिंह बाबू स्टेडियम, लखनऊ में अस्मिता लीग का भव्य आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में 1000 से अधिक महिला प्रतिभागियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि उत्तर प्रदेश विधान परिषद के सदस्य पवन सिंह चौहान रहे, जबकि क्षेत्रीय क्रीड़ा अधिकारी डॉ. अतुल सिन्हा, राष्ट्रीय अध्यक्ष युवा विभाग एकल अभियान दुर्गेश त्रिपाठी, राष्ट्रीय युवा पुरुस्कार विजेता एवं कर्मठ समाजसेवी अवधेश कुमार, निदेशक ए एस डिफेंस अकादमी अजित कुमार , अनन्या पांडे (ASK US फाउंडेशन), ऋषि कुमार (पूर्व चैंपियन एवं हॉकी कोच) तथा मेरा युवा भारत, लखनऊ के उपनिदेशक विकास सिंह उपस्थित रहे। सभी अतिथियों ने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करते हुए आयोजन की सराहना की। प्रतियोगिता के प्रमुख परिणामों में 18 वर्ष से ऊपर 400 मीटर दौड़ में नेहा प्रथम, सुरभि पाल द्वितीय व सुधा तृतीय रहीं। अंडर-18 (400 मीटर) में अर्शी प्रथम, प्रदति सिंह द्वितीय व मंश तृतीय स्थान पर रहीं। अंडर-13 (100 मीटर) में लाली कुमारी प्रथम, अंशिका द्वितीय व सलोनी तृतीय रहीं। अंडर-13 से 18 (100 मीटर) में सफक निगार प्रथम, नगमा प्रवीण द्वितीय व आरोही कश्यप तृतीय रहीं। 18 वर्ष से ऊपर (100 मीटर) में संजना मौर्य प्रथम, रोहिणी द्वितीय व मेहक चौरसिया तृतीय रहीं। अंडर-13 से 18 (200 मीटर) में आराध्या प्रथम, श्रेया यादव द्वितीय व शालू तृतीय रहीं। वहीं 18 वर्ष से ऊपर (200 मीटर) में ओशुम इमरान प्रथम, भूमि तिवारी द्वितीय व श्रेया सिंह तृतीय रहीं। विशेष महिला प्रतियोगिता में बबीता प्रथम, रेनू द्वितीय व श्वेता मिश्रा तृतीय रहीं। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि उत्तर प्रदेश विधान परिषद के सदस्य पवन सिंह चौहान ने खिलाड़ियों को संबोधित करते हुए कहा कि खेल युवाओं के सर्वांगीण विकास का महत्वपूर्ण माध्यम है तथा ऐसे आयोजनों से युवा प्रतिभाओं को आगे बढ़ने का अवसर मिलता है।

पश्चिम बंगाल में जो कुछ हुआ, वह अति-दुर्भाग्यपूर्ण : मायावती

लखनऊ, समृद्धि न्यूज।

- सभी को भारतीय संविधान की मान-मर्यादा के मुताबिक राष्ट्रपति पद का करना चाहिए सम्मान

बहुजन समाज पार्टी (बसपा) की अध्यक्ष मायावती ने पश्चिम बंगाल में राष्ट्रपति के प्रोटोकॉल संबंधी राजनीतिक विवाद को अति दुर्भाग्यपूर्ण बताते हुए रविवार को कहा कि सभी को भारतीय संविधान की मान-मर्यादा के मुताबिक राष्ट्रपति पद का सम्मान करना चाहिए और इस ओहदे का किसी भी रूप में राजनीतिकरण करना ठीक नहीं है।

उत्तर प्रदेश की पूर्व मुख्यमंत्री मायावती ने एक्स पर कहा, सभी को संविधान के आदर्शों और गरिमा के अनुरूप राष्ट्रपति पद का सम्मान करना चाहिए और किसी भी प्रकार से संवैधानिक पदों का राजनीतिकरण करने से बचना चाहिए। राष्ट्रपति मुर्मू ने शनिवार को बागडोगरा हवाई अड्डे के पास आयोजित आदिवासी समुदाय के कार्यक्रम में कम उपस्थिति पर असंतोष व्यक्त किया था और कार्यक्रम स्थल को बिधाननगर से स्थानांतरित करने के निर्णय पर सवाल उठाया था। उन्होंने अपनी यात्रा के दौरान मुख्यमंत्री

ममता बनर्जी और उनके मंत्रियों की अनुपस्थिति का भी जिक्र किया था। मायावती ने पश्चिम बंगाल की घटना की निंदा करते हुए कहा कि वर्तमान में देश की राष्ट्रपति एक महिला होने के साथ-साथ आदिवासी समाज से भी हैं, लेकिन अभी हाल में पश्चिम बंगाल में उनके दौरे में जो कुछ भी हुआ, वह नहीं होना चाहिये था। उन्होंने कहा कि यह घटना अति-दुर्भाग्यपूर्ण है। मायावती ने लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला को लेकर जारी राजनीतिक घटनाक्रम पर भी चिंता जाहिर करते हुए कहा कि इसी प्रकार, पिछले कुछ समय से संसद में भी खासकर लोकसभा अध्यक्ष के पद का जो राजनीतिकरण कर दिया गया है, वह भी उचित नहीं है।

सभी को संवैधानिक पदों का दलगत राजनीति से ऊपर उठकर आदर-सम्मान करना चाहिए एवं उनकी गरिमा का ध्यान रखना चाहिये। मायावती ने आशा व्यक्त की कि सोमवार से शुरू होने वाला संसद का आगामी सत्र देश और जनता के हित में सुचारू रूप से चलेगा।

दरोगा पुत्र अमन वर्मा यूपीएससी में सफल

लखनऊ, समृद्धि न्यूज।

संघ लोक सेवा आयोग के घोषित परिणामों में सरस्वती पुरम, खरगापुर, गोमती नगर, लखनऊ, जो कि मूलतः उन्नाव जनपद के बैसवारा क्षेत्र के पाटन गांव निवासी अमन वर्मा ने सफलता हासिल की है।

उन्होंने प्रतिष्ठित परीक्षा में 505वीं रैंक प्राप्त कर प्रशासनिक सेवा में अपना स्थान बनाया है। अमन ने अपने स्वर्गीय दादा-दादी, सीताराम एवं गनेशा का सपना पूरा कर दिया। उनकी इस उपलब्धि ने पूरे परिवार का नाम रोशन कर दिया।

अमन के पिता राम सुंदर वर्मा उत्तर

प्रदेश पुलिस से सेवानिवृत्त सब-इंस्पेक्टर, माता कमलेश वर्मा गृहणी और बड़े भाई अंशुल वर्मा इलाहाबाद उच्च न्यायालय में समीक्षा अधिकारी के पद पर कार्यरत हैं।

उन्होंने 2013 में त्रिवेणी काशी इंटर कॉलेज, बिहार (उन्नाव) से 12वीं की परीक्षा उत्तीर्ण की। इसके बाद, अमन ने एमएनएनआईटी इलाहाबाद से 2017 में बीटेक की डिग्री पूरी की एवम ये अपने बैच के गोल्ड मेडलिस्ट रह चुके हैं।

इंजीनियरिंग के बाद, अमन का चयन माइक्रोसॉफ्ट जैसी प्रतिष्ठित बहुराष्ट्रीय कंपनी में हुआ था। वे हैदराबाद में कार्यरत थे। यह उनकी दृढ़ इच्छाशक्ति का ही परिणाम है कि उन्होंने अपने दूसरे ही प्रयास में यह बड़ी सफलता हासिल की। उनका चयन उन हजारों अभ्यर्थियों के लिए एक मिसाल है, जो कॉर्पोरेट करियर के साथ सिविल सेवा का सपना देखते हैं।

जयन्त चौधरी को मिला इंडिया-यूके अचीवर अवार्ड

लखनऊ, समृद्धि न्यूज। केंद्रीय राज्य मंत्री स्वतंत्र प्रभार कौशल विकास एवं उद्यमशीलता तथा शिक्षा मंत्रालय जयन्त चौधरी को इंडिया-यूके अचीवर अवार्ड 2026 से सम्मानित किया गया।यह प्रतिष्ठित सम्मान उन व्यक्तित्वों को दिया जाता है, जिन्होंने ब्रिटेन के शैक्षणिक संस्थानों में अध्ययन किया है और विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट योगदान देकर समाज, अर्थव्यवस्था तथा सार्वजनिक जीवन में उल्लेखनीय उपलब्धियां हासिल की हैं। जयन्त चौधरी को यह सम्मान लंदन स्कूल ऑफ इकोनॉमिक्स के पूर्व छात्र के रूप में उनके उल्लेखनीय योगदान के लिए प्रदान किया गया।

अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस | नारी शक्ति को समर्पित यात्रा, डबल डेकर बस में महिलाओं ने किया शहर का भ्रमण

लखनऊ दर्शन बस से महिलाओं ने की खुशियों की सैर

समृद्धि न्यूज, लखनऊ।

अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर उत्तर प्रदेश पर्यटन विभाग न महिलाओं के सम्मान में एक खास पहल की। राज्य पर्यटन विकास निगम यूपीएसटीडीसी द्वारा संचालित लखनऊ दर्शन डबल डेकर इलेक्ट्रिक बस में महिलाओं के लिए विशेष सैर का आयोजन किया गया।

इस विशेष यात्रा में 60 से अधिक महिलाओं ने हिस्सा लिया। डॉक्टर, उद्यमी, प्राचार्य, सामाजिक कार्यकर्ता, इंजीनियर से लेकर गृहणियों तक, समाज के अलग-अलग क्षेत्रों से जुड़ी महिलाएं इस खास सफर का हिस्सा बनीं। नारी शक्ति ने रोजमर्रा की व्यस्त जिंदगी से इतर लखनऊ को एक नए

अंदाज में देखा। पर्यटन मंत्री जयवीर सिंह ने बताया कि यूपीएसटीडीसी की लखनऊ दर्शन बस सेवा अब सिर्फ पर्यटन तक सीमित नहीं रह गई है।

यह धीरे-धीरे ऐसा मंच बनती जा रही है जहां पर्यटन के साथ समाज जुड़ रहा है। अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर यह पहल आधी आबादी को शक्ति, स्वास्थ्य और सशक्तिकरण का संदेश देती है। इस विशेष टूर के माध्यम से महिलाओं को उनके व्यस्त दिनचर्या से कुछ पल सुकून के देने का प्रयास किया गया, जो प्रतिदिन समाज सेवा में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही हैं।

अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के मौके पर लखनऊ में महिलाओं के लिए लखनऊ दर्शन यात्रा यादगार बन गई। रविवार सुबह 8.30 बजे बस रवाना हुई, जो दोपहर 12 बजे भ्रमण के पश्चात गंतव्य पर लौट आई। इस दौरान अलग-अलग आयु वर्ग की महिलाओं ने डबल डेकर बस की ऊपरी मंजिल से शहर के प्रमुख ऐतिहासिक स्थलों को करीब से देखा। विधानसभा जाना और मुख्य सदन को देखना उनके लिए अविस्मरणीय रहा। रेजीडेंसी सहित अन्य स्थलों की सैर ने इतिहास से रूबरू कराया।

यात्रा के दौरान गाइड ने यात्रियों को 1857 के प्रथम भारतीय स्वतंत्रता संग्राम की महान योद्धा ऊदा देवी के वीरता की कहानी सुनाई। उन्होंने किस तरह अंतिम सांस तक अंग्रेजी सैनिकों से लोहा लिया। महिलाओं ने बताया कि रोजमर्रा की जिंदगी में जिन स्थानों के सामने से वे अक्सर गुजर जाती थीं, आज उन्हें ठहरकर देखने-समझने का मौका मिला।विशेष भ्रमण का हिस्सा रहीं डॉ. अनन्या शर्मा ने कहा कि श्डॉक्टर होने के नाते उनका अधिकांश समय अस्पताल की जिम्मेदारियों में बीत जाता है। इस यात्रा ने उन्हें अपने लिए कुछ पल निकालने और अपने ही शहर की खूबसूरती को करीब से देखने का अवसर दिया। उन्होंने कहा कि इस दौरान उन्हें मरीजों के साथ डॉक्टर की भूमिका से हटकर परिवार की तरह समय बिताने का भी मौका मिला।

इस यात्रा में शामिल मरीज कविता सिंह ने कहा कि लंबे समय तक अस्पताल की चारदीवारी के भीतर रहना कई बार अकेलापन महसूस कराता है, लेकिन आज लखनऊ दर्शन बस के जरिए अपने ही शहर को देखने का विशिष्ट अनुभव मिला। इस यात्रा ने उन्हें नई उम्मीद दी।

अटल आवासीय विद्यालय की प्रवेश परीक्षा संपन्न

लखनऊ, समृद्धि न्यूज। अटल आवासीय विद्यालय लखनऊ के शैक्षणिक सत्र 2026-27 के लिए आयोजित प्रवेश परीक्षा 2026 शांतिपूर्ण और सुव्यवस्थित ढंग से संपन्न हुई। लखनऊ के अभ्यर्थियों के लिए यह परीक्षा केंद्र महाराजा बिजली पासी स्नातकोत्तर महाविद्यालय, आशियाना में आयोजित की गई, जहां कक्षा 6 और कक्षा 9 में प्रवेश के लिए पंजीकृत अभ्यर्थियों ने परीक्षा में भाग लिया। परीक्षा केंद्र पर अभ्यर्थियों की सुविधा और सुरक्षा के लिए सभी आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित की गई थीं। परीक्षा पूरी पारदर्शिता, अनुशासन और निर्धारित मानकों के अनुरूप संपन्न कराई गई। केंद्र पर सुरक्षा एवं प्रशासनिक व्यवस्थाएं भी संतोषजनक रहीं। परीक्षा का संचालन महाराजा बिजली पासी स्नातकोत्तर महाविद्यालय, आशियाना के प्रधानाचार्य प्रोफेसर सुमन गुप्ता तथा कक्ष निरीक्षकों की देखरेख में किया गया।

हल्ला गुल्ला क्लब ने महिलाओं को किया सम्मानित

लखनऊ, समृद्धि न्यूज। अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के शुभ अवसर पर आदर्श कॉलोनी पार्क में **हल्ला गुल्ला क्लब** की ओर से भव्य और उत्साहपूर्ण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम रीता वर्मा, प्रियंका केशरी और सपना खंडेलवाल के विशेष सहयोग और कुशल नेतृत्व में संपन्न हुआ। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि स्थानीय सभासद शिवम उपाध्याय रहीं। उन्होंने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम की शुरुआत की और समाज में महिलाओं की बढ

खबरें एक नजर में

होली मिलन आज

शाहजहांपुर। सीनियर सिटीजन सोसाइटी का होली मिलन समारोह 9 मार्च को कलेक्ट्रेट में बिस्लिम सभागार में आयोजित किया जाएगा। जिसकी अध्यक्षता डीएम धर्मेंद्र प्रताप सिंह करेंगे और मुख्य अतिथि एसपी राजेश द्विवेदी रहेंगे। यह जानकारी संगठन के जिलाध्यक्ष उमेशचंद्र पाठक ने दी है।

कार सवार युवक को चार युवकों ने पीटकर किया घायल

तिलहर-शाहजहांपुर। होली मिलकर घर लौट रहे कार सवार की बेसिक सवार युवकों ने पिटाई कर घायल कर दिया। पीड़ित ने एक युवक को नामजद करते हुए चार के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है। नगर के मोहल्ला बहादुरगंज निवासी उदित सिंह पुत्र संजीव कुमार सिंह ने दर्ज रिपोर्ट में कहा है कि पांच मार्च को शाम करीब चार बजे वह मोहल्ला पचास में अपने चाचा उदय प्रताप सिंह के यहां से होली मिलकर कार से वापस आ रहा था। इसी दौरान मोहल्ला सितारगंज निवासी अजय कश्यप अपने तीन अन्य साथियों के साथ दो बाईकों पर सिंह कालोनी के पास आया और उसकी गाड़ी को टक्कर मार दी। उलाहना देने पर गाली गलौज करते हुए उक्त चारों लोग मारपीट करने लगे। आरोप है कि अजय कश्यप ने अपने हाथ में पहने लोहे के कड़े से उसके सिर पर पर प्रहार किया। जिससे वह लहूलुहान हो जमीन पर गिर पड़ा। इसके बाद चारों लातों घूसो से उसे मारने लगे। भीड़ एकत्र होने पर अजय कश्यप साथियों के साथ जान से मारने की धमकी देता हुआ भाग गया।

सुंदरकांड पाठ में शामिल होने का दिया निमंत्रण

कांट, शाहजहांपुर। कुर्रिया कलां गांव में भगवा सुंदरकांड परिवार के सदस्यों ने डोर टू डोर जनसंपर्क किया। जिसमें नगर के खिरनीबाग स्थित जीआईसी ग्राउंड में 19 मार्च को होने वाले सामूहिक सुंदरकांड पाठ में 1101 भगवाधारियों के प्रतिभाग के लिये लोगों से कार्यक्रम में आने का निमंत्रण दिया। पूरे गांव के धार्मिक स्थलों एवं दुकानदारों को भी निमंत्रण पत्र देकर कार्यक्रम में पहुंचकर उसको सफल बनाने का आह्वान किया। इस दौरान आशीष मिश्रा, प्रीतम गुप्ता, स्वतंत्र शुक्ला, अरविंद दीक्षित, संदीप मिश्रा आदि मौजूद रहे।

बंडा में भू-माफिया का पत्रकार की जमीन पर जबरन कब्जा, शिकायत के बाद निर्माण कार्य हुआ बंद

बंडा, शाहजहांपुर। बंडा क्षेत्र में एक पत्रकार ने भू-माफिया पर अपनी जमीन पर बिना नाप के जबरन कब्जा कर निर्माण कराने का गंभीर आरोप लगाया है। शिकायतकर्ता रोहित ने बताया कि एक भू-माफिया ने उनकी जमीन बिना नाप कराए ही अवैध निर्माण करना शुरू कर दिया है। उन्होंने निर्माण रोकने और पहले राजस्व विभाग से जमीन की नाप कराने की मांग की, लेकिन आरोपी मानने को तैयार नहीं। पीड़ित रोहित के अनुसार, जब वे तहरीर लेकर बंडा थाने पहुंचे तो आरोपी ने पहले से ही उन पर वसूली मांगने का झूठा आरोप लगाते हुए थाना प्रभारी को फोन कर दिया। पुलिस ने राजस्व विभाग की टीम आने के बाद ही कार्रवाई का आश्वासन दिया। वहीं, राजस्व कर्मचारियों ने इसे पुलिस का मामला बताते हुए हाथ खड़े कर दिए। रोहित ने एसडीएम पुवायां, तहसीलदार और डीएम शाहजहांपुर तक फोन कर शिकायत की जिसके बाद रविवार को करीब दो बजे के बाद निर्माण कार्य रुका। उन्हें झूठे मुकदमे की आशंका है। उन्होंने प्रशासन से मांग की है कि पहले जमीन की नाप कराई जाए, उसके बाद ही कोई निर्माण हो। स्थानीय लोगों का कहना है कि समय रहते कार्रवाई न हुई तो भू-माफियाओं के हौसले बुलंद हो जाएंगे। वहीं इस संबंध में एसडीएम पुवायां चित्रा निर्वाल ने बताया कि निर्माण कार्य को रुकवा दिया गया है, नाप होने के बाद ही कार्य किया जा सकेगा।

रंग पंचमी पर खेली होली, गधे पर बैठकर निकले लाट साहब

खुदागंज, शाहजहांपुर। नगर के लोगों ने दशकों से चली आ रही अनूठी परंपरा का निर्वाह करते हुए रविवार को रंग पंचमी पर हर्षोल्लास के साथ होली मनाई। सुबह से लेकर दोपहर तक लोगों ने खूब अबीर गुलाल खेला और सभी से गले मिलकर शुभकामनाएं दी। पुलिस की कड़ी सुरक्षा में गधे पर सवार लाट साहब का पारंपरिक जुलूस निकाला गया। सुबह से ही लोग होलिका दहन स्थल पर पहुंचने लगे। इसके बाद जिसे जो मिला उसे रंग बिरंगा कर आगे बढ़ते रहे। जगह-जगह युवा डीजे पर बज रहे होली गीतों पर थिरकते रहे। 10:00 बजने तक बच्चों से लेकर युवा एवं बुजुर्ग तक लाट साहब के जुलूस में शामिल होने के लिए लक्ष्मीपुर में एकत्र हो गए। वहां शराब में धुत लाट साहब को गधे पर बैठाकर लोगों का हुजूम अबीर गुलाल उड़ाते हुए चल पड़ा। लाट साहब को किसी भी अप्रिय स्थिति से बचाने के लिए थाना प्रभारी सत्य प्रकाश सिंह ने उनके चारों ओर पुलिस का सुरक्षा घेरा बना दिया। उप जिलाधिकारी सदानंद सरोज एवं पुलिस क्षेत्र अधिकारी ज्योति यादव भी उपद्रवियों पर नजर रखने के लिए जुलूस में मौजूद रहे। जुलूस जब थाना परिसर में पहुंचा तब थाना प्रभारी ने लाट साहब को सलामी से स्वागत किया। वहां कुछ देकर लाट साहब ने 1 साल का लेखा-जोखा देखने का स्वांग किया। इसी दौरान लाट साहब को थाना प्रभारी ने इनाम दिया। बाद में जुलुस शांतिपूर्वक तरीके से पक्का तालाब, लाला हरिराम इंटर कॉलेज, सराफा बाजार डाकखाना मार्ग महादेव प्रसाद इंटर कॉलेज मार्ग एवं मेन बाजार , रामसहाय चौराहा होते हुए देवहा नदी के किनारे समाप्त हुआ जुलूस में पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष सुधीर सिंह सभासद सौरव गुप्ता विनोद सिंह प्रवीण मिश्रा उर्फ संजू मिश्रा पूर्व प्रधान चिरंजीत शुक्ला आदि लोग मौजूद रहे।

पति की गैर मौजूदगी में घर में घुसा युवक, की मारपीट

तिलहर-शाहजहांपुर। पति की गैर मौजूदगी में घर में घुसे युवक ने महिला को पीट दिया। बाद आए पति पर भी जान लेवा हमला कर घायल कर दिया। पीड़िता की ओर से आरोपी के खिलाफ नामजद रिपोर्ट दर्ज की गई है। गांव गुलामखेड़ा निवासी पूनम पत्नी देवमणि ने दर्ज रिपोर्ट में कहा है कि पांच मार्च को सुबह करीब नौ बजे वह घर पर थी। इसी दौरान गांव का ही टेनी पुत्र महेन्द्र घर मे घुस आया। उसने विरोध किया और कहा कि उसके पति घर पर नही है। इस पर टेनी गाली गलौज करते हुये मारपीट करने लगा और धमकी देता हुआ भाग गया। जब उसके पति पूर्वान्ह करीब 11 बजे बाजार से वापस आये तो पूरी घटना उन्हें बताई। इसी दौरान तेली दोबारा हाथ मे लोहे की राड लेकर आया और अचानक मेरे पति पर जानलेवा हमला कर दिया।

आत्महत्या के लिए उकसाने के आरोप में पिता पुत्र सहित तीन गिरफ्तार

रोजा, शाहजहांपुर। तीन दिन पहले एक युवक ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली थी। इस मामले में पुलिस ने आत्महत्या के लिए उकसाने के आरोप में गांव के ही तीन लोगों को गिरफ्तार किया है। युवक को होलिका दहन के लिए लकड़ी काटने को लेकर हुए विवाद के बाद एससी-एसटी का झूठा मुकदमा दर्ज कराने की धमकी दी गई थी, जिससे वह मानसिक रूप से परेशान था। यह घटना तीन दिन पहले रोजा थाना क्षेत्र के पींग गांव में हुई थी। गांव का रहने वाला गौरव अपने दोस्त के साथ बालकिशन के खेत में लकड़ी काटने गया था। हालांकि, वह लकड़ी काट नहीं पाया क्योंकि बालकिशन वहां पहुंच गया था। इसके बाद दोनों के बीच कहासुनी हुई। आरोपी बालकिशन ने गौरव पर जातिसूचक गाली-गलौज का आरोप लगाकर पुलिस में तहरीर दी थी। पुलिस की जांच में ये आरोप गलत पाए गए थे। इस घटना के बाद से गौरव मानसिक तनाव में था। फर्जी मुकदमे की धमकी से परेशान होकर गौरव ने तीन दिन पहले खेत में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराया था। मृतक के परिजनों ने बालकिशन और उसके साथियों पर आरोप लगाए थे। परिजनों की तहरीर के आधार पर पुलिस ने तीन आरोपियों परिजनों की तहरीर के आधार पर पुलिस ने तीन आरोपियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज की और उनकी गिरफ्तारी के लिए एक टीम गठित की। मुखबिर की सूचना पर रविवार को पुलिस ने पींग पुलिया के पास से आरोपी बालकिशन, साजन और राहुल उर्फ माहुल को गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ के दौरान आरोपियों ने बताया कि गौरव लकड़ी काटने आया था, तब उससे विवाद हुआ था और उन्होंने एफआईआर दर्ज कराने की धमकी दी थी। रोजा थाना प्रभारी राजीव कुमार ने बताया कि तीनों आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है।

तेज रफ्तार कार पलटी, चालक की मौत

▸ सड़क हादसे में दो चचेरे भाई-बहन घायल

मदनापुर, शाहजहांपुर समृद्धि न्यूज़।

तेज रफ्तार कार अनियंत्रित होकर सड़क किनारे खेत में पलट गई। हादसे में नोएडा की एक निजी कंपनी में कार्यरत सॉफ्टवेयर इंजीनियर की मौके पर मौत हो गई, जबकि उसके दो चचेरे भाई और बहन घायल हो गए। घटना के बाद परिवार में कोहराम मच गया। मदनापुर कस्बा निवासी 23 वर्षीय सौरभ पाल नोएडा की एक कंपनी में सॉफ्टवेयर इंजीनियर के पद पर कार्यरत थे। वह होली का त्योहार मनाने के लिए घर आए हुए थे। रविवार सुबह वह अपने चचेरे भाई आदित्य और हर्षित तथा बहन स्वाति के साथ कार से जलालाबाद की ओर जा रहे थे। गांव सिकंदरपुर कलां के बुधवाना मार्ग पर पहुंचते ही कार अचानक अनियंत्रित हो गई और सड़क किनारे खेत में पलट गई। तेज रफ्तार के कारण कार खेत के अंदर काफी दूर तक जा गिरी। हादसा होते ही आसपास खेतों में काम कर रहे ग्रामीण मौके पर दौड़ पड़े और कार में फंसे चारों लोगों को बाहर निकाला। सूचना मिलने पर पुलिस भी मौके पर पहुंच गई और घायलों को उपचार के लिए अस्पताल भिजवाया। अस्पताल में डॉक्टरों ने सौरभ पाल को मृत घोषित कर दिया, जबकि अन्य घायलों का उपचार किया जा रहा है। घटना की सूचना मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है।

सड़क हादसे में घायल युवक की बरेली के अस्पताल में मौत

चार मार्च को रिंगरोड पर अज्ञात वाहन की टक्कर से घायल हुए थे बाइक सवार दो युवक

तिलहर-शाहजहाँपुर। अज्ञात वाहन की टक्कर से घायल बाइक सवार दो युवकों में से एक की बरेली के एक निजी अस्पताल में हो गई मौत। मृतक के पिता ने अज्ञात वाहन के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है। शाहजहांपुर के हथौड़ा बुजुर्ग निवासी छत्रपाल पुत्र सुमेर चन्द्र ने दर्ज रिपोर्ट में कहा है कि बीती चार मार्च अपरान्ह दो बजे उनका बेटा अंकित 22 साथी विशाख के साथ तिलहर से घर वापस लौट रहा था। इसी दौरान नगरिया मोड से करीब दो किलोमीटर आगे सुभाष नगर की तरफ पुल के पास किसी अज्ञात वाहन ने बाइक संख्या यूपी 27बीबी 6168 में से टक्कर मार दी । जिससे विशाल व अंकित दोनो गम्भीर रूप से घायल हो गए। दोनो को जिला अस्पताल ले जाया गया । जहाँ उसके बेटे की हालत गम्भीर होनो पर उसे बरेली के चन्द्रकान्ती अस्पताल ले गए। जहां पांच मार्च को अपरान्ह साढ़े चार बजे अंकित की मौत हो गई।

लूज बोतल में पेट्रोल-डीजल बिक्री करने वालों की खैर नहीं: चमन

शाहजहांपुर। जनपद में पेट्रोल व डीजल पम्प प्रतिष्ठानों पर ईंधन की खुले रूप में एवं लूज बोतल में अवैध रूप से बिक्री करना न केवल शासनादेशों के विपरीत है। इससे आम जनमानस एवं सम्पत्ति की सुरक्षा को भी खतरा उत्पन्न होता है। उक्त के सम्बन्ध में डीएसओ चमन शर्मा ने जनपद के पेट्रोल-डीजल पम्प संचालकों को निर्देशित किया है कि किसी भी दशा में अपने प्रतिष्ठान से ईंधन की निर्धारित वाहनों के अलावा खुदरे अथवा किसी भी अन्य खुले रूप में बिक्री जैसे कृत्यों को व्यापक जनहित के दृष्टिगत पूर्णतयः प्रतिबन्धित कर शासनादेशानुरूप ईंधन का विक्रय करना सुनिश्चित करेंगे। यदि प्रतिष्ठान में ईंधन की खुले रूप में बिक्री करना पाया जाता है तो सम्बन्धित के विरूद्ध कठोर कार्यवाही की जाएगी।

नारी सम्मान ही सशक्त समाज की पहचान: महापौर

शाहजहांपुर। अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर नगर निगम में नारी सम्मान समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम में महापौर अर्चना वर्मा ने सहभागिता कर महिला पार्षदों एवं निगम की महिला कर्मियों को पटका पहनाकर सम्मानित किया। इस अवसर पर महापौर ने कहा कि आज की नारी हर क्षेत्र में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नारी शक्ति के संकल्प को आगे बढ़ाते हुए महिलाओं के सम्मान और सशक्तिकरण के लिए हम सभी संकल्पित हैं। नारी सम्मान ही सशक्त समाज की पहचान है। नगर आयुक्त डा.बिपिन कुमार मिश्रा ने कहा कि आज नारी सशक्तीकरण समाज को आगे बढ़ा रहा है। हर फील्ड में महिलाओं-बेटियों ने परचम लहराया है। इस दौरान अपर नगर आयुक्त एसके सिंह, संयुक्त नगर आयुक्त संगीता कुमारी, शैफ सिद्दीकी आदि मौजूद रहे।

महिला दिवस पर आयोजित की गईं विभिन्न खेल प्रतियोगिताएं

शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।

अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर महिलाओं के सम्मान, सशक्तिकरण और समाज में उनके अमूल्य योगदान को रेखांकित करने के उद्देश्य से व खेलों में उनकी सहभागिता बढ़ाने और स्वस्थ जीवनशैली के लिये प्रेरित करने हेतु एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन डा. सुदामा प्रसाद विद्यास्थली में किया गया। मेरा युवा भारत शाहजहांपुर की ओर से आयोजित कार्यक्रम में इस अवसर पर उपस्थित जिला क्रीड़ाधिकारी एसपी बमनिया व जिला युवा अधिकारी माय भारत मयंक भदौरिया ने उपस्थित महिला खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करते हुए उन्हें निरन्तर अपने लक्ष्य के प्रति ईमानदारीपूर्वक प्रयास करने व समर्पित भाव से मेहनत करने की सीख दी। जिला गंगा समिति से डा. विनय सक्सेना ने इस वर्ष की थीम गिव टू गेन पर प्रकाश डालते हुए खिलाड़ियों को प्रोत्साहित किया और एक क्विज प्रतियोगिता भी कराई। इस अवसर पर खेलो इंडिया की अस्मिता लीग की तर्ज पर एथलेटिक्स अंतर्गत आयोजित 100 मीटर दौड़ में प्रांजली ने प्रथम, नेहा ने द्वितीय व वर्षा ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। 200 मीटर दौड़ में राधिका ने प्रथम, अंजली ने द्वितीय व जानवी गुप्ता ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। 400 मीटर दौड़ में आस्था ने प्रथम, भावना ने द्वितीय व रागिनी ने तृतीय स्थान प्राप्त किया तो वहीं रस्साकशी प्रतियोगिता में रानी लक्ष्मीबाई टीम ने कुंती के नेतृत्व में विजय हासिल की तो रानी अहिल्याबाई टीम शिवानी के नेतृत्व में उपविजेता रही। प्रतिभागियों ने पूरे उत्साह और ऊर्जा के साथ इन प्रतियोगिताओं में भाग लिया। प्रतियोगिताओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विजेताओं को ट्रॉफी, मेडल, प्रमाण पत्र तथा माई भारत कैप देकर खेल प्रशिक्षक महज़बी मंसूरी व वंदना सैनी ने पुरुस्कृत किया और नमामि गंगे क्विज प्रतियोगिता में विजयी इशिका श्रीवास्तव,आशा व सौम्या राज को भी पुरुस्कृत किया। विशिष्ट अतिथि वंदना सैनी और महज़बी मंसूरी ने कहा कि अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस हमें यह याद दिलाता है कि समाज के समग्र विकास के लिए महिलाओं की समान भागीदारी और सशक्तिकरण अत्यंत आवश्यक है। इस प्रकार के आयोजन न केवल महिलाओं को प्रेरित करते हैं बल्कि उन्हें अपने कौशल और क्षमता को प्रदर्शित करने का अवसर भी प्रदान करते हैं। इस अवसर पर खेल प्रशिक्षक पंकज सक्सेना, निशांत, शकील, मुजाहिद अली, इरफान, हिमांशु सक्सेना सहित विभिन्न माय भारत स्वयंसेवक उपस्थित रहे।

संदिग्ध परिस्थितियों में बिजली करंट से सिख की मौत

तिलहर-शाहजहांपुर। संदिग्ध परिस्थितियों में बिजली करंट लगने से सिख ग्रामीण की मौत हो गई। मृतक के बहनोई की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को पीएम के लिए भिजवाया।

जानकारी के मुताबिक कोतवाली क्षेत्र के गांव बंथरा स्थित झाले स्वामी सरदार कवल सिंह का शव रविवार सुबह घर के बाहर पड़ा देख उनकी पत्नी कुलविंदर कौर चीख पड़ी।

कवल सिंह का हाथ बिजली के तार पर था। कुलविंदर कौर ने बताया कि उसके पति व दोनों बेटों के साथ वह शनिवार रात सोए हुए थे। सुबह जब कुलविंदर कौर सोकर उठी और घर के बाहर आई तो देखा उनके पति जमीन पर पड़े हुए थे। और उनका हाथ बिजली के तार से चिपका हुआ था। इस घटना से क्षेत्र में हड़कंप मच गया। चीख सुनकर तमाम लोग इकट्ठे हो गए। लकड़ी के सहारे से कवल सिंह के हाथ से तार को दूर किया गया। कबल सिंह की मौत से उसके परिवार में कोहराम मच गया और चीख पुकार मच गई। परिवार के लोगों ने आशंका जताई कि सुबह तड़के कबल घर के बाहर निकले होंगे और टूटे पड़े बिजली के तार से उनका हाथ चिपक गया और करंट लगने से उनकी मौत हो गई होगी। कवल सिंह के बहनोई कांट निवासी रंजीत सिंह उर्फ लाली ने पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराया है।

महिलाएं शक्ति का रूप हैं: डॉ. सरोज

शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।

रानी लक्ष्मी बाई महिला विग ने इंटरनेशनल अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर रक्तदान शिविर का आयोजन जिला अस्पताल में किया। जिसमें जिला स्वास्थ्य अधीक्षक सरोज कुमार ने फीता काटकर कैंप का उद्घाटन किया। साथ में विभागध्यक्ष अमृता, डा. जीतू कुमार भी उपस्थित रहे। सबसे पहले अध्यक्ष स्तुति गुप्ता ने रक्तदान किया। सीएमएस डा. सरोज कुमार ने कहा कि यह बहुत ही खुशी का अवसर है कि आज के दिन महिलाओं ने रक्तदान किया है और यह संदेश समाज को दिया है कि महिलाएं शक्ति का रूप है। वह रक्तदान में भी पीछे नहीं है। संस्थापक डा. नमिता सिंह ने कहा कि आज के दिन रक्तदान करने का मुख्य उद्देश्य था कि लोगों में यह भावना पहुंचे की महिलाएं जब समाज में अपने मुकाम को हासिल करती हैं तो वह कहीं भी पीछे नहीं रहती हैं। चाहे किसी की सेवा करने का अवसर हो या रक्तदान का वह हमेशा पुरुषों से आगे बढ़कर अपना योगदान देती है। संस्था अध्यक्ष स्तुति गुप्ता ने बताया कि वह हर 6 महीने पर रक्तदान करती हैं रक्तदान करके उनको बहुत ही अच्छा महसूस होता है आज महिला दिवस के अवसर पर उन्हें बहुत ही गर्व की अनुभूति हो रही है कि उन्होंने एक अच्छा कार्य किया है। डा. अमित सिंह, तन्मय गुप्ता, रितु सिंह, सोनी गौर, अर्चना, सुभा शर्मा, कृतिका सिंह, डॉ. नमिता सिंह, युवराज सिंह, अर्चना अग्रवाल समेत 14 लोगों ने रक्तदान किया। इस अवसर पर छाया सक्सेना, साहबत हुसैन,डा. जीतू कुमार आदि का सहयोग रहा।

एटीएम तोड़कर चोरी की कोशिश नाकाम, पुलिस ने शातिर युवक को दबोचा

खुटार, शाहजहाँपुर समृद्धि न्यूज़। पुलिस ने एटीएम मशीन में तोड़फोड़ कर चोरी करने का प्रयास कर रहे एक शातिर युवक को गिरफ्तार कर बड़ी सफलता हासिल की है। पुलिस के अनुसार घटना 7 मार्च की रात करीब 11:50 बजे की है, जब पंथवारी रोड स्थित तिकुनिया तिराहे पर लगे इंडिया एटीएम में एक युवक घुसकर मशीन तोड़कर चोरी करने की कोशिश कर रहा था।

बताया गया कि चीता मोबाइल पर गश्त कर रहे हेड कांस्टेबल उपेन्द्र कुमार और होमगार्ड सुधीर गुप्ता को सूचना मिली कि एक व्यक्ति एटीएम के अंदर तोड़फोड़ कर रहा है। सूचना मिलते ही पुलिस टीम तुरंत मौके पर पहुंची और एटीएम के अंदर तोड़फोड़ कर रहे युवक को रंगे हाथों पकड़ लिया। पकड़े गए युवक ने अपना नाम विशाल पाण्डेय (26) पुत्र मुनीश पाण्डेय निवासी मोहल्ला रायटोला, थाना खुटार बताया। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर कानूनी कार्रवाई शुरू कर दी है। पुलिस के मुताबिक आरोपी का आपराधिक इतिहास भी रहा है और उसके खिलाफ पहले भी आर्म्स एक्ट के तहत दो मुकदमे दर्ज हैं। फिलहाल पुलिस आगे की जांच कर रही है।

बाल विवाह मुक्त भारत अभियान में उत्कृष्ट कार्य के लिए पूरी टीम सम्मानित

▸ डीएम ने सीडीओ का किया सम्मान

शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।

अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर महिला कल्याण विभाग एवं बाल विकास पुष्टाहार विभाग डीएम धर्मेंद्र प्रताप सिंह की अध्यक्षता में विकास भवन सभागार में कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिला प्रोबेशन अधिकारी गौरव मिश्रा ने डीएम धर्मेंद्र प्रताप सिंह व सीडीओ डा. अपराजिता सिंह, भाजपा महानगर अध्यक्ष शिल्पी गुप्ता को मोमेंटो देकर स्वागत किया। अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर डीएम द्वारा सीडीओ को लिविंग प्लांट देकर सम्मानित किया गया। जिला कार्यक्रम अधिकारी अरविंद रस्तोगी ने महानगर अध्यक्ष को सम्मानित किया। कार्यक्रम के दौरान महिला कल्याण विभाग द्वारा संचालित 100 दिवसीय राष्ट्रीय बाल विवाह मुक्त भारत अभियान में उत्कृष्ट कार्य के लिए जनपद शाहजहांपुर को उत्तर प्रदेश के टॉप-10 में चतुर्थ स्थान प्राप्त होने की उपलब्धि साझा की गई। इस उपलब्धि पर डीएम द्वारा उत्कृष्ट कार्य करने वाले छह कार्मिकों में प्रतिभा मिश्रा परामर्शदाता, सुप्रिया अवस्थी सामाजिक कार्यकर्ता, अवनीश कुमार आउटरीच वर्कर, ज्ञान स्वरूप सुपरवाइजर, सुधीर कुमार सुपरवाइजर, दिवाकर मिश्रा केस वर्कर को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। साथ ही वन स्टॉप सेंटर की उपनिरीक्षक कनक लता को भी उत्कृष्ट कार्य हेतु सम्मानित किया गया। इसी क्रम में बाल विकास पुष्टाहार विभाग की नवनियुक्त मुख्य सेविकाएं कोमल वर्मा, किरण देवी एवं शशिलता गौतम को डीएम द्वारा नियुक्ति पत्र प्रदान किए गए।

कन्या जन्मोत्सव मनाया

कार्यक्रम के दौरान कन्या जन्मोत्सव मनाते हुए एलिजा फातिमा, अन्वी सक्सेना, अमीषा वर्मा, तहूर फातिमा, फातिमा ऐनी, हूरैन, संवी पांडे, जन्नत फातिमा, जैना फातिमा, राधिका गुप्ता, अनिका, सुहानी वर्मा, शगूफी, साहिबा, तनिष्का सक्सेना, जामिया एवं सुमैरा फातिमा को महिला कल्याण विभाग की ओर से बेबी किट प्रदान कर सम्मानित किया गया तथा उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की गई। अंत में जिला प्रोबेशन अधिकारी गौरव मिश्रा ने सभी अतिथियों एवं प्रतिभागियों के प्रति धन्यवाद ज्ञापित किया। कार्यक्रम में जिला कार्यक्रम अधिकारी अरविंद रस्तोगी,बेसिक शिक्षा अधिकारी दिव्या गुप्ता, केंद्र प्रबंधक नमिता यादव, प्रोजेक्ट कोऑर्डिनेटर विनय शर्मा सहित महिला कल्याण विभाग एवं बाल विकास पुष्टाहार विभाग की टीम उपस्थित रही।

चित्रा टाकीज शाहजहांपुर में आज से श्रीमद्भागवत कथा प्रारंभ

▸ 15 मार्च को भंडारा, प्रसाद वितरण के साथ होगी पूर्णाहुति

शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।

चित्रा टाकीज में आज से श्रीमद् भागवत कथा प्रारंभ हो गया। 15 मार्च को भंडारा, प्रसाद वितरण के साथ पूर्णाहुति संपन्न होगी। प्रथम दिवस की कथा शुभारम्भ करते हुए वृंदावन से पधारे कथा व्यास आचार्य डा. दामोदर दीक्षित ने श्रीमद्भागवत के मंगलाचरण की व्याख्या की। व्यास जी ने ईश्वर को सत्य एवं घर घर वास करने वाला समझाने के लिए अनेकों दृष्टांतों से उदाहरण दिये। जैसे एक घड़े को बनाने के लिए मिट्टी, पानी, आग, हवा आदि पांच तत्वों की आवश्यकता है उसे बनाकर कुम्हार घड़े से अलग हो जाता है परन्तु परमात्मा इस भौतिक (पंचभूतों से निर्मित) संसार की रचना करता है लेकिन कुम्हार की भांति अलग नहीं होता वल्कि प्रति क्षण साथ रहता है । भागवत भगवान का शरीर है इस रस को पान करने वाला आनंदित होता है जैसे धन को पाने वाला धनी हो जाता है भगवान के चरण में प्रीति ही ज्ञान रूपी फल का रस है। कथा सुनाते हुए बताया एक बार नारद जी व्यास जी के पास गये शिष्टाचार अभिवादन के पश्चात नारद जी ने पूंछा कि आपने वेद को तीन भागों में विभाजित किया और फिर अभाव की अनुभूति होने पर एक भाग और किया अर्थात एक वेद को चार भागों में विभाजित किया फिर वेदों को सामान्य जन तक पहुँचाने के लिए पुरुषों की रचना की फिर भी आप अशांत से लग रहे हैं व्यास जी ने स्वीकार किया की वास्तव में तृप्ति नहीं हुई तो नारद जी ने कहा आप भगवान के साकार रूप लीलाओं के माध्यम से वर्णन करें तो आपको परम शांति प्राप्ति होगी। व्यास जी ने नारद जी के परामर्श से श्रीमद्भागवत महापुराण की स्थापना की तब जाकर हृदय को शांति प्राप्त हुई। ऐसी विलक्षण कथा के श्रवण एवं वाचन से श्रोताओं, भक्तो को भी शांति एवं आनंद प्राप्त होता है। फिर नारद जी ने अपने पूर्व जन्म की कथा सुनाई कि मै पूर्व जन्म में एक दासी का पुत्र था लेकिन संतो की संगति मिल जाने से आज मैं देवर्षि कहा जाता हूँ। कथा क्रम में व्यास जी ने परीक्षिति जन्म की कथा बड़े विस्तार से सुनाई। आरम्भ करते हुए डा.दामोदर जी ने बताया कि मरणधर्मी प्राणी को क्या करना चाहिए तो खटकाग नामक राजा की कथा के माध्यम से बताया कि उनको एक घड़ी साधु संगति से मुक्ति मिल गई। भगवान ने विराट स्वरुप को समझाया उसकी आराधना की विधि का विस्तृत वर्णन किया। विराट स्वरुप का ध्यान करने से रोग, द्वेष का सर्वस्व अभाव हो जाता है। न किसी से विशेष लगाव, न किसी से द्वेष शेष रह जाता है। सर्व प्रथम खन्ना परिवार के पुरोहित पंडित अनंतराम ने श्री गणेश, नवग्रह, श्रीमद् भागवत एवं देव पूजन कराया। सुधा मेहरा व ध्रुव मेहरा, जय प्रकाश खन्ना, रोली खन्ना एवं खन्ना परिवार के सदस्यों ने व्यास गद्दी पूजन किया, व्यास जी व मंचासीन विद्वानों का माल्यार्पण कर पूजन किया। इसी क्रम में पंडित रामदुलारे त्रिगुनायत ने भरत चरित का धार्मिक वर्णन किया। आचार्य रामानंद दीक्षित ने संचालन किया। कमलेश कुमार खन्ना ने मुख्य यजमान के रूप में भाव विभोर हो कथा श्रवण की। चंद्रशेखर खन्ना (धीरू), रागिनी खन्ना, कौस्तुभ, राजशेखर, ओमशेखर, डा. राम मेहरोत्रा, सोमनाथ कपूर एवं सरिता कपूर आदि अनेक भक्तों का सहयोग रहा। रमेश त्रिपाठी एवं प्रसून त्रिपाठी ने हनुमान चालीसा एवं भजनों के माध्यम से धर्म प्राण भक्तों रस विभोर किया। ढोलक पर संगति श्री रामबली ने की। कथा रोज़ प्रातः 08:30 से 11:30 तक एवं सायंकालीन 03:30 से 06:00 तक दोनों सत्रों में होगी।

विश्वास-संवाद और समाज को एक सूत्र में पिरोने का अवसर जनसंवाद: अनीत

▸ पूर्व महासचिव सेन्ट्रल बार एसोसिएशन के आवास पर जन-संवाद समारोह

शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।

होली के अवसर पर होली मिलन एवं जन-संवाद समारोह का आयोजन पूर्व महासचिव सेन्ट्रल बार एसोसिएशन अनीत त्रिवेदी के सिटी पार्क आवास पर हुआ। जिसमें बार एसोसिएशन के अधिवक्ताओं तथा शहर के अनेक नागरिकों की उपस्थिति रही। जनसमूह को संबोधित करते हुए भाजपा नेता अनीत कुमार त्रिवेदी एडवोकेट, पूर्व महासचिव ने कहा कि होली केवल रंगों का पर्व नहीं, बल्कि विश्वास, संवाद और समाज को एक सूत्र में पिरोने का अवसर है। उन्होंने कहा कि समाज की अपेक्षाओं को समझना और सहभागिता के माध्यम से सकारात्मक दिशा देना हम सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है। उन्होंने आगे कहा कि संवाद से ही समाधान का मार्ग निकलता है और जब समाज के विविध वर्ग एक साथ बैठते हैं, तो सौहार्द और सहयोग की नई ऊर्जा उत्पन्न होती है। यह आयोजन किसी औपचारिकता का नहीं, बल्कि पारस्परिक समानता और विश्वास को सुदृढ़ करने का एक प्रयास है। एक अधिवक्ता के रूप में मेरा सदैव प्रयास रहा है कि न्याय और व्यवस्था की भावना जनता तक पहुंच सके न्याय सिर्फ न्यायालय में नहीं अपितु समाज के हर कोने में होता है और मैं हर पीड़ित को संभव मदद चाहे न्यायलय के माध्यम से हो या प्रशासन के माध्यम से प्रयास करता हूं कि उसके काम आ सकूं अपनी जनता के काम आ सकूं यह मेरा प्रयास रहता है। कार्यक्रम में उपस्थित अधिवक्ताओं और नागरिकों ने भी सौहार्दपूर्ण वातावरण में एक-दूसरे को होली की शुभकामनाएँ दीं तथा सामाजिक समरसता और जनहित को सर्वोपरि रखने का संकल्प व्यक्त किया। समारोह का समापन आपसी मिलन, अभिनंदन एवं सामूहिक संवाद के साथ हुआ। इस दौरान एडवोकेट रामकुमार त्रिवेदी, एड,अनूप त्रिवेदी, गौरव मिश्रा, लव, प्रदीप मिश्रा आदि मौजूद रहे।

भैंस की रस्सी बनी ग्रामीण की मौत का फंदा

तिलहर-शाहजहांपुर। खूंटे से बंधी भैंस खोलते ही अचानक भाग खड़ी हुई । जिससे ग्रामीण की गर्दन में भैंस की रस्सी का फंदा पड़ जाने से वह दूर तक घिसटते चले गए । और उनकी मौके पर ही मौत हो गई । शरीर गर्म देख उन्हें सीएचसी ले जाया गया । जहां डॉक्टर ने उन्हें मृत घोषित कर दिया । अचानक हुई इस मौत से घर में कोहराम मच गया। गांव हुसैनपुर कबरा निवासी अरविंद कुमार ने बताया कि उनके चाचा द्रोण कुमार 50 रविवार की सुबह तड़के अपनी भैंस खोल रहे थे। इसी दौरान भैंस अचानक भाग खड़ी हुई और उसकी रस्सी का उनके गले में फंदा पड़ गया । भाग रही भैंस के कारण वह सड़क पर दूर तक घिसटते चले गए। जिससे गले का फंदा और कस गया। ग्रामीणों ने दौड़कर भैंस को रोककर उन्हें बचाया और सीएचसी लेकर पहुंचे। जहां डॉक्टर ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। उनकी मौत से परिवार में कोराहम मच गया वह अपने पीछे पत्नी ओमवती, 22 वर्षीय पुत्र यीशु एवं 19 वर्षीय पुत्री अंजली को बिलखता छोड़ गए हैं। अरविंद कुमार ने बताया कि उनका पोस्टमार्टम नहीं कराया गया है।

इंडियन रेलवे लोको लायंस रोज़ा एवं डायमंड टाइटंस रोज़ा के बीच खेला गया मैच

शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।

अटेवा पुरानी पेंशन बचाओ मंच एवं अटेवा प्रीमियर लीग कमेटी के तत्वावधान में आयोजित अटेवा प्रीमियर लीग 2026 क्रिकेट टूर्नामेंट में रविवार को राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान रोजा में तीन मैच खेले गए जिसमें पहला मैच प्रातः 8 बजे से इंडियन रेलवे लोको लायंस रोज़ा एवं डायमंड टाइटंस रोज़ा के बीच बहुत ही रोमांचक मैच खेला गया। इस मैच में पहले बल्लेबाजी करते हुए इंडियन रेलवे लोको लॉयंस रोजा ने 91 रन बनाए जिसके जवाब डायमंड टाइटंस रोजा 13.3 ओवर में लक्ष्य को दो विकेट शेष रहते प्राप्त कर लिया। इस मैच के प्लेयर आफ द मैच मयंक यादव रहे। दूसरा मैच प्रातः 11 बजे से भावलखेड़ा ब्लास्टर एवं मदनापुर टाइगर्स के बीच खेला गया जिसमें भावलखेड़ा ने शानदार खेलते हुए पहली पारी में 170 रन बनाएं जवाब में मदनपुर टाइगर्स मात्र 92 रन पर ऑल आउट हो गई। तीसरा मैच दोपहर 2 बजे से कटरा किंग्स और शाहजहांपुर मास्टर्स के मध्य खेला गया जिसमे कटरा किंग्स ने पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 15 ओवर में 86 बनाएं इसके जवाब में उतरी शाहजहांपुर मास्टर्स ने मात्र पांच विकेट खोकर आसानी से लक्ष्य को प्राप्त कर लिया। इस मैच के प्लेयर ऑफ द मैच दीपक यादव रहे। सभी विजेताओं को अटेवा प्रीमियर लीग कमेटी की ओर से हार्दिक शुभकामनाएं।

संदिग्ध मौत के मामले में महिला सहित तीन पर मुकदमा दर्ज

सिधौली, शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।

थाना सिधौली क्षेत्र के गांव बाजपुर जटपुरा में संदिग्ध परिस्थितियों में युवक का शव पेड़ से लटका मिलने के मामले में पुलिस ने महिला सहित तीन लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है।

गांव बाजपुर जटपुरा निवासी मुकेश कुमार उर्फ डालचंद ने कोतवाली में तहरीर देकर बताया कि 4 मार्च की शाम करीब 8 बजे उसके 21 वर्षीय भाई गोपाल उर्फ शेखू को गांव के ही नेतराम अपने साथ बुलाकर ले गया। आरोप है कि वह उसे गरबापुर निवासी रविन्दू के मोटर पर ले गया, जहां रविन्दू और उसकी पत्नी कुंती ने उसके साथ प्रताड़ना की।

परिजनों के अनुसार इस प्रताड़ना से आहत होकर गोपाल उर्फ शेखू ने फकीरे के खेत में पॉपुलर के पेड़ पर रस्सी के सहारे फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। 5 मार्च की सुबह गांव की राधा खेत की ओर शौच के लिए गई तो उसने पेड़ पर शव लटका देखा। इसके बाद उसने घर जाकर परिजनों को सूचना दी, जिससे गांव में हड़कंप मच गया। उक्त के खिलाफ पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर आवश्यक कार्रवाई की है। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। कोतवाल रविंद्र सिंह ने बताया कि तहरीर के आधार पर तीन लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। मामले की जांच की जा रही है और पूछताछ के लिए एक व्यक्ति को हिरासत में लिया गया है।

राममूर्ति सिंह वर्मा मेमोरियल सेवा ट्रस्ट का निःशुल्क महिला स्वास्थ्य जांच शिविर

शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।

राममूर्ति सिंह वर्मा मेमोरियल सेवा ट्रस्ट की ओर से अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर जलालाबाद क्षेत्र के ककरासिया ग्राम में निःशुल्क महिला स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्र की महिलाओं को बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराना और उन्हें स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करना था। मुख्य अतिथि के रूप में ब्लाक प्रमुख लता सिंह उपस्थित रही। उन्होंने शिविर का अवलोकन करते हुए इस पहल की सराहना की और कहा कि ऐसे स्वास्थ्य शिविर ग्रामीण महिलाओं के लिए अत्यंत लाभकारी सिद्ध होते हैं। शिविर में डा. नेहा राजपूत, डा. संजीव राजपूत, नर्स सुमन वर्मा द्वारा महिलाओं और अन्य मरीजों की विभिन्न प्रकार की स्वास्थ्य जांच की गई तथा जरूरतमंदों को निःशुल्क दवा का वितरण भी किया गया। इस अवसर पर ट्रस्ट के सदस्य जयेंद्र विक्रम सिंह, जयेश विक्रम सिंह, विजय विक्रम सिंह, प्रतिभा सिंह, आस्था मालिक सिंह उपस्थित रहे। मंच संचालन व कार्यक्रम की जिम्मेदारी दुर्गेश राज गौतम द्वारा निभाई गई। कार्यक्रम को सफल बनाने में सतेन्द्र सिंह, आदित्य सिंह, प्रतिभा शुक्ला सहित अन्य सहयोगियों का योगदान रहा। महिला दिवस के अवसर पर आयोजित शिविर के माध्यम से बड़ी संख्या में महिलाओं ने स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ उठाया और ट्रस्ट की पहल की सराहना की।

जनपद में डीजल-पेट्रोल और एलपीजी की कोई कमी नहीं, अफवाहों से बचें और घबराकर खरीदारी न करें: डीएम

महराजगंज, समृद्धि न्यूज़।

जनपद में डीजल-पेट्रोल और एलपीजी गैस सिलिंडरों की सुचारू आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए जिला प्रशासन पूरी तरह सतर्क है। इसी क्रम में जिलाधिकारी ने पेट्रोल पंप संचालकों और गैस एजेंसियों के प्रतिनिधियों के साथ महत्वपूर्ण बैठक कर आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए। बैठक के दौरान अधिकारियों ने स्पष्ट रूप से निर्देश दिया कि डीजल-पेट्रोल की बिक्री में किसी प्रकार की अनियमितता न हो और किसी भी परिस्थिति में ईंधन का अनावश्यक भंडारण (स्टॉक) न किया जाए। सभी पेट्रोल पंपों को आमजन को नियमित रूप से ईंधन उपलब्ध कराने तथा पारदर्शिता बनाए रखने के निर्देश दिए गए हैं।

इसके साथ ही गैस एजेंसियों को भी निर्देशित किया गया कि एलपीजी सिलिंडर केवल ऑनलाइन बुकिंग के आधार पर ही उपभोक्ताओं को उपलब्ध कराए जाएं और उनकी होम डिलीवरी सुनिश्चित की जाए, ताकि उपभोक्ताओं को किसी प्रकार की परेशानी का सामना न करना पड़े।

जिला प्रशासन ने यह भी स्पष्ट किया है कि जनपद में डीजल-पेट्रोल और एलपीजी गैस सिलिंडरों की पर्याप्त उपलब्धता है और किसी प्रकार की कमी नहीं है। जिलाधिकारी ने आमजन से अपील करते हुए कहा कि वे किसी भी प्रकार की अफवाहों पर ध्यान न दें, घबराहट में अनावश्यक खरीदारी न करें और अपनी आवश्यकता के अनुसार ही ईंधन व गैस की खरीद करें। प्रशासन ने भरोसा दिलाया है कि जिले में आवश्यक वस्तुओं की आपूर्ति व्यवस्था पूरी तरह सामान्य है और आम लोगों को किसी भी प्रकार की चिंता करने की आवश्यकता नहीं है।

हाइटेंशन लाइन की चपेट में आया किशोर, हादसे में दर्दनाक मौत

▸ मैरेज हाल में काम करते समय हुआ हादसा, साथी घायल

महराजगंज, समृद्धि न्यूज़।

महराजगंज जनपद के बृजमनगंज थाना क्षेत्र में शनिवार को एक दर्दनाक हादसे में हाइटेंशन बिजली लाइन की चपेट में आने से एक किशोर की मौत हो गई, जबकि उसका साथी गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना के बाद इलाके में अफरा-तफरी मच गई और मौके पर बड़ी संख्या में ग्रामीण एकत्र हो गए। सूचना मिलने पर धानी चौकी पुलिस मौके पर पहुंची और ग्रामीणों की मदद से दोनों को तत्काल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र धानी पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने एक युवक को मृत घोषित कर दिया।

प्राप्त जानकारी के अनुसार बृजमनगंज थाना क्षेत्र के ग्राम सभा सिकंदरा जीतपुर स्थित इंदु पैलेस मैरेज हाल में 10 मार्च को होने वाले कार्यक्रम की तैयारियां चल रही थीं। उसी दौरान गोरखपुर जिले के कैंपियरगंज थाना क्षेत्र के ग्राम खड़खड़िया टोला अमहवा निवासी दिव्यांशु यादव (16) पुत्र गनेश यादव अपने साथियों के साथ वहां काम कर रहा था। बताया जा रहा है कि दोपहर करीब 12 बजे दिव्यांशु लोहे की पाइप उठाकर ले जा रहा था। इसी दौरान मैरेज हाल के सामने से गुजर रही हाइटेंशन बिजली लाइन से पाइप अचानक छू गई, जिससे तेज करंट प्रवाहित हो गया और दिव्यांशु उसकी चपेट में आकर जमीन पर गिर पड़ा। इस घटना में उसके साथ काम कर रहा राजन यादव (17) पुत्र भजन यादव भी करंट लगने से घायल हो गया। घटना होते ही मौके पर मौजूद लोगों में हड़कंप मच गया। स्थानीय लोगों ने तत्काल पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर दोनों युवकों को आनन-फानन में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र धानी पहुंचाया, जहां चिकित्सकों ने दिव्यांशु यादव को मृत घोषित कर दिया। वहीं घायल राजन यादव को प्राथमिक उपचार के बाद घर भेज दिया गया। घटना की खबर मिलते ही सीएचसी धानी पर ग्रामीणों की भारी भीड़ जुट गई और पूरे इलाके में शोक की लहर दौड़ गई। बताया जा रहा है कि दिव्यांशु तीन भाइयों में सबसे छोटा था। उसके पिता गनेश यादव रोजी-रोटी की तलाश में पुणे में रहकर काम करते हैं। मिलनसार और हंसमुख स्वभाव के दिव्यांशु की असमय मौत से परिवार और गांव में मातम पसरा हुआ है। सूचना मिलने पर बृजमनगंज थानाध्यक्ष सत्यप्रकाश सिंह और धानी चौकी प्रभारी पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे और आवश्यक जांच-पड़ताल शुरू कर दी। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजने की कार्रवाई शुरू कर दी है।थानाध्यक्ष ने बताया कि फिलहाल मामले में किसी प्रकार की तहरीर नहीं मिली है। तहरीर मिलने के बाद आगे की कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

खंभे पर तार डालने को लेकर दो पक्षों में मारपीट, आठ घायल

सिंधौली, शाहजहांपुर। थाना क्षेत्र के गांव मूड़ा फतेपुर में बिजली के खंभे से तार डालने को लेकर दो पक्षों के बीच विवाद हो गया। बताया गया कि गांव निवासी भगवानदास के परिवार के नाम से बिजली कनेक्शन है। आरोप है कि पड़ोसी राजवीर का परिवार खंभे से तार डालकर बिजली का उपयोग करता था। तार डालने के दौरान भगवानदास के घर का बिजली का तार बार-बार हिल जाता था, जिससे उनके घर की बिजली बाधित हो जाती थी। रविवार सुबह दोनों पक्षों में कहासुनी हो गई और देखते ही देखते विवाद मारपीट में बदल गया। मारपीट में एक पक्ष से राजवीर, अमन, छोटी बिटिया और रामकीरत घायल हो गए, जबकि दूसरे पक्ष से भगवानदास, छविनाथ, अहिवरन और शीला देवी को चोटें आईं। घायलों को उपचार के लिए राजकीय मेडिकल कॉलेज भेज दिया। कोतवाल रविंद्र सिंह ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है और तहरीर मिलने पर कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

महर्षि कश्यप जयंती की तैयारियों को लेकर बैठक

मीरानपुर कटरा, समृद्धि न्यूज़।

शाहजहांपुर आगामी माह अप्रैल में मनाई जाने वाली महर्षि कश्यप जयंती को भव्य रूप से आयोजित करने के उद्देश्य से रविवार को NH30 बरेली लखनऊ हाईवे पर कश्यप बिल्डिंग में एक महत्वपूर्ण बैठक सम्पन्न हुई।

बैठक में क्षेत्र के गणमान्य नागरिकों, समाजसेवियों एवं कश्यप समाज के सम्मानित लोगों ने भाग लेकर कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए अपने सुझाव एवं विचार रखे। बैठक में मुख्य रूप से जगदीश कश्यप, हरीश कश्यप, राजेश कश्यप (पूर्व प्रत्याशी), राजीव कश्यप (पूर्व प्रत्याशी), हरिराम कश्यप, नीरज कश्यप, राम औतार कश्यप, विनोद नाथ, मोहित कश्यप, शिवम् कश्यप सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे। बैठक में वीर एकलव्य फाउंडेशन, उत्तर प्रदेश के अध्यक्ष राजेश कश्यप ने कहा कि समाज की एकता और सहयोग से इस वर्ष महर्षि कश्यप जयंती को भव्य एवं ऐतिहासिक रूप से मनाया जाएगा। उन्होंने सभी उपस्थित लोगों का आभार व्यक्त करते हुए समाज के अधिक से अधिक लोगों से कार्यक्रम में सहभागिता करने की अपील की।

सिलेंडर के दाम बढ़ने पर महिला कांग्रेस बोली- पर्याप्त तेल-गैस मुहैया कराने में सरकार लाचार

शाहजहांपुर। एलपीजी सिलेंडर के दामों में इजाफे को लेकर महिला कांग्रेस की बैठक हुई। अखिल भारतीय महिला कांग्रेस की राष्ट्रीय अध्यक्ष अलका लांबा व प्रदेश अध्यक्ष पश्चिमी जोन भारती त्यागी के निर्देश पर महिला कांग्रेस अध्यक्ष अर्चना वाल्मीकि के नेतृत्व में तिलहर में नगर पालिका कम्युनिटी हॉल में मीटिंग हुई। जिसमें एलपीजी गैस सिलेंडर की कीमतों में इजाफा होने के बाद केंद्र सरकार का निशाना साधा है। महिला कांग्रेस ने आरोप लगाया कि सरकार पर्याप्त तेल-गैस और उर्वरक मुहैया कराने में लाचार है। घरेलू एलपीजी सिलेंडर में 60 रुपए का इजाफा और कमर्शियल एलपीजी में 115 रुपए का मुनाफा कमाया। पहले कम अंतर्राष्ट्रीय दामों का लाभ जनता से छीना और अब महंगाई के बोझ से जनता का पसीना निकाला। इस मौके पर जिला अध्यक्ष अर्चना कटारिया, सीमा गौतम, लक्ष्मी, सुषमा रागिनी, श्वेता, कलावती सोनम, राधा, गीता सुनीता, बेबी आदि मौजूद थे।

अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर छात्रा को किया गया सम्मानित

▸ विकसित भारत प्रतियोगिता में जिले में प्रथम स्थान मिलने पर रुपए 51 हजार की प्रोत्साहन राशि

महराजगंज, समृद्धि न्यूज़।

अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर जनपद महाराजगंज में आयोजित एक गरिमामय समारोह में प्रतिभाशाली छात्रा प्रियंका विश्वकर्मा को सम्मानित किया गया। जिले के विकासखंड पनियरा अंतर्गत ग्राम सभा उसका स्थित हाजी अजहर खान इंटर कॉलेज की छात्रा प्रियंका ने ÷विकसित भारत÷ विषय पर आयोजित प्रतियोगिता में पूरे जिले में प्रथम स्थान प्राप्त कर अपने विद्यालय, परिवार और क्षेत्र का नाम गौरवान्वित किया है।

रविवार 08 मार्च 2026 को कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित सम्मान समारोह में प्रियंका को रुपए 51,000 की प्रोत्साहन राशि का चेक प्रदान कर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि जिला पंचायत अध्यक्ष रविकांत पटेल, फरेंदा विधायक वीरेंद्र चौधरी तथा जिलाधिकारी संतोष कुमार शर्मा ने छात्रा को सम्मानित करते हुए उसकी उपलब्धि की सराहना की और उसके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

कार्यक्रम के दौरान वक्ताओं ने कहा कि बेटियां आज हर क्षेत्र में अपनी प्रतिभा का परचम लहरा रही हैं और समाज के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही हैं। ऐसे सम्मान समारोह छात्राओं के आत्मविश्वास को बढ़ाते हैं तथा उन्हें अपने सपनों को साकार करने के लिए प्रेरित करते हैं।

इस अवसर पर विद्यालय की शिक्षिकाओं और अन्य प्रतिभाशाली छात्राओं को भी सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में उपस्थित अधिकारियों, शिक्षकों और अभिभावकों ने प्रियंका की सफलता को पूरे जिले के लिए गर्व का विषय बताया। उन्होंने कहा कि इस तरह की प्रतियोगिताएं विद्यार्थियों में रचनात्मक सोच, नेतृत्व क्षमता और सामाजिक जागरूकता को बढ़ावा देती हैं।

हाजी अजहर खान इंटर कॉलेज, उसका पनियरा के छात्र-छात्राएं शिक्षा के साथ-साथ विभिन्न प्रतियोगी, सांस्कृतिक और रचनात्मक गतिविधियों में भी लगातार उत्कृष्ट प्रदर्शन कर रहे हैं। विद्यालय का अनुशासित शैक्षिक वातावरण, शिक्षकों का मार्गदर्शन और प्रबंधन की सकारात्मक पहल विद्यार्थियों को निरंतर आगे बढ़ने के लिए प्रेरित करती है। प्रियंका विश्वकर्मा की इस उल्लेखनीय उपलब्धि से पूरे विद्यालय परिवार में खुशी और गर्व का माहौल है। विद्यालय प्रबंधन, शिक्षकगण तथा क्षेत्रवासियों ने छात्रा को बधाई देते हुए उसके उज्ज्वल और सफल भविष्य की कामना की है।

गाड़ी की टक्कर से घायल युवक की उपचार के दौरान मौत

पुवायां, शाहजहांपुर। थाना खुटार के गांव सिल्हुआ निवासी आशुतोष पांडेय एड. ने दर्ज कराई रिपोर्ट में बताया कि 4 मार्च को सुबह आठ बजे वह अपने बहनोई पुवायां के गांव वनगवां निवासी रवि शुक्ला के साथ टोल प्लाजा से 100 मीटर पहले दक्षिण अपने खेत से आकर खड़े थे तभी पीछे से आ रहे वैगनआर गाड़ी चालक सचिन वर्मा निवासी ग्राम बिलंदापुर ने बाइक में टक्कर मार दी। जिससे उनके बहनोई रवि शुक्ला गंभीर रूप से घायल हो गए, जबकि उन्हें भी कुछ चोटें आई। बहनोई को सीएचसी पुवायां में भर्ती कराया। जहां से डाक्टर ने रेफर कर दिया। इसके बाद वह बरेली लेकर गए। जहां पर इलाज के दौरान रवि शुक्ला की मौत हो गयी। युवक की मौत के बाद परिवार में कोहराम मच गया। पुलिस ने मामले की रिपोर्ट दर्ज की है।

सूचना

मेरी बैचलर आफ फार्मेसी की समस्त मार्कशीटों व डिग्री में पिता का नाम कमलेश कुमार दर्ज हो गया, जोकि गलत है। जबकि मेरे आधार कार्ड और हाईस्कूल की मार्कशीट में मेरे पिता का नाम अवधेश कुमार दर्ज हैं, जोकि सही है, इसी नाम से जाना जाए। शिवम राज पुत्र अवधेश कुमार नि.ग्रा. ककरौआ जसी, ब्लाक सिंधौली, पुवायां-शाहजहांपुर।

ताकि बचे बचपन

डिजिटल क्षेत्र में भारत के अग्रणी राज्य कर्नाटक ने सोलह साल से कम उम्र के बच्चों को सोशल मीडिया के घातक प्रभावों से बचाने के लिये देश में सबसे पहले अनुकरणीय पहल की है। राज्य सरकार ने 2026-27 के बजट सत्र के दौरान घोषणा की है कि किशोरवय अब सोशल मीडिया का उपयोग नहीं कर सकेंगे। यह निर्णय अभिभावकों की उस चिंता को कम करता है जो अनियंत्रित डिजिटल गतिविधियों से उत्पन्न होने वाले जोखिम से परेशान थे। जिसमें साइबर बुलिंग व साइबर धोखाधड़ी भी शामिल है। कर्नाटक की पहल के बाद आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री एन. चंद्रबाबू नायडू ने भी विधानसभा में घोषणा की है कि अगले नब्बे दिनों के भीतर 13 साल से कम उम्र के बच्चों द्वारा सोशल मीडिया के इस्तेमाल पर रोक लगा दी जाएगी। इस तरह आंध्र प्रदेश कर्नाटक के बाद ऐसा सख्त फैसला लेने वाला दूसरा राज्य बनने जा रहा है। इस प्रकार ये दो राज्य तेजी से ऑनलाइन होती दुनिया में 'किशोरों की सुरक्षा कैसे की जाए', की वैश्विक बहस में शामिल हो गए हैं। उल्लेखनीय है कि ऐसी पहल पहले आस्ट्रेलिया और फ्रांस आदि देशों में हो चुकी है। हालांकि, इन राज्यों की पहल सराहनीय है, लेकिन इस प्रतिबंध का प्रभावी क्रियान्वयन कैसे सुनिश्चित होगा, इसका प्रारूप अभी स्पष्ट नहीं है। दरअसल, देश-दुनिया के मनोवैज्ञानिक और बाल स्वास्थ्य विशेषज्ञों ने बार-बार चेतावनी दी है कि सोशल मीडिया का अनियंत्रित उपयोग किशोरों के मानसिक और भावनात्मक विकास पर प्रतिकूल प्रभाव डाल सकता है। उल्लेखनीय है कि इस चिंता का जिक्र 2025-26 के केंद्र सरकार के आर्थिक सर्वेक्षण में भी किया गया था। कर्नाटक व आंध्र प्रदेश की यह पहल तेजी से विकसित हो रहे तकनीकी परिदृश्य के प्रति एक सुरक्षात्मक दृष्टिकोण ही दर्शाती है। लेकिन यहां सवाल उठता है कि इस कार्य योजना को अमलीजामा कैसे पहनाया जाएगा? यह हकीकत जानते हुए कि आज के डिजिटल युग में, स्मार्टफोन और ऐप्स शिक्षा, संचार और दैनिक जीवन के अभिन्न अंग बन गए हैं। यहां उल्लेखनीय है कि तमाम स्कूल असाइनमेंट और अपडेट के लिये मैसेजिंग एप्स, ऑनलाइन पोर्टल और डिजिटल प्लेटफॉर्मों पर निर्भरता बढ़ गई है। यही वजह है कि छात्रों द्वारा 'शैक्षिक' और 'सामाजिक' उपयोग के बीच अंतर करना मुश्किल साबित हो सकता है। वहीं चिंता की बात यह भी कि किशोरों की आयु का सत्यापन कैसे व्यावहारिक बनाया जा सकेगा। वहीं देखना होगा कि सोशल मीडिया को संचालित करने वाली तकनीकी कंपनियां किस हद तक इस दिशा में सहयोग करेंगी। सहयोग न मिलने पर प्रतिबंध की व्यावहारिकता पर सवालिया निशान लग सकते हैं। उन परिवारों में जहां एक ही मोबाइल फोन का परिवार के अन्य सदस्य भी उपयोग करते हैं, वहां प्रतिबंध की व्यावहारिकता पर सवाल लग सकते हैं। उल्लेखनीय है कि आस्ट्रेलिया में पहले ही सोलह साल से कम उम्र के बच्चों के लिये सोशल मीडिया के उपयोग पर प्रतिबंध लागू है। वहीं दूसरी ओर फ्रांस जैसे अन्य देश भी सख्त डिजिटल सुरक्षा नियमों को लागू करने को लेकर गंभीर हैं। इसमें दो राय नहीं कि बच्चों को बेहतर डिजिटल सुरक्षा दी जानी जरूरी है, लेकिन केवल नियमन मात्र से इस जटिल समस्या का समाधान संभव नहीं हो सकता है। इस दिशा में सार्थक परिवर्तन सरकारों, स्कूलों, तकनीकी प्लेटफॉर्मों और सबसे महत्वपूर्ण रूप से अभिभावकों के बीच एक संतुलित दृष्टिकोण पर निर्भर करेगा। हालांकि, किशोरों को सोशल मीडिया की विकृतियों से बचाने के लिये तात्कालिक पहल केंद्र सरकार की तरफसे की जाती तो उसका देशव्यापी प्रभाव होता। लेकिन इसके बावजूद यदि कर्नाटक व आंध्र प्रदेश ने इस दिशा में पहल की है तो उम्मीद की जानी चाहिए कि अन्य राज्य भी इससे प्रेरणा ले सकेंगे। फिर निश्चित तौर पर केंद्र सरकार को भी देश में एक केंद्रीय कानून लाने को बाध्य होना पड़ सकता है। वहीं केंद्र सरकार को इस मुद्दे पर विषय विशेषज्ञों और समाज के विभिन्न वर्गों से भी राय लेनी चाहिए। ऐसे वक्त में जब बच्चों का स्क्रीन टाइम एक लत के रूप में लगातार बढ़ा है तथा उनकी एकाग्रता कम होने से पढ़ाई बाधित हो रही है, तो इस संकट का समाधान केंद्र व राज्यों की प्राथमिकता होनी चाहिए।

अमेरिका के सामने झुक गया भारत! आरोप और वैश्विक हकीकत

डॉ. मयंक चतुर्वेदी

भारत और अमेरिका के संबंधों को समझना भी जरूरी है। यह संबंध किसी एक सरकार या किसी एक राजनीतिक दल की देन नहीं हैं। पिछले कई दशकों से भारत की विदेश नीति में अमेरिका के साथ सहयोग एक महत्वपूर्ण तत्व रहा है। दो हजार आठ का भारत-अमेरिका असैनिक परमाणु समझौता इसका एक प्रमुख उदाहरण है। इसके बाद साल 2014 में मोदी सरकार आने के बाद से लगातार रक्षा, तकनीक, ऊर्जा और व्यापार के क्षेत्रों में दोनों देशों के बीच सहयोग बढ़ता गया है। हाल के वर्षों में दोनों देशों के बीच व्यापार का स्तर भी तेजी से बढ़ा है और यह आंकड़ा सैकड़ों अरब डॉलर तक पहुंच चुका है। यहां भारतीयों के लिए समझने के लिए बहुत कुछ है, वस्तुतः कूटनीति का मूल सिद्धांत ही यही है कि कोई देश अपने राष्ट्रीय हितों को ध्यान में रखते हुए अंतरराष्ट्रीय साझेदारियां बनाते हैं। इसमें भावनात्मक नारेबाजी का कोई औचित्य नहीं है बल्कि व्यावहारिक सोच की आवश्यकता होती है। इसी दृष्टि से देखें तो भारत का अमेरिका के साथ सहयोग वर्तमान की कोई कमजोरी नहीं है, यह तो एक सोचा-समझा निर्णय है। यही कारण है कि कांग्रेस का यह आरोप कि भारत-अमेरिका के सामने झुक गया है, वास्तविकता से बहुत दूर दिखाई देता है। अंतरराष्ट्रीय राजनीति में हर देश अपने हितों को ध्यान में रखकर फैसले करता है। अभी आपको जो दिख रहा है, इसे आप केंद्र सरकार की व्यावहारिक कूटनीति का हिस्सा कह सकते हैं।

भारतीय राजनीति में आरोपों की कमी कभी नहीं रहती। सत्ता पक्ष और विपक्ष के बीच तीखी बहस लोकतंत्र की स्वाभाविक प्रक्रिया है, किंतु जब आरोप तथ्यों और वैश्विक वास्तविकताओं से कटकर राजनीतिक बयान बन जाते हैं तब वे स्वभाविक तौर पर अपनी गंभीरता खो देते हैं। हाल के दिनों में कांग्रेस की ओर से यह आरोप लगाया गया कि भारत की सरकार अमेरिका के सामने झुक गई है, ठीक वैसा ही है।

वस्तुतः यह आरोप सुनने में भले ही तेज और आक्रामक लगे, पर यदि इसे वैश्विक राजनीति, अंतरराष्ट्रीय संबंधों और दुनिया की वास्तविक परिस्थितियों की रोशनी में देखा जाए तो यह लगभग खोखला और निराधार प्रतीत होता है।

सबसे पहले यह समझना जरूरी है कि दुनिया की शक्ति संरचना कैसी है। आज भी अंतरराष्ट्रीय व्यवस्था में कुछ ही देश ऐसे हैं जिनका प्रभाव राजनीति, अर्थव्यवस्था, तकनीक और सुरक्षा के क्षेत्र में व्यापक रूप से दिखाई देता है। अमेरिका उन देशों में सबसे प्रमुख है। उसकी अर्थव्यवस्था दुनिया की सबसे बड़ी अर्थव्यवस्थाओं में शामिल है, उसकी तकनीकी कंपनियां वैश्विक नवाचार की दिशा तय करती हैं और उसकी सैन्य शक्ति का प्रभाव अंतरराष्ट्रीय सुरक्षा ढांचे पर स्पष्ट रूप से दिखाई देता है। यही कारण है कि दुनिया भर के देश उसके साथ सहयोग और साझेदारी की कोशिश करते हैं।

किसी देश की वास्तविक ताकत का सबसे बड़ा संकेत यह नहीं होता कि उसके बारे में राजनीतिक भाषणों में क्या कहा जा रहा है, वस्तुतः यह होता है कि दुनिया के लोग उसके बारे में क्या सोचते हैं। यदि हम इस कसौटी पर अमेरिका को देखें तो एक सच्चाई साफ नजर आती है। दुनिया भर के करोड़ों लोग आज भी अमेरिका को अवसरों की भूमि मानते हैं। भारत, चीन, अफ्रीका, लैटिन अमेरिका और एशिया के कई देशों से लाखों लोग हर साल अमेरिका में पढ़ने, काम करने और बसने का सपना देखते हैं।

यदि वैश्विक शक्ति के अन्य आयामों पर नजर डालें तो अमेरिका की बढ़त कई क्षेत्रों में स्पष्ट दिखाई देती है। तकनीकी क्षेत्र में दुनिया की सबसे बड़ी कंपनियां वहीं से निकली हैं और सिलिकॉन वैली आज भी नवाचार का प्रमुख केंद्र मानी जाती है। शिक्षा के क्षेत्र में भी कई शीर्ष विश्वविद्यालय अमेरिका में स्थित हैं और यही कारण है कि दुनिया भर के छात्र वहां उच्च शिक्षा प्राप्त करने के लिए जाते हैं। अर्थव्यवस्था के स्तर पर अमेरिकी डॉलर अभी भी अंतरराष्ट्रीय व्यापार और वित्तीय व्यवस्था में सबसे प्रभावशाली मुद्रा बना हुआ है।

इस संदर्भ में संयुक्त राष्ट्र और अन्य अंतरराष्ट्रीय संस्थाओं की रिपोर्टें बताती हैं कि अमेरिका दुनिया का सबसे बड़ा प्रवासी गंतव्य बना हुआ है और वहां प्रवासी मूल के लोगों की संख्या करोड़ों में है। यह केवल कानूनी रास्तों तक सीमित नहीं है। अमेरिका मेक्सिको सीमा पर हर साल हजारों लोग अवैध रूप से प्रवेश करने की कोशिश करते हैं। कठिन रेगिस्तानी रास्ते, नदियों का जोखिम और सख्त सीमा सुरक्षा के बावजूद लोग उस दिशा में बढ़ते रहते हैं। कई बार यह प्रयास दुखद घटनाओं में बदल जाता है और कुछ लोग अपनी जान तक गंवा बैठते हैं। इसके बावजूद अमेरिका जाने का सपना खत्म नहीं होता। यह एक कठोर किंतु स्पष्ट सच्चाई है कि यदि कोई देश इतना महत्वहीन या कमजोर होता तब भला क्यों लोग अपनी जिंदगी को खतरे में डालकर वहां पहुंचने की कोशिश करते?

अमेरिका की ताकत उसकी सेना या अर्थव्यवस्था तक सीमित नहीं है। उसकी सबसे बड़ी शक्ति उसकी संस्थाएं हैं। वहां का संविधान, न्यायपालिका और नागरिक अधिकारों की व्यवस्था दुनिया में मजबूत लोकतांत्रिक ढांचे का उदाहरण मानी जाती है। इसी का एक ताजा उदाहरण जन्म के आधार पर मिलने वाली नागरिकता को लेकर चल रही बहस है। अमेरिका में कई धार्मिक संगठनों ने सर्वोच्च न्यायालय से अपील की है कि जन्म के आधार पर मिलने वाली नागरिकता को सीमित नहीं किया जाना चाहिए। इस प्रयास में हिंदू अमेरिकन फाउंडेशन ने प्रमुख भूमिका निभाई है। इस संगठन ने सत्तावन धार्मिक संगठनों के साथ मिलकर संयुक्त राज्य अमेरिका के सर्वोच्च न्यायालय में एक मित्र याचिका दायर की है। यह याचिका ट्रंप बनाम बारबरा नामक मामले में दी गई है जो इस समय न्यायालय में विचाराधीन है।

यह विवाद उस समय सामने आया जब दो हजार पच्चीस की शुरुआत में डोनाल्ड ट्रंप प्रशासन ने एक कार्यकारी आदेश के माध्यम से जन्मसिद्ध नागरिकता को सीमित करने का प्रयास किया। अमेरिका के संविधान के चौदहवें संशोधन में स्पष्ट रूप से लिखा है कि संयुक्त राज्य अमेरिका में जन्म लेने वाला हर व्यक्ति नागरिक माना जाएगा। यही प्रावधान अमेरिकी लोकतंत्र के मूल सिद्धांतों में से एक है और इसी कारण इस विषय पर व्यापक बहस चल रही है।

इस बहस में एक दिलचस्प पहलू यह भी सामने आया है कि हिन्दू समुदाय ने अपने तर्क यहां सिर्फ संवैधानिक प्रावधानों के आधार पर ही सिद्ध करने के प्रयास नहीं किए हैं, बल्कि धार्मिक और सांस्कृतिक मूल्यों के आधार पर भी रखे हैं। हिंदू अमेरिकन फाउंडेशन का कहना है कि हिंदू परंपरा पूरी दुनिया को एक परिवार मानने की शिक्षा देती है। यह विचार महा उपनिषद में व्यक्त वसुधैव कुटुंबकम के सिद्धांत में मिलता है, जिसका अर्थ है कि उदार विचार वाले लोगों के लिए पूरी दुनिया एक परिवार होती है। संकीर्ण सोच वाले लोग किसी को अपना और किसी को पराया मानते हैं लेकिन उदार विचार वाले लोगों के लिए पूरी दुनिया एक परिवार होती है।

इसी प्रकार तैत्तिरीय उपनिषद में अतिथि देवो भव का संदेश दिया गया है, जिसमें अतिथि को देवता के समान सम्मान देने की बात कही गई है। कहा गया है कि अतिथि को देवता के समान मानकर उसका सम्मान करना चाहिए। यह उल्लेख इसलिए महत्वपूर्ण है क्योंकि यह दर्शाता है कि भारतीय सभ्यता के विचार और मूल्य आज भी दुनिया के दूसरे हिस्सों में बसे भारतीय समुदाय के जीवन और सोच का हिस्सा हैं। फाउंडेशन ने यह भी कहा कि जन्मसिद्ध नागरिकता अमेरिका में धार्मिक विविधता बनाए रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है।

इन सभी तथ्यों के बीच भारत और अमेरिका के संबंधों को समझना भी जरूरी है। यह संबंध किसी एक सरकार या किसी एक राजनीतिक दल की देन नहीं हैं। पिछले कई दशकों से भारत की विदेश नीति में अमेरिका के साथ सहयोग एक महत्वपूर्ण तत्व रहा है। दो हजार आठ का भारत-अमेरिका असैनिक परमाणु समझौता इसका एक प्रमुख उदाहरण है। इसके बाद साल 2014 में मोदी सरकार आने के बाद से लगातार रक्षा, तकनीक, ऊर्जा और व्यापार के क्षेत्रों में दोनों देशों के बीच सहयोग बढ़ता गया है। हाल के वर्षों में दोनों देशों के बीच व्यापार का स्तर भी तेजी से बढ़ा है और यह आंकड़ा सैकड़ों अरब डॉलर तक पहुंच चुका है।

यहां भारतीयों के लिए समझने के लिए बहुत कुछ है, वस्तुतः कूटनीति का मूल सिद्धांत ही यही है कि कोई देश अपने राष्ट्रीय हितों को ध्यान में रखते हुए अंतरराष्ट्रीय साझेदारियां बनाते हैं। इसमें भावनात्मक नारेबाजी का कोई औचित्य नहीं है बल्कि व्यावहारिक सोच की आवश्यकता होती है। इसी दृष्टि से देखें तो भारत का अमेरिका के साथ सहयोग वर्तमान की कोई कमजोरी नहीं है, यह तो एक सोचा-समझा निर्णय है। यही कारण है कि कांग्रेस का यह आरोप कि भारत-अमेरिका के सामने झुक गया है, वास्तविकता से बहुत दूर दिखाई देता है। अंतरराष्ट्रीय राजनीति में हर देश अपने हितों को ध्यान में रखकर फैसले करता है। अभी आपको जो दिख रहा है, इसे आप केंद्र सरकार की व्यावहारिक कूटनीति का हिस्सा कह सकते हैं।

विचार

अंधविश्वास पर विश्वास

हृदयनारायण दीक्षित

अमेरिका सारी दुनिया को पंथनिरपेक्षता का पाठ पढ़ाता रहता है लेकिन ईरान के साथ अमेरिका-इजरायल संघर्ष के संदर्भ में एक विचित्र प्रवृत्ति सामने आ रही है। इस युद्ध को कुछ लोग सीधे धार्मिक भविष्यवाणियों और अंधविश्वास से जोड़ने का प्रयास कर रहे हैं। एक वरिष्ठ पत्रकार जोनाथन लार्सन द्वारा अमेरिकी सेना के भीतर मजहबी कट्टरवाद और सैनिक अधिकारियों द्वारा बाइबिल की भविष्यवाणियों के प्रयोग का प्रश्न उठाया गया है। मिलिट्री रिलिजियस फ्रीडम फाउंडेशन को ऐसी 110 से अधिक शिकायतें प्राप्त हुईं। शिकायतें 30 से ज्यादा सैनिक ठिकानों और 40 इकाइयों से जुड़ी हैं।

कुछ कमांडरों पर आरोप है कि वे ईरान के साथ संभावित युद्ध को ईश्वर की दिव्य योजना बता रहे हैं। यीशु की वापसी का विश्वास है। युद्ध को यीशु की वापसी मार्ग भी कहा जा रहा है। शिकायत करने वालों में केवल नास्तिक ही नहीं बल्कि ईसाई, मुस्लिम और यहूदी सैनिक भी शामिल हैं। उनका कहना है कि ऐसी बयानबाजी सैनिक एकता और संविधान की शपथ दोनों का उल्लंघन करती है। अमेरिका में सैनिक अनुशासन के स्पष्ट नियम हैं। अमेरिकी सेना में धर्म प्रचार की अनुमति नहीं है। इसके बावजूद अंधविश्वास से जुड़ी शिकायतें बढ़ रही हैं। सेना की चिंता है कि कुछ कमांडर मजहबी संदर्भों का दुरुपयोग कर रहे हैं। वे युद्ध को पवित्र और अनिवार्य सिद्ध करने के लिए धार्मिक ग्रंथों का सहारा ले रहे हैं।

लार्सन की रिपोर्ट में उल्लेख है कि एक कमांडर ने नॉन-कमीशंड अधिकारियों को संबोधित करते हुए ईरान युद्ध को बाइबिल की भविष्यवाणियों से जोड़ दिया। कमांडर ने कहा कि प्रभु यीशु ने राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप का अभिषेक किया है कि वे ईरान में अग्नि प्रज्ज्वलित करें, जिससे आर्मगेडन प्रारम्भ हो और पृथ्वी पर यीशु की वापसी का मार्ग प्रशस्त हो। एक अन्य सैनिक ने बताया कि उनकी यूनिट ईरानी युद्ध क्षेत्र से दूर है, फिर भी वहां इसी प्रकार का कट्टरपंथी संदेश दिया गया। एक एनसीओ ने लिखा है कि कमांडर को नेताओं ने सैनिकों तक यह संदेश पहुँचाने के लिए कहा कि यह युद्ध ईश्वर की दिव्य योजना का हिस्सा है। उन्होंने बाइबिल के 'बुक ऑफ रेवलेशन' का संदर्भ देते हुए आर्मगेडन और यीशु की वापसी से जुड़े प्रसंग दोहराए हैं। युद्ध प्रत्यक्ष मानवीय कार्यवाही है। परिस्थितियों के कारण ही युद्ध जैसे कर्म संभव होते हैं। भू-सामरिक कारण युद्ध को बढ़ाते या घटाते हैं। युद्ध में ईश्वर को घसीटना उचित नहीं है। युद्ध और बर्बरता ईश्वर की योजना का परिणाम नहीं होते। शिकायत करने वाले एनसीओ ने ठीक चेतावनी दी है कि ऐसे अंधविश्वासी वक्तव्य उचित नहीं होते। ऐसे वक्तव्य साहस और एकजुटता को नष्ट करते हैं। संविधान की रक्षा की शपथ का उल्लंघन भी करते हैं। रिपोर्ट के अनुसार अमेरिकी सेना में मजहबी कट्टरवाद और बाइबिल की भविष्यवाणियों के प्रयोग पर गंभीर प्रश्न उठाए गए हैं। बाइबिल में अंत समय और आर्मगेडन की भविष्यवाणियों का उल्लेख है। आर्मगेडन शब्द बाइबिल की 'बुक ऑफ रेवलेशन' में आया है। यह धारणा अच्छाई और बुराई के बीच होने वाले अंतिम युद्ध से जुड़ी है। अनेक ईसाई मानते हैं कि आर्मगेडन का युद्ध ईसा मसीह की पृथ्वी पर दूसरी वापसी का संकेत होगा, जब वे बुराई को पराजित कर शांति स्थापित करेंगे। कुछ व्याख्याओं में वर्तमान युद्ध और अशांति को भी ईश्वर की योजना का हिस्सा माना जाता है, ताकि भविष्यवाणी पूरी हो सके। सैनिकों की चिंता यह है कि कुछ कमांडर इन धार्मिक संदर्भों का उपयोग युद्ध को पवित्र या अनिवार्य सिद्ध करने के लिए कर रहे हैं। यह सैन्य अनुशासन और लोकतांत्रिक मूल्यों के विरुद्ध है। इतिहास में तथ्य है कि जब-जब युद्ध को धर्म का आवरण मिला है, तब-तब उसका स्वरूप अधिक क्रूर और बर्बर हुआ है। मध्यकालीन यूरोप के धर्मयुद्ध इसका उदाहरण हैं। धर्म के नाम पर लड़े गए युद्धों में लाखों लोग मारे गए, नगर उजड़ गए। सभ्यताओं को भी गहरी चोट पहुंची। युद्ध की ज्वाला जब धार्मिक आवेश से जुड़ जाती है तो विवेक का स्थान उन्माद ले लेता है। आधुनिक राष्ट्र-राज्य की अवधारणा इसी अनुभव से विकसित हुई। आधुनिक लोकतंत्रों ने राज्य और धर्म को अलग रखने की व्यवस्था बनाई कि युद्ध जैसे निर्णय राष्ट्रीय हित के आधार पर लिए जाने चाहिए। अंधविश्वास के आधार पर लिए गए निर्णय उचित नहीं होते। अमेरिका स्वयं को आधुनिक लोकतांत्रिक मूल्यों का अग्रदूत मानता है। उसकी सेना संविधान के प्रति निष्ठा की शपथ लेती है, किसी धर्मग्रंथ के प्रति नहीं। इसलिए अमेरिकी सेना में धार्मिक प्रचार या कट्टरता को लेकर उठ रही शिकायतें चिंताजनक हैं।

पश्चिम एशिया की राजनीति में प्रयुक्त भाषा पर भी विचार आवश्यक है। हाल ही में ईरान के सर्वोच्च नेता अयातुल्ला अली खामेनेई के आधिकारिक ट्विटर अकाउंट से एक टिप्पणी आई कि यहूदियों ने बहुत बड़ी गलती कर दी। यह कथन भी मजहबी है। यह गंभीर समस्या उत्पन्न कर सकता है। किसी राज्य की नीति या कार्रवाई की आलोचना एक बात है लेकिन उसे किसी पूरे धार्मिक समुदाय से जोड़ देना दूसरी बात है। उचित यह होता कि कथन इस प्रकार होता कि इजराइल ने बहुत बड़ी गलती कर दी। अंतरराष्ट्रीय राजनीति में भाषा का संयम अत्यंत महत्वपूर्ण है। किसी राष्ट्र की नीति की आलोचना और किसी धार्मिक समुदाय के प्रति आरोप में स्पष्ट भेद होते हैं। युद्ध का निर्णय अत्यंत गंभीर राजनीतिक और सामरिक निर्णय होता है। इसके पीछे कूटनीति, रणनीति, सुरक्षा और अंतरराष्ट्रीय समीकरण जैसे अनेक तत्व महत्वपूर्ण होते हैं। धार्मिक भविष्यवाणियों को निर्णायक मानने से विवेकपूर्ण निर्णय प्रक्रिया विकृत हो जाती है। सैनिकों का मनोबल भी प्रभावित होता है। सैनिक किसी धर्मयुद्ध के लिए नहीं बल्कि राष्ट्र की रक्षा के लिए लड़ते हैं। आधुनिक विश्व पहले ही अनेक मजहबी पंथिक संघर्षों से जूझ रहा है। पश्चिम एशिया इसका बड़ा उदाहरण है। यदि महाशक्तियों की सेनाओं में भी धार्मिक कट्टरता का प्रभाव बढ़ने लगे तो अंतरराष्ट्रीय शांति और अधिक संकट में पड़ सकती है। इसलिए अमेरिकी समाज और सेना के भीतर उठ रहे ये प्रश्न केवल आंतरिक अनुशासन का मामला नहीं हैं बल्कि वैश्विक चिंता का विषय भी हैं।

युद्ध के समय संयम और विवेक की सबसे अधिक आवश्यकता होती है। सैनिक नेतृत्व का दायित्व है कि वह अपने अधीनस्थों को एकजुट रखे, उनके भीतर पेशेवर अनुशासन और राष्ट्र निष्ठा की भावना मजबूत करे। नेतृत्व को पंथिक व्याख्याओं से युद्ध को पवित्र बताने से बचना चाहिए। यह सैन्य व्यवस्था की मूल भावना के विपरीत है। युद्ध मानवीय विफलता का प्रतीक है। किसी दिव्य योजना का परिणाम नहीं। सह अस्तित्व और संवाद ही स्थायी समाधान के मार्ग हैं। युद्ध को ईश्वर की योजना बताने से हिंसा के लिए एक नया नैतिक औचित्य तैयार होगा। यह मानवता के लिए घातक है। युद्ध और पंथिक विश्वास के बीच स्पष्ट दूरी आवश्यक है। सैन्य संस्थाओं को अपने मूल पंथनिरपेक्ष अनुशासन को कठोरता से लागू करना चाहिए। पंथिक अंधविश्वास विवेकपूर्ण नहीं होते।

(लेखक, उत्तर प्रदेश विधानसभा के पूर्व अध्यक्ष हैं।)

साहित्य

नींद में हम

अनीता वर्मा

सबसे पवित्र होते हैं
पतित कुछ नहीं होता पतित
अनुभव गोद में झुके होते हैं
गंधक पारे के पीले सफ़ेद फूलों में
एक लड़की है नींद
उसके केशों से गिरता है प्यार

जीवन के दृश्य क्षमा लेते हैं
उदासी पोंछने का एक झाड़न टँगा
रहता है
सुबह के फीके बल्ब पर
अपना कोई प्रिय वर्तमान
हम अतीत से माँग लाते हैं
पाँच लाख फूलों पाँच हज़ार
नदियों के बीच
शांत बहती हैं साँसें
नींद कहती है आओ गिरो।

राशिफल

मेषः- भावुकतावश संबंधों में भावनात्मक शोषण की आशंका है। पूर्वाग्रह वश अपने निकटस्थ सम्बन्धों के बारे में गलत धारणा पालना ठीक नहीं।

वृषभः- व्यावसायिक संबंध प्रगाढ़ होंगे। परिश्रम से आर्थिक लाभ के योग हैं। अत्यधिक भावुकता से भावनात्मक शोषण की भी आशंका है।

मिथुनः- किसी अचल सम्पत्ति क्रय हेतु प्रयत्न तीव्र। अपने भाग्य को कोसना छोड़ अपने समय का सकारात्मक दिशा में लगाएं। मान-प्रतिष्ठा में वृद्धि तो होगी परन्तु इससे अभिमानी न बनें।

कर्कः- समाजिक मान-सम्मान व वर्चस्व में वृद्धि होगी। व्यावसायिक क्षेत्र के प्रतिभा में निखार आयेगा। आपके स्थितियों में आकस्मिक सुधार के आसार बन रहें।

सिंहः- नये कार्य में पूंजी निवेश हेतु धनाभाव अवरोधक होगा। आपमें दूसरों को आकर्षित करने की अभूतपूर्व क्षमता है इसका भरपूर लाभ मिलेगा। आर्थिक क्षेत्र में परिश्रमानुकूल सफलता प्राप्त होगी।

कन्याः- रोजगार के क्षेत्र में किये गये कर्म का फल सफलता का आगाज कर रहा है। परिजनों की सुख-सुविधा के प्रति मन चिन्तित होगा।

तुलाः- प्रणय सम्बन्ध में केन्द्रित मन प्रियतम से मिलने के लिऐ व्याकुल होगा। किसी खास मुद्दे को लेकर परिजनों के मतभेद का सामना करना पड़ेगा।

वृश्चिकः- अच्छे अवसरों का लाभ उठानें में सक्षम बनें। जीवन में नीरसता को कम करने के लिए मन को सकारात्मक दिशा दें। व्यावसायिक क्षेत्र में सफलता से मन उत्साहित होगा।

धनुः- भावुकतावश किसी सम्बन्धी की बातें मन को कष्ट पहुंचा सकती हैं। अपने अन्दर नए उर्जा की अनुभूति करेंगे। लेकिन बिगड़े हुए सम्बन्धों को सुधारने की चेष्ठा करें। कार्य क्षेत्र में नये आसारों से उत्साहित होंगे।

मकरः- उच्छृंखल व मजाकिया स्वभाव आस-पास के वातावरण में महत्ता तो बढ़ाएगा। रोजगार में अपनी स्थिति को लेकर मन में हीनता का वाश होगा। महत्वपूर्ण पारिवारिक दायित्वों के पूर्ति के आसार बनेंगे।

कुंभः- परिवार में किसी की अस्वस्थता से मन चिन्तित होगा। परिवारिक जिम्मेदारियां मन को बोझिल करेंगी। शिक्षा-प्रतियोगिता में प्रयत्न सार्थक होगा।

मीनः- सरल व मिलनसार स्वभाव से संबंधों में लोकप्रिय होंगे। भौतिक सुख-साधनों की लालसा में व्यय के योग हैं। जीविका क्षेत्र में परिश्रम सार्थक होगा।

ईरान युद्ध : भारत के लिए आगे राह खतरों भरी

मनीष तिवारी

ईरान के विरुद्ध अमरीकी-इसराईली हमले, एक और क्षेत्रीय भड़कन होने के अलावा, यूरेशियाई भू-राजनीतिक और आर्थिक संरचना के लिए एक 'प्रणालीगत झटके' के रूप में आए हैं। नई दिल्ली के लिए, यह संकट एक 'पूर्ण तूफान' की शक्ति के साथ उतरा है, जो इसकी रणनीतिक स्वायत्तता और आर्थिक लचीलेपन की कड़ी परीक्षा ले रहा है। सबसे तात्कालिक और गहरा प्रभाव व्यापक अर्थव्यवस्था पर पड़ता है, जो इसके ऊर्जा आयात की कीमत और संरचना के माध्यम से निर्देशित होता है।

भारत अपने कच्चे तेल का 85 प्रतिशत से अधिक आयात करता है, जिसका लगभग आधा ऐतिहासिक रूप से पश्चिम एशिया से प्राप्त होता है, जो इसे बेहद संवेदनशील बनाता है। ब्रेंट क्रूड की कीमतों में उछाल सीधे भारत के चालू खाता घाटे (कैड) को बढ़ाता और रुपए पर अवमूल्यन का दबाव डालता है, जिससे केंद्र सरकार के प्रबंधनीय राजकोषीय गणित का दायरा बढ़ जाता है। हालांकि, तेल व्यवधान का केवल आयतनात्मक विश्लेषण इसके गहरे और अधिक घातक खतरे को समझने में चूक जाता है। खतरा केवल मात्रा का नहीं बल्कि गुणवत्ता का है। ईरानी लाइट क्रूड, अपनी 33.36 डिग्री की इष्टतम ए.पी.आई. ग्रैविटी और मध्यम सल्फर सामग्री के साथ, वैश्विक रिफाइनिंग मैट्रिक्स में एक अद्वितीय और महत्वपूर्ण स्थान रखता है। यह वह आदर्श मिश्रण है, जिसके लिए वैश्विक रिफाइनरियां, विशेष रूप से डीजल और गैसोलीन जैसे मध्यम डिस्टिलेट की पैदावार को अधिकतम करने के लिए डिजाइन की गई, अनुकूलित की गई हैं। यह क्षेत्र भारतीय इंजीनियरिंग सामान, फार्मास्यूटिकल्स, कपड़ा और बासमती चावल के लिए एक बड़ा बाजार है। बढ़ते संघर्ष ने पहले ही उन समुद्री मार्गों को बाधित कर दिया है, जिनसे इस व्यापार का एक महत्वपूर्ण हिस्सा गुजरता है।

माल ढुलाई और बीमा लागत आसमान छू गई है, जिससे कई शिपमैंट अलाभकारी हो गए हैं और देरी के कारण खराब होने वाले सामान बर्बाद हो रहे हैं तथा अनुबंध की समय-सीमा का उल्लंघन हो रहा है। 'लैटर ऑफ क्रैडिट' पर बातचीत करना कठिन होता जा रहा है। इसके साथ ही, खाड़ी सहयोग परिषद (जी.सी.सी.) देशों में केंद्रित छह मिलियन मजबूत भारतीय प्रवासियों से मिलने वाली 60 बिलियन डॉलर की वार्षिक प्रेषण जीवनरेखा खतरे में पड़ गई है।

खाड़ी क्षेत्र में संघर्ष-प्रेरित मंदी, जो तेल की कीमतों में उतार-चढ़ाव और निवेशकों के पलायन से संचालित होगी, सीधे भारतीय प्रवासी पेशेवरों और ब्लू-कॉलर श्रमिकों के लिए नौकरियों के नुकसान और वेतन कटौती में बदल जाएगी। जी.सी.सी. का स्थिरता का मुखौटा उतर गया है, जिससे यह कठोर सुरक्षा वास्तविकता उजागर हो गई है कि उनका आध्थक विविधीकरण, जैसे कि मैगा-प्रोजैक्ट्स, 'नियोम' जैसे भविष्य के शहर, पर्यटन गोल्डन वीजा, एक ऐसी नींव पर बने हैं जिसे अब वैश्विक संस्थागत पूंजी द्वारा 'नंगी तलवार' के रूप में देखा जा सकता है। अमरीकी ठिकानों के पास ईरानी जवाबी हमलों ने पुष्टि की है कि जी.सी.सी. का सुरक्षा छत्र छिद्रपूर्ण है। फिर भी, खाड़ी अरब देशों को निष्क्रिय पीड़ितों के रूप में चित्रित करना कपटपूर्ण होगा।

तेल अवीव के अलावा, जी.सी.सी. देश भी ईरान की परमाणु प्रगति और उसके प्रॉक्सी नैटवर्क से गहरे चिंतित थे। उनके आकलन में, ईरान के कार्यक्रम को एक निर्णायक, भले ही अस्थिर करने वाला झटका, परमाणु छाया के तहत अपनी सुरक्षा के धीरे-धीरे क्षरण से बेहतर था। जिस भी हद तक और जिस भी उद्देश्य के लिए उन्होंने सैन्य ठिकानों को आवास देकर और ओवरफ्लाइट अधिकार प्रदान करके अमरीका और उसके ईरान विरोधी अभियान को सुगम बनाया, वे उस संकट के 'सह-वास्तुकार' हैं, जो अब उनकी अर्थव्यवस्थाओं को निगलने की धमकी दे रहा है। एक विश्लेषणात्मक दृष्टिकोण से, ये हमले एक ऐसी शक्ति के कार्य हैं जो रोकने या समाधान करने की बजाय बाधित करना चाहती है। अराजकता बोकर और ईरानी प्रतिशोध की सीमा को बढ़ाकर, वाशिंगटन यह गणना कर सकता है कि यह उसके प्राथमिक प्रतिस्पधर्यों-चीन और कुछ हद तक रूस-के लिए रणनीतिक माहौल को जटिल बनाता है, जिन्होंने तेहरान के साथ अपने आर्थिक और सुरक्षा संबंधों को गहरा किया है। यह उन एशियाई और यूरोप

खबरें एक नजर में

अलग-अलग थाना क्षेत्र से दो युवतियां लापता, आरोपियों पर रिपोर्ट

हरदोई। जनपद के अलग अलग थाना क्षेत्र के गांव से दो युवतियों को बहला फुसलाकर कर भगा ले जाने के मामले में परिजनों की लिखित तहरीर के आधार पर पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की। पुलिस युवतियों की तलाश कर रही है। शाहाबाद थाना क्षेत्र निवासी पीड़ित पिता के अनुसार 7 मार्च को रात्रि में 3:00 बजे उसकी पुत्री अकेली थी। उसी समय जितेंद्र पुत्र वेदराम निवासी कुतुबनगर हिरौली बहला फुसलाकर भगा ले गया। बेहटा गोकुल थाना क्षेत्र निबासी पीड़ित पीता के अनुसार उसकी 18 वर्षीय पुत्री की 1 मार्च को दस बजे दिन में पिहानी के ग्राम अख्तयारपुर निबासी अखिलेश पुत्र रामकिशोर अपने पीता और भाई कल्लू के सहयोग से बहला फुसला कर भगा ले गया। आरोपियों के खिलाफ दोनों युवतियों के पिता ने रिपोर्ट दर्ज कराई है। संबंधित थाना पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर युवतियों की तलाश शुरू कर दी है।

बाइक चालक पर रिपोर्ट दर्ज

शाहाबाद हरदोई। हरियाली बाजार के पास सड़क दुर्घटना में घायल ने इलाज के बाद बाइक चालक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है। शाहाबाद कोतवाली के मोहल्ला वाजिद खेल निवासी फिरोज खान पुत्र मुन्ना खान के अनुसार 9 फरवरी को दोपहर 3:00 बजे अपने पुत्र फैज के साथ अपनी साइड से आ रहा था। उसी समय ग्राम नरहाई निवासी शेर सिंह पुत्र दयाराम ने शराब के नशे में तेज रफ्तार बाइक लाकर गलत साइड से उसके टक्कर मार दी जिससे वह और पुत्र फैज घायल हो गये। इलाज के बाद रविवार को आरोपी बाइक चालक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई। पुलिस घटना की जांच पड़ताल कर रही है।

अतर्जी में घनी आबादी के बीच परचून की दुकान में सेंध लगाकर नकदी व सामान चोरी

पाली, हरदोई। पाली थाना क्षेत्र के अतर्जी गांव में शनिवार रात अज्ञात चोरों ने एक परचून की दुकान में सेंध लगाकर नकदी और सामान चोरी कर लिया। घटना की जानकारी रविवार सुबह दुकानदार को हुई, जिसके बाद उसने डायल 112 व थाना पुलिस को सूचना दी। अतर्जी गांव निवासी विनोद पाल पुत्र खुशीराम की गांव में ही परचून की दुकान है, शनिवार रात अज्ञात चोर दुकान की पूरब की दीवार में सेंध लगाकर अंदर दाखिल और दुकान में रखी नकदी व कुछ सामान पार कर दिया। रविवार सुबह जब दुकानदार दुकान खोलने पहुंचा तो सेंध लगी देखकर उसके होश उड़ गए। पीड़ित दुकानदार विनोद पाल के अनुसार दुकान में रखे करीब 20 से 25 हजार रुपये नगद तथा कुछ सामान चोरी हो गया। उन्होंने बताया कि कोल्ड ड्रिंक का भुगतान करने के लिए नकदी दुकान में रखी थी, जिसे चोर उठा ले गए। सूचना मिलने पर डायल 112 पुलिस और थाना पाली पुलिस मौके पर पहुंची और घटना की जांच-पड़ताल की। घनी आबादी के बीच हुई चोरी की इस घटना से ग्रामीणों में दहशत का माहौल है।

संदिग्ध परिस्थितियों में ससुराल आए युवक ने लगाई फांसी, मौत

शाहाबाद, हरदोई। कोतवाली क्षेत्र के कनकापुर मजरा सिकंदरपुर नरकतरा गांव स्थित ससुराल आए एक 45 वर्षीय व्यक्ति का शव फांसी के फंदे पर गमछे के सहारे लटका मिला। जिससे क्षेत्र में सनसनी फैल गई। सूचना पर स्थानीय पुलिस व ग्रामीण मौके पर पहुंचे। साथ ही फॉरेंसिक टीम ने भी मौके पर पहुंचकर साक्ष्य एकत्रित किए। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मिली जानकारी के अनुसार, कनकापुर मजरा सिकंदरपुर नरकतरा गांव में एक 45 वर्षीय व्यक्ति का शव रविवार सुबह फांसी के फंदे पर गमछे के सहारे लटका मिला। जिससे क्षेत्र में सनसनी फैल गई। मृतक युवक की पहचान विजय पाल सिंह (45) पुत्र भगवानदीन सिंह निवासी ग्राम ख्वाजगीपुर थाना पचदेवरा के रूप में हुई है। युवक कनकापुर गांव स्थित अपनी ससुराल आया था, और रविवार सुबह गांव से करीब 700 मीटर दूर पश्चिम ओर राधेश्याम पुत्र बिहारी के खेत में स्थित नीम के पेड़ पर लटका मिला। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची। साथ ही फॉरेंसिक टीम ने भी मौके पर पहुंचकर साक्ष्य एकत्रित किए। घटना की जानकारी मिलते ही मृतक के परिजन भी मौके पर पहुंचे। घटनास्थल पर पहुंचे परिजन हत्या कर शव फांसी पर लटकाने की आशंका जता रहे हैं। मृतक के परिवार में पत्नी कुन्ती के अलावा 6 बेटे व एक बेटी है। मामले में एएसपी शाहाबाद आलोक राज नारायण ने बताया पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के भेजा गया है।पोस्टमार्टम रिपोर्ट और जाँच के बिन्दुओ के आधार पर आगे विधिक कार्यवाही की जाएगी।

मारपीट की अलग-अलग घटनाओं में आरोपियों पर रिपोर्ट दर्ज

हरदोई। जनपद के बेहटा गोकुल थाना छेत्र मे हुई मारपीट की घटनाओं में पीड़ितों की लिखित तहरीर के आधार पर पुलिस ने आरोपियों के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू की है। थाना क्षेत्र के ग्राम निज़ामपुर मजरा सैदपुर निवासी मुन्ना पुत्र राम स्वरूप शुक्ला के अनुसार 5 मार्च को टोडरपुर निवासी विजय त्रिवेदी पुत्र बाबूराम ने फोन कर उसे अपने घर बुलाया जब वह विपक्षी के घर पहुंचा वहाँ उसका भतीजा शिवम पुत्र रामनिवास पहले से मौजूद था उसके भतीजे का अपनी पत्नी दीपा से विवाद होने लगा उसने मना किया इसी बात की रंजिश में विजय त्रिवेदी ने अपनी पत्नी मुन्नी देवी, पुत्र लल्लूराम और दीपा के साथ मिलकर उसे मारपीट कर घायल कर दिया। थाना छेत्र के ग्राम टोडर पुर निवासी आदर्श मिश्रा पुत्र सुरेश चंद्र मिश्रा के अनुसार वह 15 फरवरी की शाम की गांव के हरदेव राजा के स्थान पर अपने चचेरे भाई अनुराग मिश्रा और आयुष मिश्रा के साथ खड़ा था। गांव निवासी आयुष दीक्षित अपने भाई अभिषेक दीक्षित,आयुष यादव, शिवम् शुक्ला और कृष्ण दीक्षित के साथ लाठी डंडा लेकर आये और पुरानी रंजिश को लेकर हमला कर दिए मारपीट वह तीनों भाई घायल हो गए। मारपीट की उपरोक्त घटनाओं में पुलिस ने पीड़ितों की लिखित तहरीर के आधार पर आरोपियों के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कर घायलों का मेडिकल करवाया है। पुलिस द्वारा उक्त घटनाओं की जांच शुरू कर दी गई है।

महिला दिवस पर छात्रों ने अपनी माताओं का तिलक कर किया सम्मान

जालौन (उरई)। अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर नगर के विभिन्न विद्यालयों में कार्यक्रम आयोजित कर महिला सम्मान और उनकी भूमिका पर प्रकाश डाला गया। इस दौरान छात्र-छात्राओं ने विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों के माध्यम से समाज में महिलाओं के योगदान को रेखांकित किया। नगर के एसबीडीएम इंटर कॉलेज में महिला दिवस के अवसर पर मातृ पूजन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में छात्रों ने अपनी माताओं का तिलक कर, चरण स्पर्श कर और पुष्प अर्पित कर उनका सम्मान किया। इस दौरान विद्यालय परिसर भावुक और श्रद्धा से भरे वातावरण में बदल गया। बच्चों ने अपनी माताओं के प्रति कृतज्ञता व्यक्त करते हुए कहा कि मां ही उनके जीवन की पहली गुरु होती हैं, जो उन्हें संस्कार, शिक्षा और जीवन के मूल्यों की सीख देती हैं। एनएसटी स्कूल में अभिभावक महिलाओं को सम्मानित किया गया। प्रधानाचार्य रामप्रताप सिंह भदौरिया व जसवंत सिंह तोमर ने कहा कि समाज में महिलाओं की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा कि आज महिलाएं शिक्षा, चिकित्सा, प्रशासन, विज्ञान, खेल और अन्य अनेक क्षेत्रों में अपनी प्रतिभा का लोहा मनवा रही हैं। ऐसे कार्यक्रमों के माध्यम से बच्चों में अपनी माताओं और महिलाओं के प्रति सम्मान की भावना विकसित होती है। विद्यार्थियों ने भी अपनी माताओं के साथ मंच पर आकर उनके प्रति अपने भाव भी व्यक्त किए।

महिला दिवस पर महिला स्वास्थ्य कर्मियों को किया गया सम्मानित

शाहाबाद, हरदोई, समृद्धि न्यूज।

अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र शाहाबाद के अंतर्गत आने वाले प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र उधरनपुर में प्रभारी चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर प्रवीण कुमार दीक्षित, एवं जिला पंचायत सदस्य लालाराम राजपूत द्वारा रविवार को दोपहर दो बजे एएनएम, आशासंगिनी और आशा बहुओं को सम्मानित किया गया। इस मौके पर प्रभारी चिकित्साधिकारी ने कहा हमारे समाज में अब महिलाएं पुरुषों से भी आगे बढ़कर सभी कार्य कर रही है। सभी विभागों में महिलाओं की सहभागिता भी है। सभी को महिलाओं का सम्मान करना चाहिए। इस अवसर पर डॉ विक्रम, एएनएम सुषमा, आशा संगिनी शांति, आशा शशि, शैलेन्द्री, अंजू, राधा, एवं अन्य स्वास्थ्य विभाग के कर्मचारी एवं स्टाफ उपस्थित रहे।

अलग-अलग हुई मारपीट की घटनाओं में आरोपियों पर रिपोर्ट दर्ज

शाहाबाद हरदोई, समृद्धि न्यूज।

कोतवाली क्षेत्र में हुई मारपीट की घटनाओं में पीड़ितों की लिखित तहरीर के आधार पर पुलिस ने आरोपियों के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू की है। शाहाबाद थाना क्षेत्र के ग्राम हसनापुर निवासी बबलू पुत्र मथुरी के अनुसार 6 मार्च को उसके गांव निबासी पातीराम पुत्र पुत्तू उसके घर के सामने कुछ जादू टोना कर रहा था मना करने पर विपक्षी ने राहुल, नन्हे और मुकेश के साथ मिलकर उसे गाली गलौज करते हुए मारा पीटा पातीराम ने उसके सर पर त्रिशूल मार दिया शोर सुनकर बचाने आई पत्नी को भी विपक्षी ने साथियों सहित मारपीट कर घायल कर दिया। कस्बे के मोहल्ला मौला गंज निवासी अब्दुल कय्यूम पुत्र अब्दुल गनी के अनुसार उसकी नेकोजई बजार में फुट वियर की दुकान है। 6 मार्च की शाम को करीब 5 बजे वह पडोसी दुकानदार शहाब पुत्र कलीम से जूते चप्पल के बाकी 3500 रूपए लेने गया तो विपक्षी ने रूपये देने से मना कर दिया और अपने भाई जुनैद पुत्र सलीम, यासीन पुत्र करीम और दो अन्य साथियों के साथ मिलकर उसे गाली गलौज करते हुए मारपीट कर घायल कर दिया। मारपीट की उपरोक्त घटनाओं में पुलिस ने पीड़ितों की लिखित तहरीर के आधार पर आरोपियों के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कर घायलों का मेडिकल करवाया है। पुलिस द्वारा उक्त घटनाओं की जांच शुरू कर दी गई है।

निजामपुर में आम के पेड़ पर लटका मिला किसान का शव, हड़कंप

पाली, हरदोई। पाली थाना क्षेत्र के ग्राम निजामपुर में रविवार सुबह एक किसान का शव आम के पेड़ पर फंदे से लटका मिलने से गांव में हड़कंप मच गया। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। जानकारी के अनुसार ग्राम निजामपुर निवासी हरीराम (55) पुत्र ठकुरी रविवार सुबह करीब 5 बजे घर से निकले थे, कुछ देर बाद करीब 8 बजे गांव के दक्षिण-पूर्व दिशा में स्थित एक बाग में आम के पेड़ पर उनका शव फंदे से लटका मिला। घटना की जानकारी मिलते ही परिजन व बड़ी संख्या में ग्रामीण मौके पर पहुंच गए। बताया गया कि हरीराम चार भाइयों में सबसे बड़े थे, उनके छोटे भाई अशोक, कमलेश और सतीश हैं। मृतक के परिवार में पांच बच्चे हैं, जिनमें तीन पुत्र सुभाष (विकलांग), राजीव और संजीव हैं तथा दो पुत्रियां हैं। परिजन ने बताया कि संजीव की शादी तय है, गेहूं की फसल पकने के बाद शादी की तैयारी में परिवार जुटा था। हरीराम खेती-बाड़ी कर अपने परिवार का भरण-पोषण करते थे। ग्रामीणों के अनुसार घरेलू विवाद के चलते आत्महत्या किए जाने की आशंका जताई जा रही है। वहीं मृतक के पिता ठकुरी ने बताया कि हरीराम शराब पीने के आदी थे, हरिराम की पत्नी का करीब 30 वर्ष पूर्व बीमारी के चलते मौत हो गई थी। वहीं घटना से परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल है, पिता ठकुरी एवं मां रोते-रोते बेहोश हो जाते, परिवार के लोगों द्वारा मुंह पर पानी का छींटा मारने पर होश आता और फिर रोने लगते। सूचना पर पाली थाने के उपनिरीक्षक अतुल शर्मा व कांस्टेबल नरेंद्र कुमार पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद अग्रिम विधिक कार्रवाई की जाएगी।

वैगनआर की टक्कर से सास की मौत, दामाद और भाभी घायल

पाली, हरदोई। पाली-भरखनी नहर मार्ग पर रविवार को हुए भीषण सड़क हादसे में एक महिला की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना मिलने पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया और घायलों को उपचार के लिए अस्पताल भिजवाया। जानकारी के अनुसार सत्यवती (58) पत्नी हेमनाथ निवासी ग्राम सिमरा थाना सांडी अपने दामाद वीरेंद्र (25) पुत्र सत्य कुमार निवासी ग्राम सदरियापुर थाना बिलग्राम तथा भाभी श्रावण देवी (45) पत्नी नन्हें निवासी ग्राम अलिहाजीपुर थाना पाली के साथ मोटरसाइकिल से शाहजहांपुर जनपद के थाना कांठ क्षेत्र स्थित ग्राम सिकरहना अपने मामा के लड़के नेम सिंह को देखने गई थीं। नेम सिंह का हाल ही में ऑपरेशन हुआ था। बताया गया कि तीनों लोग वापस अपने घर लौट रहे थे, इसी दौरान पाली-भरखनी नहर मार्ग पर मुडरामऊ मोड़ के पास पाली की ओर से जा रही तेज रफ्तार वैगनआर कार ने उनकी मोटरसाइकिल में जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि सत्यवती की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई, जबकि दामाद वीरेंद्र और श्रावण देवी गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और दोनों घायलों को तत्काल उपचार के लिए पीएचसी पाली भिजवाया, जहां से उनकी गंभीर हालत को देखते हुए उन्हें जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। वहीं पुलिस ने मृतका के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। घटना के बाद मृतका के परिवार में कोहराम मच गया है, पुलिस मामले की जांच कर रही है।

जय भोले सेवा समिति ने किया निशुल्क नेत्र चिकित्सा शिविर हुआ आयोजित

- समिति के राष्ट्रीय अध्यक्ष की मृत पुत्री को दी गयी श्रद्धांजलि

शाहबाद हरदोई, समृद्धि न्यूज।

जय भोले सेवा समिति के राष्ट्रीय अध्यक्ष महामंडलेश्वर स्वामी वृंदानंद महाराज की सुपुत्री शिवकृपा के निधन पर मां संकटा देवी मंदिर परिसर में श्रद्धांजलि सभा का आयोजन हुआ। इस कार्यक्रम में सभी ने उनकी स्मृति को नमन किया।शिव कृपा राठौर, जिन्हें शिव कृपा के नाम से जाना जाता था, समाजसेवा और भक्ति में सक्रिय रहीं। उनके श्रद्धांजलि कार्यक्रम में जय भोले सेवा समिति के सदस्यों ने भावपूर्ण व्यक्तव्य दिए। समिति के नेतृत्व में मृत आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना सभा आयोजित की गई। इस कार्यक्रम में स्वामी वृंदानंद महाराज स्वयं उपस्थित रहे।कार्यक्रम में कई संतों और भक्तों ने भाग लिया।शिव कृपा का जीवन भोले बाबा की सेवा के प्रति समर्पित था। समिति ने उनके योगदान को सलाम किया। सभी ने उनके चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धा सुमन अर्पित किये। समिति द्वारा निशुल्क नेत्र शिविर भी आयोजित किया गया । इस कार्यक्रम में पूर्व काउंसलर लंदन महामंडलेश्वर अंतरराष्ट्रीय कथा व्यास माता बन देवी ,108 श्री श्री शिवसाधिका विश्व स्वरूपा दिल्ली मौजूद रही।कार्यक्रम में बोलते हुए माता विश्व स्वरूपा ने कहा कि आज आप विश्व की स्थिति देख रहे हैं सनातन ही आपको बचा सकता है। इसलिए सभी सनातन धर्म के लोग अपने धर्म के पूरी तरह समर्पित रहें। कार्यक्रम में मुख्य रूप से समिति की राष्ट्रीय सचिव पूजा गुप्ता, अमितेश मिश्र एडवोकेट, रामू राठौर, तैय्यब खान, राम सिंह राठौर, लालाराम दीक्षित, मदन सिंह राठौर, शिवपूजन राठौर समेत सैकड़ों की संख्या में लोग मौजूद रहे।

महिलाओं के बगैर किसी भी समाज की प्रगति संभव नहीं: डॉ. अनुरागी

- अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर पिंक रोजगार महाकुंभ का सजीव प्रसारण
- महिलाओं को नियुक्ति पत्र व सम्मान

उरई (जालौन), समृद्धि न्यूज़।

रविवार को अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर मुख्यमंत्री द्वारा लखनऊ स्थित इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान के ऑडिटोरियम से आयोजित पिंक रोजगार महाकुंभ-2026 कार्यक्रम में महिलाओं के सशक्तिकरण की दिशा में अनेक महत्वपूर्ण पहल की गईं। कार्यक्रम के अंतर्गत प्रदेश की 5 हजार से अधिक महिलाओं को रोजगार के ऑफर प्रदान किए गए तथा रोजगार उपलब्ध कराने वाले प्लेटफॉर्म 'रोजगार संगम पोर्टल' के मोबाइल ऐप का शुभारंभ किया गया। साथ ही 94 नव-नियुक्त मुख्य सेविकाओं को नियुक्ति पत्र वितरित किए गए, उत्कृष्ट महिला कार्मिकों एवं मेधावी बालिकाओं को सम्मानित किया गया तथा नारी शक्ति अवॉर्ड प्रदान किए गए। इसके अतिरिक्त कन्या सुमंगला योजना की लाभार्थी बालिकाओं को चेक वितरित किए गए तथा आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों के बीमा प्रीमियम और साड़ी, वर्दी के लिए 3,849 लाख की धनराशि का डीबीटी के माध्यम से अंतरण किया गया। विकास भवन स्थित रानी लक्ष्मीबाई सभागार में सजीव प्रसारण के माध्यम से सुना गया। इस अवसर पर उपस्थित मातृशक्ति बहिनों को जिला पंचायत अध्यक्ष डॉ. घनश्याम अनुरागी, विधायक माधौगढ़ मूलचंद्र निरंजन, जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय, पुलिस अधीक्षक डॉ. दुर्गेश कुमार एवं मुख्य विकास अधिकारी के.के. सिंह द्वारा नियुक्ति पत्र वितरित कर बधाई एवं शुभकामनाएं दी गई। कार्यक्रम के दौरान विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वाली महिलाओं को जनप्रतिनिधियों एवं जिलाधिकारी द्वारा सम्मानित किया गया। जिला पंचायत अध्यक्ष डॉ. घनश्याम अनुरागी ने कहा कि महिलाओं के बिना समाज की प्रगति संभव नहीं है। उन्होंने कहा कि आज महिलाएं शिक्षा, स्वास्थ्य, प्रशासन, खेल सहित विभिन्न क्षेत्रों में अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन कर रही हैं। सरकार भी महिलाओं को आत्मनिर्भर एवं सशक्त बनाने के लिए अनेक योजनाएं संचालित कर रही है, जिनका लाभ समाज की प्रत्येक महिला तक पहुंचाना आवश्यक है। विधायक माधौगढ़ मूलचंद्र निरंजन ने कहा कि महिलाओं का सम्मान और सशक्तिकरण किसी भी विकसित समाज की पहचान है। जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय ने कहा कि महिलाओं का सशक्तिकरण शासन-प्रशासन की प्राथमिकता है। उन्होंने कहा कि सरकार द्वारा संचालित योजनाओं का उद्देश्य महिलाओं को आर्थिक, सामाजिक और शैक्षिक रूप से सशक्त बनाना है। उन्होंने उपस्थित महिलाओं से अपील की कि वे विभिन्न सरकारी योजनाओं का अधिकतम लाभ उठाकर अपने जीवन को बेहतर बनाएं तथा समाज के विकास में सक्रिय भूमिका निभाएं। साथ ही उन्होंने सभी को अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस की शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर जिला विकास अधिकारी निशांत पाण्डेय, जिला कार्यक्रम अधिकारी शरद अवस्थी सहित अन्य अधिकारी एवं बड़ी संख्या में मातृशक्ति उपस्थित रही।

अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर समर्थ इंडिया संस्थान ने महिला जागरूकता कार्यक्रम किया आयोजित

कुरारा, हमीरपुर। विकास खंड क्षेत्र के खरौंज अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन समर्थ इंडिया संस्था द्वारा किया गया।मुख्य अतिथि सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण महेंद्र कुमार पांडेय रहे। तथा अध्यक्षता ग्राम प्रधान छेदा लाल ने कीअंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर समर्थ इंडिया संस्था द्वारा तरंग मेरे सपने मेरी उड़ान के तहत आयोजित कार्यक्रम में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव महेंद्र कुमार पांडेय ने कहा कि महिलाएं अपने अधिकारों को समझे तथा कर्तव्यों व अधिकारों का समावेशी इस्तेमाल के प्रति सजग रहे। तथा जागरूक रहे। इस संस्था के माध्यम से किए जाने वाले प्रयास अनुकरणीय है। मानसिक तनाव व अवसाद के कारण लोग निराशा में अकल्पनीय कदम उठाते है। जिसके परिणाम परिवार वाले भुगतते है। हमेशा खुश रहने की पहल करना चाहिए। ग्राम प्रधान छेदा लाल ने पंचायत में महिलाओं के लिए अनेक प्रयास किए गए है। महिला हितैषी पंचायत बनाने के लिए संस्था द्वारा हमेशा सहयोग किया जाता है लर्निंग एंड अवेयरनेस सेंटर कुतुबपुर की सिमरन , ऋचा, खरोंज की यशोदा, मौसम परियोजना की क्लाइमेट वॉरियर अंजली को सम्मानित किया गया इस दौरान आंगनवाड़ी कार्यकत्री रानी, आदित्या, लाली, कोमल, रिया, मोती सृष्टि, गुड़िया, रोशनी, बेबी, साथ कई महिलाओं व लड़कियों ने प्रतिभाग किया।

तीन दिवसीय रामलीला समापन के दौरान नगर पंचायत अध्यक्ष ने आरती की

कुरारा, हमीरपुर, समृद्धि न्यूज़।

स्थानीय रामलीला मैदान में होली के बाद तीन दिन तक होने वाले रामलीला मंचन के अंतिम दिन धनुष भंग लीला का मंचन किया गया। वही नगर पंचायत अध्यक्ष द्वारा राम लक्ष्मण की आरती की गई। तथा लीला का मंचन शुभारंभ हुआ तथा लक्ष्मण परशुराम संवाद सुबह तक होता रहा।कस्बा कुरारा में होली के बाद दूज को विजय निशान गरुण ध्वज के शान से निकलने के बाद रामलीला मैदान में तीन दिवसीय रामलीला का आयोजन किया जाता है। शनिवार की रात में धनुष भंग लीला का मंचन किया गया। नगर पंचायत अध्यक्ष आशारानी कबीर ने मंच में राम लक्ष्मण की आरती की। इसके बाद लीला का मंचन शुरू हुआ। देर रात शिव धनुष के भंग होने पर परशुराम जी वहां पर आए तथा राजा जनक से धनुष भंग करने वाले के संबंध में जानकारी ली। तब लक्ष्मण ने परशुराम जी के साथ संवाद किया। जो कि दिन में आठ बजे के बाद तक होता रहा। इसके बाद राम की जयकार हो गई। तथा तीन दिवसीय राम लीला का समापन हो गया। इस अवसर पर कस्बा सहित ग्रामीण क्षेत्र केलोगो की भारी भीड़ एकत्र रही। इस अवसर पर ब्लाक प्रमुख आशीष पालीवाल, चेयरमैन कुलदीप निषाद दयाशंकर द्विवेदी, अनिल सेंगर, रामप्रकाश शिवहरे, विवेक पालीवाल आदि मौजूद रहे।

प्रत्येक रविवार को सभी स्वास्थ्य केंद्र पर आरोग्य मेला का आयोजन

मौदहा हमीरपुर। स्वास्थ्य चिकित्सा मुहैया उद्देश्य से प्रदेश सरकार ने ग्रामीण अंचल में स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करने के लिए प्रत्येक रविवार को क्षेत्र के सभी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में आरोग्य मेला का आयोजन किया जाता है जिससे ग्रामीण को स्वास्थ्य लाभ मिल सके सुबे के मुखिया के निर्देशानुसार रविवार को प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों में आरोग्य मेला का आयोजन किया गया जिसमें गर्भवती महिला बूढ़े बच्चे जवान मजदूर आदि लोगों ने स्वास्थ्य केंद्र पहुंच टीकाकरण डीपीडी टीवी डायरिया बुखार आदि के मरीजों ने स्वास्थ्य लाभ दिया गया। आरोग्य मेला अरतरा में 16, करहिया में 28,नायकपरवा में 26 ,भभई स्वास्थ्य केंद्र में 22, सिसोलर में 33,भभई में 21मरीजों ने स्वास्थ्य लाभ प्राप्त किया। इस अवसर पर चिकित्सक आदित्य मोहन अवस्थी, फार्मासिस्ट गोविंद , राधेश्याम ,विजय, एनम वंदना, रश्मि तिवारी ,मधुपाल, वार्डबॉय कुलदीप आदि लोग मौजूद रहे। मौसम परिवर्तन के कारण मरीजों की संख्या में धीरे-धीरे इजाफा हो रहा है रात में सर्दी दिन में गर्मी के कारण बीमारियां धीरे-धीरे बढ़ गई। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र अधीक्षक रंजन तिवारी ने बताया कि मौसम परिवर्तन के कारण वायरल मरीजों की संख्या बढ़ रही है जिसको देखते हुए स्वास्थ्य विभाग पूरी तरह सतर्क है,आम जनमानस के स्वास्थ्य संबंधी लाभ देना हमारी प्रथम प्राथमिकता है।

अंबेडकर पाठशाला खंदिया में मनाया गया महिला दिवस

समृद्धि न्यूज, चरखारी/महोबा।

अंबेडकर पाठशाला शिक्षा सेवा फाउंडेशन के तत्वाधान में चरखारी नगर के मोहल्ला खंदिया में संचालित निःशुल्क अम्बेडकर पाठशाला रूपनगर और खंदिया में राष्ट्रीय अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर संगोष्ठी कार्यक्रम का आयोजन किया गया पाठशाला की बच्चियों को सम्मानित किया गया इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में डॉ.रुचि जयसवाल असिस्टेंट प्रोफेसर (जीव विज्ञान) राजकीय महाविद्यालय चरखारी एवं इन्द्र कुमार डायरेक्टर अंबेडकर पाठशाला फाउंडेशन रहेद्य इस मौके पर डॉ.रुचि जयसवाल ने बताया कि हर साल 8 मार्च को मनाया जाता है, पहली बार 1975 को मनाया गया बच्चियों को कल्पना चावला, वीरांगना रानी लक्ष्मी बाई, सावित्रीबाई फुले सहित महिलाओं की कहानी के माध्यम से समाज और राष्ट्र के प्रति भूमिका निभाने वाली कहानी सुनाकर शिक्षा और नारी सशक्तिकरण पर जोर दिया, यह दिन महिलाओं के अधिकारों और उनकी उपलब्धियों को बढ़ावा देने के लिए मनाया जाता है। इस दिन का उद्देश्य महिलाओं को सशक्त बनाना और समाज में उनकी स्थिति को मजबूत करना है। वही फाउंडेशन के डायरेक्टर इन्द्र कुमार ने बताया कि नारी शक्ति साहस, संस्कार और सृजन की प्रतीक है। वहीं मनीष कुमार पाठशाला संचालक ने बताया कि निःशुल्क अंबेडकर पाठशाला चरखारी नगर के मोहल्ला खंदिया में प्रतिदिन प्रातः 4 बजे से 6 बजे तक संचालित होती है जिसमें रूपनगर और खंदिया मुहल्ले के कक्षा 1 से लेकर 8 तक के बच्चों को शिक्षा, सेवा, संस्कार हेतु निःशुल्क पाठशाला संचालित होती है। इस मौके पर मनीष कुमार, सूरज, नैतिक, मुस्कान, संध्या सहित छात्र छात्राएं बच्चें मौजूद रहे।

ग्रापए की बैठक सम्पन्न, विभिन्न मुद्दों पर हुई गहन चर्चा

- एसोशिएशन के पुरोधा स्व. दिनेश खरे की पनवाड़ी में मनाई जाएगी पुण्यतिथि

पनवाड़ी महोबा, समृद्धि न्यूज़।

पूर्व निर्धारित कार्यक्रम अनुसार ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन की आवश्यक बैठक एग्रो हरियाली इंटर प्राइजेज में आहूत हुई। बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में एसोसिएशन के मंडल अध्यक्ष मुहम्मद यूनुस खान, विशिष्ट अतिथि के रूप में पूर्व जिलाध्यक्ष व संरक्षक जमाल अहमद कादरी अति विशिष्ट अतिथि के तौर पर उत्तर प्रदेश सरकार से मान्यता प्राप्त वरिष्ठ पत्रकार बी.डी बंसल रहे। बैठक की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष देवेंद्र अरजरिया द्वारा की गई। बैठक में एशोसिएशन के पूर्व मंडल अध्यक्ष दिवंगत स्व.श्री दिनेश खरे की 8 वीं पुण्यतिथि पनवाड़ी में मनाए जाने को लेकर विचार विमर्श हुआ जिसमें कार्यक्रम को सफल बनाने की जिम्मेदारी पनवाड़ी के पत्रकारों को दी गई। इसी परिप्रेक्ष्य में आगामी 15 मार्च को मंडल मुरादाबाद के जनपद बिजनौर के नूरपुर में होने वाले प्रांतीय सम्मेलन में जाने हेतु गहन चर्चा हुई। बिजनौर सम्मेलन में पत्रकार बी.डी बंसल, देवेंद्र अरजरिया, हरीसिंह वर्मा, तौसीफ खान, मुहम्मद यूनुस खान, राहुल विश्वकर्मा, अनिलबाबू सेन, जाने के लिए सहमति प्रदान की। तदोपरांत माह अप्रैल में जिला मुख्यालय में पत्रकार जिला सम्मेलन कराए जाने पर विचार विमर्श हुआ जिसमें सम्मेलन को बड़े रूप से मनाए जाने के लिए उपस्थित सभी पत्रकार साथियों ने सहमति प्रदान की।सम्मेलन में उत्तर प्रदेश सरकार के किसी मंत्री और मंडल स्तर के किसी अधिकारी को बुलाए जाने पर चर्चा हुई। बैठक को मुख्य अतिथि मुहम्मद यूनुस खान ने संगठन को मजबूती प्रदान करने व अनुशाषित रहने की सलाह दी। बैठक में अनिलबाबू सेन, हनुमान शुक्ला, राहुल विश्वकर्मा, राकेश पटैरिया, इफ्तखार अहमद, तौसीफ खान, मकबूल खान, तहसीम खान, तनवीर अहमद, शरीफ अहमद, मोनू अग्रवाल, जितेंद्र राजपूत, दिलीप निगम, ओमप्रकाश यादव, चंद्रपाल अनुरागी, लोकेंद्र सविता सहित दो दर्जन से अधिक ग्रामीण पत्रकार मौजूद रहे।

परिवार की खुशहाली का आधार हैं महिलाएं : अंगद कुमार सिंह

▸ अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस संगोष्ठी कर रेखांकित किया गया महिलाओ का योगदान

समृद्धि न्यूज़, बाराबंकी। अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर रमाई फाउंडेशन द्वारा डॉ भीमराव अंबेडकर पार्क डॉ0 अंबेडकर चौक (नाका सतरिख) में संगोष्ठी का आयोजन कर समाज निर्माण में महिलाओं के योगदान की सराहना की गई। संगोष्ठी के मुख्य अतिथि सदस्य विधान परिषद अंगद कुमार सिंह ने महिलाओं को संबोधित किया। उन्होंने सामाजिक परिवर्तन में अग्रणी भूमिका निभाने वाली कई महिलाओं को सम्मानित किया। एमएलसी ने कहा कि महिलाएं परिवार की खुशहाली की आधार हैं। शिक्षित सशक्त और खुशहाल परिवार बनाने में महिलाओं की सबसे अग्रणी भूमिका है। उन्होंने कहा कि महिला जागरुक व शिक्षित है तो परिवार अच्छे से प्रगति के रास्ते पर अग्रसर होता है। आज का दिन महिलाओं का योगदान को पूरा देश रेखांकित कर महिला सशक्तिकरण का संकल्प दोहराया जा रहा है। एमएलसी ने उन महिलाओं को नमन किया जिन्होंने भारत को एक आदर्श देश बनाने में योगदान दिया। डॉ0 भीमराव अंबेडकर मेमोरियल सेवा समिति/पार्क -स्मारक अनुरक्षण समिति के अध्यक्ष रत्नेश कुमार ने संगोष्ठी में आई महिलाओं को बधाई दी। और महिलाओं को सम्मानित किया। रत्नेश कुमार ने कहा की संकल्प से सिद्धि की प्राप्ति होती है और यह संकल्प आज महिलाओं को आत्मनिर्भर बनने के लिए लेना पड़ेगा। उन्होंने बाराबंकी की उन महिलाओं का योगदान रेखांकित किया जिन्होंने परिवार को अच्छे से सजाने सवारने का काम किया। रमाई फाउंडेशन की अध्यक्ष बालजती ने कार्यक्रम का संचालन किया और महिलाओं का स्वागत सम्मान किया। हास्य व्यंग्य के रचनाकार अनिल श्रीवास्तव 'लल्लू' ने घर की फुलवारी महक उठे तो समझो बिटिया आई है कविता से महिलाओं को बधाई दी। इस अवसर पर प्रसिद्ध चिकित्सक डॉ जगदीश के वैवाहिक जीवन की वर्षगांठ उन्हें दाम्पत्य जीवन की खुशहाली की बधाई दी गई। तथा मेधावी छात्रा प्रतिभा सिंह के जन्मदिन का केक काटकर एमएलसी ने बधाई व शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर मीना कुमारी, प्रेमावती, मंगला देवी, रीता डॉ कामिनी मानसी श्रीवास्तव,उर्मिला, माधुरी, ग्राम प्रधान क्रांति देवी, प्रेमा, प्रधान प्रतिनिधि विनोद कुमार सहित आधा सैकड़ा महिलाएं उपस्थित रही।

हत्या कर फेंका गया वृद्धा का शव गांव के बाहर नाली में मिला

हैदरगढ़ बाराबंकी समृद्धि न्यूज़। कोतवाली क्षेत्र के पड़रिया मजरे लाही गांव के बाहर रविवार की सुबह खेत की नाली में लगभग70 वर्षीय वृद्धा का शव पड़ा मिला।मृतका की पहचान इसी गांव की बसंता पत्नी स्वर्गीय बाबूलाल रावत के रूप में हुई है। सुबह गांव के लोग अपने खेतों की ओर गए तो दयाराम रावत के खेत की सिंचाई के लिए बनाई गई नाली में वृद्धा का शव पड़ा देखा।थोड़ी ही देर में मौके पर भारी भीड़ जमा हो गई।सूचना मिलने पर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को अपने कब्जे में ले लिया। नाली में मिले शव के चेहरे व गले पर चोट के निशान थे दाँत टूटे हुए थे और उनसे खून निकल रहा था यही नही गाल पर खरोंच के निशान के अलावा गले को हाथ से दबा देने के निशान पाए गए । मृतका का इकलौता बेटा छेद्दू दिल्ली में नौकरी करता है।बहू होली में लालपुर गांव स्थित मायके में थी।वृद्धा के साथ उसकी स्वर्गीय बेटी का पुत्र अंकित 12 वर्ष साथ रहता था। वृद्धा के नाती ने बताया कि हमेशा की तरह वह व उसकी नानी शनिवार की रात खाना खाने के बाद गाँव के बाहर स्थित घर मे अगल बगल चारपाई डालकर सो गये थे। अंकित ने आगे बताया कि शौच लगने के कारण रात लगभग 11 बजे जब उसकी नीद खुली तो उसने नानी को बिस्तर से गायब पाया। चारपाई पर लगीं मच्छरदानी उलझी हुई थी। चप्पल भी उल्टे पड़े हुए थे। जिस पर उसने टॉर्च के सहारे घर के बाहर अगल बगल खोजा,परन्तु पता न लगने पर वह पुनः बिस्तर पर लेटकर सो गया। सुबह जगने पर उसने इसकी जानकारी ग्रामीणों को दी। इसके बाद ढूंढने निकले लोगों ने घर के पीछे लगभग 300मीटर दूर दयाराम के खेत मे बनी सिंचाई नाली में पाया।

अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर मेधावी छात्राओं के साथ माताओं के हुआ सम्मान

रामसनेहीघाट, बाराबंकी। क्षेत्र के ग्राम छन्दवल में बेसिक उत्थान एवं ग्रामीण सेवा संस्थान द्वारा निशुल्क संचालित चाइल्ड फ्रेंडली स्कूल अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर छात्राओं की ऊंची उड़ान विषयक पोस्टर प्रतियोगिता एवं निबन्ध लेखन प्रतियोगिता का आयोजन कर छात्राओं में कल्पना के पंख लगाने का कार्य किया गया। स्कूल के प्रबंधक रत्नेश कुमार के निर्देशन में आयोजित इस कार्यक्रम में मेधावी छात्राओ और उन छात्राओं की माताओं का सम्मान किया गया जो बेटियों की शिक्षा पर ध्यान दे रही हैं। प्रबंधक ने महिला दिवस के इतिहास पर प्रकाश डालते हुए बताया की अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस की शुरुआत अमेरिका और यूरोप के मजदूर आंदोलन से शुरू हुई जिसमे लैंगिक भेदभाव व वेतन असमानता वह काम के घंटे के साथ-साथ पीस को लेकर था।

अफवाहों पर ध्यान न दें, जिले में ईंधन की पर्याप्त उपलब्धता : डीएम/एसपी

अमेठी समृद्धि न्यूज़। जिला पूर्ति अधिकारी शशिकांत ने देते हुए सर्वसाधारण को अवगत कराया है कि जनपद में डीजल, पेट्रोल, और एलपीजी गैस की पर्याप्त उपलब्धता है। किसी को परेशान होने की आवश्यकता नहीं है। जनपद के सभी पेट्रोल पम्पों पर पेट्रोल व डीजल पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध है। इसके साथ ही जिले की सभी गैस एजेंसियों पर एलपीजी गैस सिलेंडर भी पर्याप्त मात्रा में मौजूद हैं और नियमित रूप से आपूर्ति सुनिश्चित की जा रही है। प्रशासन द्वारा ईंधन और गैस की उपलब्धता पर लगातार निगरानी रखी जा रही है, ताकि किसी भी स्थिति में आम जनता को असुविधा का सामना न करना पड़े। इस संबंध में जिलाधिकारी संजय चौहान एवं पुलिस अधीक्षक सरवणन टी. ने जनपदवासियों से अपील करते हुए कहा है कि वे किसी भी प्रकार की अफवाहों पर ध्यान न दें। कुछ असामाजिक एवं अराजक तत्वों द्वारा भ्रामक सूचनाएं फैलाकर अनावश्यक भय का माहौल बनाने का प्रयास किया जा सकता है, इसलिए नागरिक ऐसे भ्रामक संदेशों से सावधान रहें। उन्होंने यह भी कहा कि लोग अनावश्यक रूप से पेट्रोल, डीजल या गैस सिलेंडरों का भंडारण न करें। ऐसा करने से अन्य उपभोक्ताओं को असुविधा हो सकती है।

होली परिक्रमा मेला महोत्सव मिश्रित-नैमिषारण्य-2026 का दीप प्रज्वलित कर उद्घाटन किया गया

समृद्धि न्यूज़, सीतापुर। राज्यमंत्री, संसदीय कार्य, चिकित्सा शिक्षा, चिकित्सा, स्वास्थ्य, परिवार कल्याण तथा मातृ एवं शिशु कल्याण विभाग, उ0प्र0 एवं जनपद के प्रभारी मंत्री मयंकेश्वर शरण सिंह एवं उपस्थित समस्त जनप्रतिनिधियों द्वारा होली परिक्रमा मेला महोत्सव मिश्रित-नैमिषारण्य-2026 का दीप प्रज्वलित कर उद्घाटन किया गया। मुख्यमंत्री उ0प्र0 योगी आदित्यनाथ द्वारा अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर रोजगार संगम पोर्टल के मोबाइल ऐप की लॉन्चिंग, नव-नियुक्त मुख्य सेविकाओं को नियुक्ति पत्रों का वितरण सहित उत्कृष्ट महिला कार्मिकों और मेधावी बालिकाओं को सम्मानित किया गया, जिसका सजीव प्रसारण जनप्रतिनिधियों एवं अधिकारियों द्वारा देखा एवं सुना गया। प्रभारी मंत्री द्वारा विभिन्न विभागों द्वारा लगाये गये स्टॉलों का अवलोकन किया व ओ0डी0पी0ओ0 के तहत बनाये जा रहे प्रोडेक्टों को और अधिक बढ़ावा देने के उद्देश्य से मा0 प्रभारी मंत्री ने लोगों को प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि इस व्यापक स्तर पर प्रचार-प्रसार कराया जाये। होली परिक्रमा मेला महोत्सव मिश्रित-नैमिषारण्य-2026 में विभिन्न विद्यालयों से आये हुये बच्चों ने स्वागत गीत एवं मनमोहक सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किये। इस अवसर पर प्रभारी मंत्री एवं जनप्रतिनिधियों द्वारा कार्यक्रम को सम्बोधित किया गया। इस अवसर प्रभारी मंत्री एवं जनप्रतिनिधियों द्वारा आशाओं के उत्कृष्ट प्रदर्शन हेतु प्रशिस्त पत्र देकर सम्मानित किया गया और अच्छा कार्य करने हेतु प्रेरित भी किया गया। उन्होंने बताया कि आशा योजना का शुभारंभ वर्ष 2005 में हुआ। उस समय मातृ व शिशु मृत्यु दर बहुत अधिक थी, जिसकी मुख्य वजह घरेलू प्रसव थी। प्रदेश में वर्ष 2005 में लगभग 74 प्रतिशत घरेलू प्रसव हुआ करते थे, वहीं अब घरेलू प्रसवों में बहुत कमी आयी है तथा आज 85 प्रतिशत से अधिक संस्थागत प्रसव हो रहे हैं, जिससे निसंदेह आशा का योगदान है। इसी तरह अन्य स्वास्थ्य कार्यक्रमों में टीकाकरण, परिवार नियोजन ,टीबी, कुष्ठ, मलेरिया एवं फाइलेरिया नियंत्रण, नवजात शिशु व बाल देखभाल, रोगों की पहचान व संदर्भन, प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व दिवस, आयुष्मान भारत अंतर्गत गोल्डेन कार्ड, आभा आई0डी0 के निर्माण हेतु जागरूकता में आशा प्रमुख भूमिका में हैं। आज लगभग स्वास्थ्य विभाग के 21 कार्यक्रमों की 94 गतिविधियों में आशा भूमिका निभा रही हैं व संबंधित गतिविधियों के लिए आशा को मानदेय भी दिया जा रहा है। वित्तीय वर्ष 2024-25 में जनपद में कुल 3830 आशाओं को लगभग 31करोड़ 12 लाख रूपये प्रोत्साहन राशि दी गई। वही वित्तीय वर्ष 2025-26 में आशाओं को लगभग 26 करोड़ 52 लाख धनराशि वितरित की गई। आज स्वास्थ्य विभाग की रीढ़ व ग्रामीण व शहरी क्षेत्र के प्रत्येक गांव/मोहल्ले में मजबूत स्तंभ के रूप में कार्य कर रही है। इस अवसर पर स्वास्थ्य की योजनाएं व आशा की भूमिका पर मुन्ना जादूगर द्वारा मनमोहक प्रस्तुति की गई तथा स्वास्थ्य विभाग द्वारा स्टाल भी लगाया गया जिसमें चिकित्सीय परामर्श व विभागीय योजनाओं का प्रचार प्रसार किया गया। सहयोगी संस्थाओं में पी0एस0आई0 व पी0एफ0आई0 का सराहनीय सहयोग रहा। इस अवसर पर विधायक सेवता ज्ञान तिवारी, विधायक मिश्रिख रामकृष्ण भार्गव, सदस्य विधान परिषद पवन सिंह चौहान, भाजपा जिलाध्यक्ष राजेश शुक्ला, जिलाधिकारी डा0 राजागणपति आर0, पुलिस अधीक्षक अंकुर अग्रवाल, अपर जिलाधिकारी नीतीश कुमार सिंह, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा0 सुरेश कुमार सहित संबंधित अधिकारी एवं बड़ी संख्या में आमजनमानस उपस्थित रहा।

खबरें एक नजर में

जिला अस्पताल में महिला ने दिया जुड़वा बच्चों को जन्म
डॉ. रुचिका सेठ ने किया सफल ऑपरेशन

अमेठी समृद्धि न्यूज़। मलिक मोहम्मद जायसी जिला संयुक्त चिकित्सालय असैदापुर मुख्यालय गौरीगंज में शुक्रवार को एक महिला ने जुड़वा बच्चों को जन्म दिया। जिसमें एक बालक और एक बालिका शामिल है। गौरतलब हो कि राधा सिंह पत्नी तेजभान सिंह निवासी ग्राम सरमें थाना कोतवाली क्षेत्र जामों का इलाज जिला अस्पताल की स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ. रुचिका सेठ के कुशल देखरेख में एक वर्ष से चल रहा था। जांच के दौरान पाया गया कि उक्त महिला राधा सिंह की कोख में जुड़वा बच्चे पल रहे हैं। शुक्रवार 6 मार्च को प्रसव हेतु राधा सिंह को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। जांचोपरांत डॉ. रुचिका सेठ द्वारा पाया गया कि उक्त महिला का सामान्य प्रसव नहीं कराया जा सकता, जिस पर स्त्री रोग विशेषज्ञ सर्जन डॉ. रुचि सेठ द्वारा सफल ऑपरेशन कर जच्चा और बच्चा दोनों की जिंदगी सुरक्षित की गई। राधा सिंह व तेजभान सिंह सपरिवार ने डॉ. रुचिका सेठ का हृदय से आभार व्यक्त किया। मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डॉ. बी.पी. अग्रवाल ने बताया कि ऑपरेशन करने वाली टीम में स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ. रुचिका सेठ, निश्चेतक विशेषज्ञ डॉ. अभय गोयल, ओ.टी. टेक्निशियन शाहबाज, वार्ड आया मोनिका तथा बनवारी की अहम भूमिका रही।

भैरमपुर जंगल में लगी भीषण आग, 50 बीघा जंगल खाक

अमेठी समृद्धि न्यूज़। थाना क्षेत्र शुकुल बाजार के भैरमपुर जंगल में भीषण आग लगने से 50 बीघा जंगल जलकर राख हो गया। थाना क्षेत्र अंतर्गत नान्दी पम्प कैनाल के पास भैरमपुर जंगल में अज्ञात कारणों से भीषण आग लग गई, जिससे आसपास के ग्रामीणों में हड़कंप मच गया और लोग भयभीत हो गए। बताया जा रहा है कि आग नदी किनारे से फैलते हुए करीब 50 बीघा जंगल को अपनी चपेट में ले लिया, जिससे सरपत, पम्प कैनाल की केबिल और कई छोटे पेड़ जलकर राख हो गए। घटना की सूचना मिलते ही फायर ब्रिगेड टीम मौके पर पहुंची और कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पा लिया गया। फायर ब्रिगेड के हरिश्चंद्र ने बताया कि समय रहते आग को बुझा दिया गया, जिससे बड़ा नुकसान टल गया।

संदिग्ध परिस्थितियों में केरोसीन टैंकर में जोरदार धमाका

अमेठी समृद्धि न्यूज़। कोतवाली क्षेत्र मोहनगंज के तिलोई कस्बे में संदिग्ध परिस्थितियों में एक केरोसिन टैंकर में जोरदार ब्लास्ट होने से इलाके में हड़कंप मच गया। बताया जा रहा है कि टैंकर लंबे समय से एक ही स्थान पर खड़ा था। खड़े केरोसिन से भरे टैंकर में अचानक धमाका हो गया। बताया जाता है कि धमाका इतना तेज था कि आसपास के मकानों की दीवारें भी क्षतिग्रस्त हो गईं और पूरे इलाके में दहशत फैल गई। घटना की सूचना मिलते ही फायर ब्रिगेड और स्थानीय पुलिस टीम मौके पर पहुंची और हालात को काबू किया। फिलहाल पुलिस पूरे मामले की जांच पड़ताल में जुटी हुई है और ब्लास्ट के कारणों का पता लगाया जा रहा है।

न्यू स्टैंडर्ड पब्लिक स्कूल में वार्षिक परीक्षा परिणाम घोषित

सलोन रायबरेली समृद्धि न्यूज़। न्यू स्टैंडर्ड पब्लिक स्कूल सीनियर सेकेंडरी बगहा में वर्तमान शैक्षिक सत्र 2025-26 का वार्षिक परीक्षा फल वितरण समारोह आयोजित हुआ।जिसमें कक्षा 10वीं और 12वीं को छोड़कर सभी कक्षाओं के छात्र-छात्राओं का परीक्षा परिणाम घोषित कर प्रगति-पत्र वितरित किया गया।छात्र-छात्राओं को उनके बेहतर प्रदर्शन के लिए मेडल प्रदान के साथ उनके माता-पिता को सम्मानित किया गया।लगभग चालीस विद्यार्थियों ने शत-प्रतिशत या उसके निकटतम अंक अर्जित किए।जिन्हें प्रधानाचार्या द्वारा पदक प्रदान कर उनका हौसला अफजाई की।विद्यार्थियों और अभिभावकों को संबोधित करते हुए विद्यालय की प्रधानाचार्या कामाक्षा सिंह ने कहा कि बच्चों के मानसिक एवं शारीरिक विकास में माता-पिता का सबसे बड़ा योगदान होता है। उचित देखरेख उनके आत्मविश्वास को मजबूत बनाता है।

मुख्यमंत्री की मां पर की गई टिप्पणी अमर्यादित : अदिति सिंह

▸ शहीद चौक पर फूंका गया पुतला

रायबरेली समृद्धि न्यूज़। सदर विधायक अदिति सिंह ने मीडिया में प्रसारित उस आपत्तिजनक वीडियो की कड़ी निंदा करते हुए कहा है कि बिहार के मौलाना अब्दुल्लाह सलीम के द्वारा उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री मा.योगी आदित्यनाथ जी की पूज्य माता के प्रति की गई अमर्यादित टिप्पणी अत्यंत निंदनीय, दुर्भाग्यपूर्ण और भारतीय संस्कृति के विरुद्ध है। विधायक ने कहा कि भारत की संस्कृति में माँ को सर्वोच्च स्थान दिया गया है, और किसी भी व्यक्ति द्वारा किसी की माता के लिए इस प्रकार की अशोभनीय भाषा का प्रयोग करना सामाजिक मर्यादाओं का खुला उल्लंघन है। ऐसे बयान न केवल व्यक्तिगत आस्था और सम्मान को ठेस पहुंचाते हैं, बल्कि समाज में वैमनस्य फैलाने का भी प्रयास करते हैं। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश में कानून का राज है और समाज में नफरत फैलाने तथा अमर्यादित भाषा का प्रयोग करने वालों को किसी भी कीमत पर बख्शा नहीं जाएगा। ऐसे लोगों के खिलाफ कठोर से कठोर कानूनी कार्रवाई होनी चाहिए, ताकि भविष्य में कोई भी व्यक्ति इस प्रकार की अभद्र टिप्पणी करने का साहस न कर सके। विधायक अदिति सिंह ने प्रदेश सरकार और प्रशासन से मांग की कि मामले की गंभीरता को देखते हुए संबंधित व्यक्ति के विरुद्ध तत्काल और सख्त कानूनी कार्रवाई सुनिश्चित की जाए, जिससे समाज में शांति, सद्भाव और कानून व्यवस्था बनी रहे।

कल से शुरू होगी भागवत कथा

हैदरगढ़ बाराबंकी समृद्धि न्यूज़। विकासखंड त्रिवेदीगंज अंतर्गत पूरे झाम तिवारी मजरे बहुता में श्रीमद् भागवत कथा 9 मार्च से शुरू होकर 15 मार्च तक चलेगी। सात दिवसीय भागवत कथा का गुणगान श्री वृंदावन धाम से पधारे कथा व्यास मुरली मनोहर शास्त्री जी करेंगे। गत वर्ष भी श्रीमद् भागवत कथा का आयोजन किया गया था। पूरे झाम तिवारी में भागवत कथा को लेकर भव्य तैयारी चल रही है। भागवत कथा के पहले दिन 9 मार्च को दोष निवारण हनुमान मंदिर से सुबह 10 बजे कलश यात्रा निकाली जाएगी।

भागवत कथा का आयोजन राजेश कुमार तिवारी एवं रामशंकर तिवारी द्वारा किया जा रहा है।

जनपद में नहीं है पेट्रोलियम पदार्थ की कोई कमी : एडीएम

जनपद में डीजल एवं पेट्रोल की सप्लाई सामान्य है



रायबरेली समृद्धि न्यूज़। अपर जिलाधिकारी (प्रशासन) सिद्धार्थ ने बताया है कि जनपद में कहीं भी किसी भी प्रकार की डीज़ल अथवा पेट्रोल की कोई समस्या अथवा शार्टेज नहीं है । पूर्व की भांति जनपद में डीजल एवं पेट्रोल की सप्लाई सामान्य है , डिपो के अधिकारियों से वार्ता की गई है, कहीं कोई समस्या नहीं है।

अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर क्षेत्र की प्रतिभा को किया गया सम्मानित

बछरावा रायबरेली समृद्धि न्यूज़। महिला कल्याण विभाग रायबरेली द्वारा अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस 2026 के ध्येय 'यूपी का अभिमान मातृशक्ति उदयीमान' के तहत आयोजित कार्यक्रम में क्षेत्र की युवा प्रतिभा शिवानी साहू को को क्षेत्र के बच्चों के लिए चलाई जा रही ताइक्वांडो एकेडमी में विशेष योगदान के लिए तथा जमीनी स्तर पर लाभार्थियों तक अपनी योजनाओं एवं सरकार की योजनाओं सहित कार्यक्रमों तथा अभियानों को सक्रिय रूप से पहुंचने में जो विशेष योगदान दिया गया है। उसके लिए उन्हें जिला पंचायत अध्यक्षा रंजना चौधरी एवं मुख्य विकास अधिकारी रायबरेली अंजूलता व महिला कल्याण विभाग रायबरेली के अधिकारियों के द्वारा प्रशस्ति पत्र एवं प्रतीक चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया।

महिला दिवस : बेसिक शिक्षा में हुआ महिलाओं का सम्मान

रायबरेली समृद्धि न्यूज़

अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर आज बेसिक शिक्षा विभाग में कार्यक्रम धूमधाम से मनाया गया. बेसिक शिक्षा विभाग रायबरेली के सभागार में आज अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर 18 विकास क्षेत्रो एवं नगर क्षेत्र की 23 महिला शिक्षिकाओं को विभाग में उत्कृष्ट योगदान के लिए बेसिक शिक्षा अधिकारी राहुल सिंह द्वारा सम्मानित किया गया. खंड शिक्षा अधिकारी राही द्वारा बेसिक अधिकारी अधिकारी का सम्मान किया गया. जिले में उत्कृष्ट कार्य करने वाली शिक्षिकाओं को प्रमाण पत्र एवं स्मृति चिन्ह देकर के सम्मानित किया गया. अनुप्रिया सिंह,दीपिका सिंह,प्रीति वर्मा,मृदुल रानी एवं अरुणा सिंह ने महिला दिवस पर अपने विचार व्यक्त किया. इस अवसर पर बेसिक शिक्षा अधिकारी राहुल सिंह ने कहा है कि शासन द्वारा महिलाओं के कल्याण के लिए अनेक योजनाएं चलाई जा रही हैं जिसका महिला सशक्तिकरण मे विशेष योगदान है. और इसका लाभ बेसिक शिक्षा विभाग को भी मिल रहा है।

निलंबित सचिव गीतांजलि वर्मा का एक और मामला उजागर

▸ हरगांव में तैनाती के दौरान भी परिजनों के खाते में भुगतान के आरोप

समृद्धि न्यूज़, सीतापुर। उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा ग्रामीण विकास योजनाओं में पारदर्शिता और जवाबदेही सुनिश्चित करने के लिए लगातार सख्त निर्देश दिए जा रहे हैं। मुख्यमंत्री के निर्देश पर प्रदेश भर में ग्राम पंचायतों में होने वाले कार्यों और सरकारी धन के उपयोग पर विशेष निगरानी रखी जा रही है। इसी क्रम में जनपद सीतापुर में भी जिला प्रशासन द्वारा कई मामलों में सख्त कार्रवाई की जा चुकी है। इसी बीच हाल ही में निलंबित की गई ग्राम विकास अधिकारी गीतांजलि वर्मा से जुड़ा एक और मामला सामने आया है। जानकारी के अनुसार विकासखंड हरगांव की ग्राम पंचायत पिपरा घूरी में तैनाती के दौरान उनके कार्यकाल में वित्तीय अनियमितताओं के आरोप सामने आ रहे हैं। सूत्रों के मुताबिक 9 अक्टूबर 2023 से 9 फरवरी 2024 के बीच ग्राम प्रधान विमला देवी के सगे भतीजे कैलाश राणा के निजी खाते में विभिन्न मदों के नाम पर भुगतान किया गया। बताया जा रहा है कि गौशाला के केयरटेकर मानदेय, 9 अक्टूबर 2023 को 24,000, भारत संकल्प यात्रा के नाम पर 26 दिसंबर 2023 को 26,000, गौशाला से जुड़े कार्य, तिरपाल और अलाव व्यवस्था के नाम पर 30,000, ग्राम पंचायत में पेंटिंग कार्य तथा प्रशासनिक व्यय के नाम पर 34,900 की धनराशि दर्शाकर भुगतान किया गया। इसके अलावा 31 जनवरी 2024 को गौशाला में मोटर के नाम पर 26,000 तथा हैंडपंप रिबोर के नाम पर 30,500 का भुगतान भी दिखाया गया है। खास बात यह बताई जा रही है कि मोटर और हैंडपंप रिबोर दोनों कार्य गौशाला परिसर में ही एक ही स्थान पर दर्शाए गए हैं, जिससे पूरे मामले में कई सवाल खड़े हो रहे हैं। ग्रामीणों का कहना है कि यदि इन कार्यों की स्थलीय जांच कराई जाए तो वास्तविक स्थिति स्पष्ट हो सकती है। गौरतलब है कि ग्राम विकास अधिकारी गीतांजलि वर्मा पहले भी इसी तरह के एक मामले में कार्रवाई का सामना कर चुकी हैं। जानकारी के अनुसार विकासखंड खैराबाद की ग्राम पंचायत दहेलिया श्रीरंग में तैनाती के दौरान ग्राम प्रधान के बेटे के खाते में लाखों रुपये के भुगतान की शिकायत ग्रामीणों द्वारा की गई थी। इस मामले में जिला प्रशासन ने संज्ञान लेते हुए जांच कराई, जिसमें अनियमितताओं के तत्व पाए जाने पर 6 फरवरी 2026 को जिला प्रशासन ने गीतांजलि वर्मा को निलंबित कर दिया और उन्हें विकासखंड बिसवां से संबद्ध कर दिया गया। अब हरगांव विकासखंड से जुड़ा यह नया मामला सामने आने के बाद स्थानीय लोगों में चर्चा तेज हो गई है। ग्रामीणों का कहना है कि यदि इस पूरे प्रकरण की भी निष्पक्ष जांच कराई जाए तो कई महत्वपूर्ण तथ्य सामने आ सकते हैं।

बहुता धाम में चल रहे मानस सम्मेलन में बह रहा भक्तिभाव

हैदरगढ़ बाराबंकी समृद्धि न्यूज़। सृष्टि का आधार भगवती सीता हैं। इसी कारण वे जगत की जननी कही जाती है। संसार का उद्?भव, पालन और संहार उन्हीं के द्वारा होता है। ये विचार बहुताधाम में चल रहे मानस सम्मेलन के सातवें दिन रायबरेली से पधारे कथा व्यास डॉ0 कृष्णकुमार मिश्र ने व्यक्त किये। मिश्र जी ने शक्ति तत्व की विवेचना करते हुए कहा कि जगत के संचालन और नियमन की जो अदृश्य शक्ति है, वही सीता के रूप में अवतरित होती है। अयोध्या से पधारे कौशल्या घाट के महन्त सुकृपा दास जी ने कहा कि मानस में वर्णित श्री रामजी सर्वगुणसम्पन्न पुरुषोत्तम हैं।

जांच में निकला ग्राम प्रधान की बहन पर लग रहा भुगतान डीपीआरओ ने दबा दी फाइल, नहीं हुई कार्यवाही

सीतापुर। सीतापुर जिलाधिकारी डॉक्टर राजा गणपति आर के द्वारा लगातार सरकार की मनसा को लेकर कार्य करते हुए नजर आ रहे हैं और भ्रष्टाचार्यो पर कार्यवाही भी कर रहे हैं वहीं दूसरी तरफ जिला पंचायत अधिकारी निरीश चंद्र साहू के द्वारा सरकार और जिलाधिकारी को चुनौती देते हुए अपनी मनमानी कर रहे हैं जहां ग्रामीणों की शिकायत पर जिलाधिकारी ने जांच टीम गठित की थी जांच टीम के द्वारा निष्पक्ष जांच करते हुए कार्यवाही के लिए पत्र जिला पंचायत राज अधिकारी और मुख्य विकास अधिकारी को सौंप दी गई थी परंतु जिला पंचायत राज अधिकारी फाइल को दबाते हुए अपनी मनमानी कर रहे हैं क्या इस मामले पर जिलाधिकारी और मुख्य विकास अधिकारी स्वयं संज्ञान लेकर ऐसे लोगों पर कार्यवाही कब होगी बताते चलें विकास खण्ड मछरेहटा की ग्राम पंचायत पहाड़पुर में ग्राम प्रधान, ग्राम पंचायत सचिव द्वारा ग्राम प्रधान की सगी बहन के नाम की फर्म मानवी कॉस्ट्रक्शन पर रू0 1839546-00 का हस्तान्तरण कर किया दुरूपयोग । राजकुमार सिंह पुत्र प्रेम प्रकाश सिंह एवं मोहित सिंह पुत्र सन्तोष सिंह निवासी ग्राम पहाड़पुर पो0 भिठौरा तहसील मिश्रिख जिला सीतापुर द्वारा नोटरी सत्यापित शिकायत दिनांक 13-09-2025 को जिलाधिकारी सीतापुर से की गयी थी जिसमें ग्राम प्रधान, ग्राम पंचायत सचिव द्वारा सरकार के आदेश के बाद भी ग्राम पंचायत में ग्राम प्रधान की सगी बहन और प्रधान प्रतिनिधि की पत्नी के नाम फर्जी फर्म बनाकर मानवी कान्स्ट्रक्शन का करेन्ट खाता खोलकर धन का दुरूपयोग करने का आरोप लगाया गया था।

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ ने मनाया होली मिलन समारोह

▸ प्रदीप पाठक व के.के. श्रीवास्तव आदि पत्रकारों का हुआ सम्मान

समृद्धि न्यूज़, गुरसहायगंज कन्नौज। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ द्वारा होली मिलन समारोह का आयोजन हर्षोल्लास के साथ किया गया। कार्यक्रम में संघ के पदाधिकारियों, कार्यकर्ताओं एवं क्षेत्र के नगर के वरिष्ठ पत्रकारों ने भाग लिया। इस दौरान आपसी भाईचारे और सौहार्द के प्रतीक होली पर्व की शुभकामनाएं एक-दूसरे को दी गईं। कार्यक्रम की शुरुआत भारत माता के चित्र पर पुष्प अर्पित कर की गई। कार्यक्रम के आयोजन बृजेश गुप्ता एडवोकेट उर्फ रामू ने कहा कि होली का पर्व समाज में प्रेम, सद्भाव और एकता का संदेश देता है। ऐसे आयोजनों से समाज में आपसी मेलजोल और सौहार्द की भावना मजबूत होती है। समारोह के दौरान संघ पदाधिकारियों ने क्षेत्र के पत्रकारों को अंगवस्त्र एवं स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया। उन्होंने कहा कि पत्रकार समाज का दर्पण होते हैं और निष्पक्ष पत्रकारिता के माध्यम से समाज को सही दिशा देने का कार्य करते हैं। वरिष्ठ पत्रकार दैनिक जागरण के प्रभारी प्रदीप पाठक अमर उजाला के प्रभारी वरिष्ठ पत्रकार संजय द्विवेदी दैनिक आज के प्रभारी स्वदेश गुप्ता वरिष्ठ पत्रकार हिंदी दैनिक विश्व वार्ता के प्रभारी के के श्रीवास्तव जनसंदेश टाइम के जिला प्रभारी मनोज गुप्ता अमर उजागर के संपादक राज किशोर गुप्ता पंकज वर्मा रंजीत सिंह आशुतोष श्रीवास्तव राजीव सिंह चौहान अंशु द्विवेदी पत्रकारों को कार्यक्रम के आयोजन बृजेश गुप्ता एडवोकेट उर्फ रामू ने फूल मालाओं से लाद कर उनका भव्य स्वागत किया। इस अवसर पर उपस्थित लोगों ने एक-दूसरे को अबीर-गुलाल लगाकर होली की बधाई दी और मिठाइयां बांटकर खुशियां साझा कीं। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में संघ के कार्यकर्ता, गणमान्य लोग और पत्रकार मौजूद रहे। तिर्वा रोड पर बांके बिहारी जी परिसर में संघ का हिंदू होली मिलन समारोह में नगर कारवां श्री बृजेश गुप्ता और प्रभु ने संघ के 100 वर्ष पर प्रकाश डाला संघ में समय-समय पर प्रतिबंध लगाया गया परंतु संघ फिर उत्तरोत्तर प्रगति करता हुआ बढ़ता गया उसके उपरांत नगर संचालक श्री बृजेश कौशल ने पांच परिवर्तन के बारे में बताया परिवार कैसे एक रहे उसके लिए कुटुंब प्रबोधन सामाजिक समरसता पर्यावरण स्वदेशी वस्तुओं का प्रयोग और नागरिक कर्तव्य के बारे में विस्तृत से बताया उसके पश्चात शाह नगर संघचालक शैलेश कुमार ने संघ की शाखा के बारे में आए हुए पत्रकार बंधुओ और नगर के स्वयंसेवक बांधों को बताया कि नगर में प्रातः 6:00 बजे से 7:00 तक तिर्वा रोड पर 1 घंटे की शाखा लगती है जिसमें मानव निर्माण का कार्य होता है तत्पश्चात नगर के सभी पत्रकार बंधुओ का सम्मान शाल उड़ाकर सम्मानित किया गया।

लोहिया सदन में फूलों की होली, फाग गायकी ने बांधा समां

समृद्धि न्यूज़, छिबरामऊ, कन्नौज। नगर के पश्चिमी बाईपास स्थित लोहिया सदन में रविवार को समाजवादी होली मिलन समारोह का आयोजन बड़े उत्साह और हर्षोल्लास के साथ किया गया। इस दौरान फूलों की होली खेली गई और फाग गायकी की शानदार प्रस्तुतियों ने माहौल को पूरी तरह होलीमय बना दिया। पूर्व सांसद स्वर्गीय छोटे सिंह यादव की स्मृति में आयोजित फूल भरी होली कार्यक्रम में बड़ी संख्या में लोगों ने भाग लेकर एक-दूसरे को फूलों से होली खेलकर शुभकामनाएं दीं। कार्यक्रम में नगला बलदेव निवासी बलराम सिंह यादव के संयोजन में आई फाग गायकी की टीम ने एक से बढ़कर एक होली गीत प्रस्तुत किए, जिन्हें सुनकर श्रोता झूम उठे। संगीत की मधुर धुनों के बीच कलाकारों ने पारंपरिक होली गीतों और भजनों से समां बांध दिया। इस दौरान ढोलक पर हरनाथ सिंह और सुरेंद्र सिंह ने झींका पर ताल दी, जबकि राम आसरे ने चिमटा बजाकर संगत दी। वहीं श्याम बाबू, राकेश चंद्र, विजयपाल, हवलदार और चंद्रपाल ने भी अपने गीतों व भजनों की प्रस्तुति देकर कार्यक्रम को यादगार बना दिया। पूर्व जिला पंचायत उपाध्यक्ष बाबा रामप्रकाश यादव के संयोजन में आयोजित समारोह में महेंद्र सिंह निम, दिनेश गुप्ता, अरविंद सिंह, कमल कुमार यादव, उमाशंकर यादव, बलिस्टर सिंह, पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष प्रताप सिंह यादव, मोहन सिंह यादव, वीरेंद्र सिंह पाल, संतोष यादव और सत्यराम यादव सहित क्षेत्र के कई गणमान्य लोग मौजूद रहे। कार्यक्रम के अंत में सभी ने एक-दूसरे को होली की शुभकामनाएं देते हुए आपसी सौहार्द और भाईचारे का संदेश दिया।

सीएम आरोग्य स्वास्थ्य मेले में 1824 मरीजों को मिला उपचार

कन्नौज। रविवार को जनपद के विभिन्न प्राथमिक एवं नगरीय स्वास्थ्य केंद्रों पर मुख्यमंत्री आरोग्य स्वास्थ्य मेले का आयोजन किया गया। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. स्वदेश गुप्ता के निर्देशन में आयोजित मेले की व्यवस्थाओं का निरीक्षण नोडल अधिकारी डॉ. जितेन्द्र कुमार (उप मुख्य चिकित्सा अधिकारी) तथा अपर मुख्य चिकित्साधिकारियों ने विभिन्न केंद्रों का भ्रमण कर किया। स्वास्थ्य मेले में आने वाले मरीजों को निःशुल्क जांच और उपचार की सुविधा दी गई। इसके साथ ही बच्चों और गर्भवती महिलाओं का टीकाकरण, परिवार कल्याण सेवाएं, हेपेटाइटिस बी व सी की जांच, टीबी के संभावित मरीजों की स्क्रीनिंग, नेत्र परीक्षण तथा आयुष्मान भारत योजना के तहत गोल्डन कार्ड बनाने की सुविधा भी उपलब्ध कराई गई।

सत्संग भवन में फूलों से खेली गई होली

▸ भाईचारे का दिया संदेश

छिबरामऊ, कन्नौज। नगर के पूर्वी बाईपास स्थित संत निरंकारी सत्संग भवन में श्रद्धालुओं और संत महात्माओं ने फूलों की होली खेलकर प्रेम, भाईचारे और सद्भाव का संदेश दिया। इस अवसर पर सत्संग का भी आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में महात्मा एवं श्रद्धालु उपस्थित रहे। सत्संग के दौरान परम पूज्य महात्मा राजकुमार गुप्ता ने कहा कि त्योहारों का वास्तविक उद्देश्य आपसी प्रेम और सद्भाव को बढ़ाना है। त्योहार पुराने गिले-शिकवे भुलाकर लोगों को एक-दूसरे के करीब लाने का माध्यम होते हैं। उन्होंने कहा कि होली नफरत की दीवारों को खत्म कर प्रेम और खुशियों का संदेश देती है। उन्होंने भक्ति के महत्व पर प्रकाश डालते हुए माता शबरी, भक्त प्रह्लाद, भक्त मीरा और भगवान राम के परम भक्त हनुमान का उदाहरण दिया। उन्होंने कहा कि सच्ची भक्ति में डूबा हुआ भक्त अपने आराध्य के प्रेम में इतना लीन हो जाता है कि उसे संसार की कोई चिंता नहीं रहती। अंत में सभी श्रद्धालुओं ने प्रेम, करुणा और मानवता के मार्ग पर चलने का संकल्प लिया।

महात्मा राम प्रताप के संचालन में हुए कार्यक्रम में संत महापुरुषों और श्रद्धालुओं ने एक-दूसरे को अबीर-गुलाल लगाकर तथा फूलों की होली खेलकर पर्व की खुशियां साझा कीं और सभी को होली की शुभकामनाएं दीं। पूरे वातावरण में भक्ति, प्रेम और उल्लास का माहौल बना रहा।

ईद की तैयारी में मुस्लिम समुदाय ने उठाई ईदगाह मार्ग सुधार की मांग

छिबरामऊ, कन्नौज। आगामी ईद-उल-फित्र के मद्देनजर मुस्लिम समुदाय ने नगर पालिका से ईदगाह के मार्ग को दुरुस्त करने की मांग की है। समुदाय के प्रतिनिधियों रानू कुरैशी, रियाज अहमद, शाकिर, राजू और बहार कुरैशी ने अधिशासी अधिकारी को पत्र लिखकर फर्रुखाबाद रोड स्थित ईदगाह परिसर में तत्काल सफाई की अपील की है। पत्र में बताया गया है कि ईदगाह के आसपास नालों-नालियों में भारी मात्रा में कूड़ा-कर्कट जमा है, जिसे शीघ्र हटवाया जाए। साथ ही ईदगाह जाने वाली मुख्य सड़क पर गहरे-गहरे गड्ढे बने हुए हैं, जो राहगीरों के लिए खतरनाक साबित हो रहे हैं। समुदाय ने जनहित में इन गड्ढों को भरवाने और पूरी सड़क को सुचारू करने की मांग की है। उल्लेखनीय है कि इस वर्ष ईद 20 मार्च के आसपास होने की संभावना है। ऐसे में समुदाय ने नगर पालिका से अपील की है कि ईद से पहले ही सफाई अभियान चलाकर ईदगाह का मार्ग सुरक्षित और स्वच्छ बनाया जाए, ताकि नमाजियों को किसी असुविधा का सामना न करना पड़े।

गौ सम्मान आवाहन अभियान की बैठक में जनजागरण पर जोर

छिबरामऊ, कन्नौज। पंडित कन्हैया लाल पांडेय मार्केट, पश्चिमी बाईपास पर आयोजित गौ सम्मान आवाहन अभियान की बैठक में जनजागरण पर जोर दिया गया।

गौ माता के सम्मान और संरक्षण को लेकर चलाए जा रहे गौ सम्मान आवाहन अभियान के अंतर्गत वक्ताओं ने कहा कि गौ सम्मान आवाहन अभियान देशभर में संत-महात्माओं और सामाजिक संगठनों के सहयोग से चलाया जा रहा है। इसका मुख्य उद्देश्य समाज में गौ माता के प्रति सम्मान की भावना को बढ़ाना, गौवंश की सुरक्षा सुनिश्चित करना तथा अधिक से अधिक लोगों को गौ सेवा से जोड़ना है। गौ सेवक रंजीत पांडेय ने कहा कि भारतीय संस्कृति में गौ माता को विशेष स्थान प्राप्त है और समाज के प्रत्येक व्यक्ति का कर्तव्य है कि वह गौ संरक्षण के लिए आगे आए। उन्होंने कहा कि इस अभियान के माध्यम से देशभर में जनजागरण कार्यक्रम चलाकर लोगों को गौ सेवा के लिए प्रेरित किया जा रहा है। साथ ही आगामी 27 अप्रैल को 'गौ सम्मान दिवस' के रूप में मनाने का आह्वान करते हुए कहा इस दिन सुबह 10 बजे अपने-अपने क्षेत्र के तहसील या जिला मुख्यालय पर ज्ञापन देकर गौ माता को राष्ट्र माता का दर्जा देने तथा गौ संरक्षण के लिए ठोस कदम उठाने की मांग करें। गौ सेवक कृष्णा पांडेय ने इस अभियान को जन-जन तक पहुंचाने और गौ सेवा के कार्यों में सक्रिय भागीदारी निभाने की अपील की। इस अवसर पर प्रेम मुरारी दुबे, समाजसेवी डॉ वरुण प्रताप सिंह, कृष्ण औतार गुप्ता (बाबा मेडिकल वाले), धर्मेंद्र अवस्थी (नादान), अजय गुप्ता, पंकज मिश्रा, अंशुल राठौर, विकास दीक्षित सहित अन्य गणमान्य लोग मौजूद रहे।

खबरें एक नजर में

बार का शपथ ग्रहण समारोह आज

छिबरामऊ, कन्नौज। बार एसोसिएशन छिबरामऊ की नवनिर्वाचित कार्यकारिणी का शपथ ग्रहण समारोह 9 मार्च सोमवार को दोपहर 1 बजे से तहसील परिसर स्थित अधिवक्ता सभागार में आयोजित किया जाएगा। यह जानकारी देते हुए अध्यक्ष जितेंद्र श्रीवास्तव एडवोकेट व महासचिव पंकज मिश्रा एडवोकेट ने बताया कि मुख्य अतिथि जनपद एवं सत्र न्यायाधीश नरेंद्र कुमार झा तथा विशिष्ट अतिथि के रूप में बार काउंसिल आफ उत्तर प्रदेश के उपाध्यक्ष अनुराग पांडेय एडवोकेट शपथ ग्रहण समारोह में मौजूद रहेंगे।

होली मिलन समारोह में मंत्री असीम अरुण भी थिरके, फूलों की होली से रंगीन हुआ माहौल

कन्नौज। शहर के रोमा स्मारक में आयोजित होली मिलन समारोह में ऊर्जा एवं नगर विकास राज्य मंत्री असीम अरुण ने शिरकत कर लोगों के साथ होली की खुशियां साझा कीं। कार्यक्रम के दौरान मंत्री मंच पर संगीत की धुन पर थिरकते नजर आए, जिससे माहौल और भी रंगीन हो गया। समारोह को संबोधित करते हुए मंत्री असीम अरुण ने कहा कि होली का पर्व आपसी बैर-भाव को मिटाकर प्रेम और भाईचारे का संदेश देता है। उन्होंने कहा कि हमें समाज की बुराइयों को भी होलिका दहन के साथ समाप्त करने का संकल्प लेना चाहिए। कार्यक्रम में कवियों ने हास्य और होली गीतों से भरपूर काव्य पाठ किया, वहीं बच्चों ने रंगारंग नृत्य प्रस्तुत कर दर्शकों की खूब तालियां बटोरीं। इस दौरान फूलों की होली भी खेली गई, जिसमें उपस्थित लोगों ने एक-दूसरे पर फूल बरसाकर होली की शुभकामनाएं दीं। पूरे समारोह में उत्साह और उल्लास का माहौल बना रहा।

घर के कमरे में फंदा लगा कर महिला ने की आत्महत्या

गुरसहायगंज, कन्नौज। पति की गैर मौजूदगी और बच्चों को सोता छोड़ कर गर्भवती महिला ने घर के कमरे में फंदा लगा कर आत्महत्या कर ली। जानकारी होने पर परिजनों में कोहराम मच गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। नगर के मोहल्ला रामगंज निवासी अंकित शाक्य की पत्नी रजनी शाक्य (25) ने रविवार की सुबह घर के कमरे में कुंडे से फंदा लगाकर जान दे दी। सुबह कमरे में पहुंची सास ने बहू को फांसी पर लटका देखा तो परिजनों में चीख पुकार मच गई। सूचना पर पहुंची कोतवाली पुलिस ने शव को नीचे उतार कर पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

जेब्रा पार्क में महिला दिवस कार्यक्रम का देखा गया सजीव प्रसारण

बाराबंकी। इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान लखनऊ में आयोजित अन्तर्राष्ट्रीय महिला दिवस कार्यकम का पल्हरी चौराहा पर स्थित जेब्रा पार्क में सजीव प्रसारण देखा गया गया। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि जिला पंचायत अध्यक्ष राजरानी रावत उपस्थित रही। जनपद स्तर पर आयोजित कार्यक्रम मे मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना के अन्तर्गत बच्चे, बाल विवाह की रोकथाम हेतु विशेष सहयोग करने वाली किशोरियां, विभाग के अन्तर्गत उत्कृष्ट कार्य करने वाली महिला कार्मिकों एवं स्वयं सहायता समूह के अन्तर्गत उत्कृष्ट कार्य करने वाली समूह सखी को अन्तर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर प्रमाण-पत्र, शॉल एवं बैग देकर सम्मानित किया गया।

कोषाध्यक्ष सुलेखा को पुलिस ने किया हाउस अरेस्ट

▸ प्रदेश अध्यक्ष के आह्वान पर लखनऊ जाने का था प्रोग्राम

गुरसहायगंज कन्नौज। आंगनबाड़ी कार्यकर्ती एवं सहायिका वेलफेयर संगठन उत्तर प्रदेश की ब्लॉक तालग्राम कोषाध्यक्ष को पुलिस ने हाउस अरेस्ट कर लिया घर पर पुलिस का पहरा बना रहा जिससे ब्लॉक तालग्राम की कोषाध्यक्ष लखनऊ नहीं पहुंच सकी। उत्तर प्रदेश की प्रदेश अध्यक्ष शशि वाला के आवाहन पर जनपद की आंगनबाड़ी कार्यकर्ती एवं सहायिका वेलफेयर संगठन की ब्लाक तालग्राम की कोषाध्यक्ष सुलेखा शुक्ला सहित कई कार्य करती महिला दिवस पर लखनऊ पहुंचकर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को ज्ञापन सौंपने का कार्यक्रम निर्धारित किया गया था ब्लॉक कोषाध्यक्ष सुलेखा शुक्ला ने बताया कि महिला दिवस के अवसर पर प्रदेश के कई जनपदों से आंगनबाड़ी कार्यकर्ती एवं सहायिका वेलफेयर एसोसिएशन की पदाधिकारी कार्यकर्ता महिला दिवस पर प्रदेश के मुख्यमंत्री को ज्ञापन दिए जाने का कार्यक्रम निर्धारित किया गया था जिसकी भनक लगते ही चौकी प्रभारी एवं पुलिस बल् मोहल्ला रामकृष्ण नगर निवासी सुलेखा शुक्ला को उनके निजी आवास पर हाउस अरेस्ट नजर बंद कर लिया ब्लॉक कोषाध्यक्ष का कहना है कि आंगनबाड़ी की आवाज को दबाने का प्रयास किया जा रहा है उन्होंने बताया कि अमरोहा गजरौला सहित कई जनपदों की आंगनबाड़ी कार्यकर्ती एवं सहायिका वेलफेयर एसोसिएशन की महिलाओं को नजर बंद किया गया है जिससे आंगनबाड़ी कार्यकर्ती एवं सहायिका वेलफेयर एसोसिएशन पदाधिकारी में रोष है उन्होंने बताया कि जिला उपाध्यक्ष सविता तिवारी ब्लॉक अध्यक्ष तालग्राम को भी हाउस अरेस्ट किया गया था।

शास्त्रानुकूल सतभक्ति से ही संभव है मोक्ष : संत रामपाल महाराज

छिबरामऊ, कन्नौज। श्रीराम रिसॉर्ट में संत रामपालजी महाराज के सत्संग का आयोजन एलईडी स्क्रीन के माध्यम से किया गया, जिसमें क्षेत्र के सैकड़ों श्रद्धालुओं ने भाग लिया और सत्संग का लाभ प्राप्त किया। सत्संग में संत रामपालजी महाराज ने बताया कि जब कोई भक्त सच्चे सतगुरु की शरण में आकर नाम-दीक्षा लेता है और शास्त्रानुकूल सतभक्ति करता है, तब उसके जीवन के सभी कष्ट धीरे-धीरे समाप्त होने लगते हैं। उन्होंने कहा कि सच्चे सतगुरु की शरण में जाने से ही जीव आत्मा को जन्म-मृत्यु के चक्र से मुक्ति मिल सकती है। उन्होंने बताया कि जब साधक तत्वदर्शी संत से नाम-दीक्षा लेकर भक्ति मार्ग पर चलने लगता है, तो उसे यमराज तथा मृत्यु के बाद मिलने वाले दंड और नरक का भय नहीं रहता। सतगुरु की दीक्षा के बाद भक्त परमात्मा की शरण में आ जाता है और उसका जीवन आध्यात्मिक मार्ग पर अग्रसर हो जाता है। सत्संग के दौरान गीता, वेद और पुराणों के प्रमाणों के माध्यम से बताया गया कि सच्ची मुक्ति केवल सतलोक की प्राप्ति से ही संभव है, जो शास्त्रानुकूल साधना से मिलती है। इस अवसर पर भानुप्रताप दास, संतोष दास, सर्वेश दास सहित कई सेवादार उपस्थित रहे और उन्होंने श्रद्धालुओं को सत्संग के महत्व के बारे में जानकारी दी।

14 मार्च से शुरू होगा 'कन्नौज इत्रोत्सव-2026'

▸ इत्र की वैश्विक पहचान और पर्यटन को बढ़ावा देने पर जोर

कन्नौज। जनपद की सांस्कृतिक और ऐतिहासिक पहचान को राष्ट्रीय-अंतरराष्ट्रीय स्तर पर प्रदर्शित करने तथा कन्नौज के प्रसिद्ध इत्र उद्योग को बढ़ावा देने के उद्देश्य से आयोजित होने वाले 'कन्नौज इत्रोत्सव-2026' का शुभारंभ आगामी 14 मार्च को होगा। इसको लेकर रविवार को कलेक्ट्रेट स्थित गांधी सभागार में जिला प्रशासन और जनप्रतिनिधियों ने उत्सव का आधिकारिक लोगो जारी किया। इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष प्रिया शाक्य, तिर्वा विधायक कैलाश सिंह राजपूत, जिलाधिकारी आशुतोष मोहन अग्निहोत्री, भाजपा जिलाध्यक्ष वीर सिंह भदौरिया, मुख्य विकास अधिकारी राम कृपाल चौधरी और अपर पुलिस अधीक्षक अजय कुमार सहित अन्य जनप्रतिनिधि मौजूद रहे। कार्यक्रम का आयोजन जिला पर्यटन एवं संस्कृति विभाग कन्नौज की ओर से किया जाएगा।

बैठक के दौरान इत्रोत्सव-2026 के आयोजन की रूपरेखा और उद्देश्यों पर विस्तार से चर्चा की गई। अधिकारियों ने कहा कि इस उत्सव के माध्यम से कन्नौज की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत, ऐतिहासिक महत्व और पर्यटन संभावनाओं को व्यापक मंच मिलेगा। साथ ही 'एक जिला एक उत्पाद' के तहत कन्नौज के इत्र को भी बड़े स्तर पर प्रचारित-प्रसारित किया जाएगा। जिलाधिकारी ने संबंधित विभागों को निर्देश दिए कि विभिन्न विभागों के समन्वय से आयोजन की सभी तैयारियां समय से पूरी की जाएं, ताकि कार्यक्रम को भव्य और सफल बनाया जा सके। बताया गया कि 'कन्नौज इत्रोत्सव-2026' का आयोजन शहर के बोर्डिंग ग्राउंड में किया जाएगा।

टीएसआई ने लोगों को नियमों का पालन करने की दी नसीहत

समृद्धि न्यूज़, कन्नौज। रविवार को शहर में यातायात जागरूकता अभियान चलाया गया। टीएसआई अरशद अली ने पाल चौराहा, गोल कुआं, तिर्वा क्रॉसिंग और बस स्टॉप समेत कई स्थानों पर लोगों को यातायात नियमों के प्रति जागरूक किया। उन्होंने आमजन से कहा कि पहले खुद नियमों को समझें और फिर दूसरों को भी पालन करने के लिए प्रेरित करें, ताकि सड़क दुर्घटनाओं को रोका जा सके। इस दौरान बिना हेलमेट बाइक चला रहे चालकों को रोककर आगे से हेलमेट पहनकर वाहन चलाने की सख्त हिदायत दी गई। साथ ही 14 मार्च को आयोजित होने वाली राष्ट्रीय लोक अदालत के संबंध में जानकारी देते हुए अपील की गई कि जिन वाहन चालकों के चालान लंबित हैं, वे न्यायालय परिसर पहुंचकर उनका निस्तारण करा लें। अभियान में आरक्षी कन्हैया, मुख्य आरक्षी विजय प्रताप, मनोज कुमार और अब्दुल वहीद मौजूद रहे।

सरसौदी गांव का ग्राम प्रधान ने किया ऐतिहासिक विकास कार्य : धर्मेंद्र यादव

बाराबंकी। विकासखंड देवा की ग्राम पंचायत सरसौदी के ग्राम प्रधान अयोध्या प्रसाद ने विकास कार्य करने में जनपद में अपनी अलग पहचान बनाई है, सबसे पहले डॉक्टर अंबेडकर पार्क की बाउंड्रीवाल का निर्माण कराया, उसके बाद पन्द्रहवां/पंचम राज्य वित्त आयोग योजना अंतर्गत वर्ष 2025 - 26 में ऐतिहासिक एवं भव्य रूप से भारतीय संविधान निर्माता, भारत रत्न बाबा साहब डॉक्टर भीमराव अंबेडकर स्मृति प्रवेश द्वार ग्राम पंचायत सरसौदी का निर्माण कराया गया है, जिसका उद्घाटन विकासखंड देवा के ब्लॉक प्रमुख धर्मेंद्र सिंह यादव द्वारा ग्राम प्रधान अयोध्या प्रसाद गौतम की अध्यक्षता में फीता काटकर ग्राम वासियों की उपस्थिति में आज किया गया।

माता-पिता साक्षात ईश्वर का रूप : सतीश शर्मा

रामसनेहीघाट बाराबंकी। माता-पिता साक्षात ईश्वर का दूसरा रूप हैं। उनकी सेवा और सम्मान करने से ही मनुष्य को ईश्वर की कृपा प्राप्त होती है और जीवन में मनोवांछित फल मिलता है। यह बात प्रदेश सरकार के राज्यमंत्री सतीश चंद्र शर्मा ने रामसनेहीघाट क्षेत्र के कंधईपुर स्थित हंस मन सुमन आश्रम में आयोजित कार्यक्रम में कही। आश्रम में ब्रह्मलीन संत हंस मन सुमन संत की पुण्यतिथि के अवसर पर रामचरितमानस पाठ का आयोजन किया गया। श्रद्धालुओं ने श्रद्धा-भाव से पाठ में भाग लिया। पाठ के समापन पर विशाल भंडारे का आयोजन किया गया।

जिसमें बड़ी संख्या में लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया।

कलेक्ट्रेट गांधी सभागार में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर भव्य कार्यक्रम

▸ बाल विवाह रुकवाने वाली बालिकाएं और विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वाली महिलाओं को किया गया सम्मानित

कन्नौज। अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर 'यूपी का अभिमान-मातृशक्ति उदीयमान, यूपी की नारी-शान है हमारी' थीम के अंतर्गत कलेक्ट्रेट स्थित गांधी सभागार में भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ जिला पंचायत अध्यक्ष प्रिया शाक्य, तिर्वा विधायक कैलाश सिंह राजपूत, जिलाधिकारी आशुतोष मोहन अग्निहोत्री, पार्टी जिलाध्यक्ष वीर सिंह भदौरिया, मुख्य विकास अधिकारी राम कृपाल चौधरी और अपर जिलाधिकारी अजय कुमार सहित अन्य जनप्रतिनिधियों ने मां सरस्वती के चित्र पर दीप प्रज्वलित कर किया। इस अवसर पर लखनऊ से मुख्यमंत्री के संबोधन का लाइव प्रसारण भी उपस्थित लोगों ने देखा और सुना। कार्यक्रम के दौरान बाल विवाह रोकने के लिए चाइल्ड हेल्पलाइन नंबर 1098 पर सूचना देकर अपना विवाह रुकवाने वाली बालिकाओं चांदनी, वर्षा, नीतू, प्रियांशी और लक्ष्मी को सम्मानित किया गया। इसके अलावा ज्योति सिंह हाई स्कूल की छात्राओं अंशिका तिवारी, अपर्णा और नम्रता कटियार को इंटरमीडिएट परीक्षा में 80 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त करने पर सम्मानित किया गया। साथ ही जनपद में विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वाली महिलाओं को भी सम्मानित किया गया। इनमें सीडीपीओ अर्चना वर्मा, रमाकांती, मुख्य सेविका सुनाक्षी, शिवानी, वीति तिवारी, गरिमा दिवाकर, नेहा गुप्ता, चिकित्साधिकारी डॉ. रिंकी देवी, एएनएम कीर्ति देवी, पंचायत सचिव प्रियंका गौतम, पंचायत सहायक प्रिया प्रजापति, कंसल्टिंग इंजीनियर पूजा, सफाई कर्मी संगीता देवी, फूलन देवी, ग्राम संगठन अध्यक्ष कल्पना, सीएलएफ मैनेजर अंजलि कटियार, बीसी सखी बिनो देवी, प्रेमलता, प्रधानाचार्य सरिता गौतम, रजा पांडे और सहायक अध्यापिका आकांक्षा सिंह शामिल रहीं।

गांजा तस्करों के बड़े गिरोह का भंडाफोड़, 56 किलो गांजे के साथ तीन गिरफ्तार

कन्नौज। जिले में गांजा तस्करों के एक बड़े गिरोह का पुलिस ने भंडाफोड़ किया है। एसओजी और सदर कोतवाली पुलिस की संयुक्त टीम ने 56 किलो गांजे के साथ तीन लोगों को गिरफ्तार किया है। आरोपी उड़ीसा से गांजा तस्करी कर कन्नौज में सप्लाई करते थे। पुलिस को उड़ीसा से मिले क्लू के आधार पर कार्रवाई की गई। इसके बाद एसओजी और सदर कोतवाली पुलिस ने पाल चौराहे के पास घेराबंदी कर बाइक से गांजे की डिलीवरी देने पहुंचे तीनों आरोपियों को पकड़ लिया। गिरफ्तार आरोपियों में कानपुर निवासी उमेश, सौरिख निवासी मंजीत और सदर कोतवाली क्षेत्र के गंगधरापुर निवासी सतीश दुबे शामिल हैं। पुलिस के अनुसार उमेश और मंजीत उड़ीसा से गांजा लाकर सतीश दुबे को देते थे, जो जिले में इसकी सप्लाई करता था। पुलिस ने आरोपियों के पास से 56 किलो गांजा बरामद किया है। तीनों के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज कर आगे की कार्रवाई की जा रही है। पुलिस कार्यालय सभागार में आयोजित प्रेसवार्ता के दौरान एएसपी अजय कुमार ने पूरे मामले की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि गिरोह काफी समय से सक्रिय था और जिले में गांजे की तस्करी कर रहा था। पुलिस अब गिरोह से जुड़े अन्य लोगों की तलाश में जुटी है।

उत्कृष्ट कार्य करने वाली महिलाओं को प्रशस्ति पत्र देकर किया गया सम्मानित

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज। अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर कलेक्ट्रेट सभागार में मुख्यमंत्री तथा महिला एवं बाल विकास मंत्रालय उत्तर प्रदेश शासन द्वारा जारी दिशा निर्देशों के क्रम में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता में मुख्य अतिथि जिला पंचायत अध्यक्ष मोनिका यादव, विधायिका डा0 सुरभि, जिलाधिकारी आशुतोष कुमार द्विवेदी, मुख्य विकास अधिकारी विनोद कुमार के द्वारा किया गया। सर्व प्रथम दीप प्रजवलित कर कार्यक्रम का शुभारम्भ किया गया। जनपद की सम्मानित 50 महिलाएं जो अपने-अपने क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य कर रही महिलाओं को सम्मानित किया गया व कार्यक्रम में 200 महिलाओं के द्वारा प्रतिभाग किया गया। मुख्य अतिथि जिला पंचायत पंचायत अध्यक्ष मोनिका यादव के द्वारा महिलाओं के हक़ बारे में विस्तार से बताते हुए महिलाओं को शिक्षा और आर्थिक रूप से मजबूत होकर स्वावलंबी बनने के लिए प्रेरित किया गया। विधायिका डा0 सुरभि के द्वारा इस विशेष दिन पर समाज में महिलाओं की शक्ति, सम्मान और समान अधिकारों के महत्व पर चर्चा की। महिलाएं परिवार, समाज और राष्ट्र निर्माण की मजबूत आधारशिला हैं। हमें मिलकर ऐसा वातावरण बनाना चाहिए जहाँ हर महिला सुरक्षित, सम्मानित और सशक्त महसूस करे। सीओ सिटी ऐश्वर्या उपाध्याय, पुलिस विभाग, महिला कल्याण, तथा अन्य विभाग के द्वारा उत्कृष्ट कार्य करने वाली महिलाओं को प्रशस्ति पत्र देकर के सम्मानित किया गया। महिलाओं को भी सामाजिक क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाली महिलाओं को भी सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में जिला विकास अधिकारी, श्याम कुमार तिवारी, जिला पर्यटन अधिकारी, सहायक श्रमायुक्त, जिला प्रोबेशन अधिकारी व समस्त कार्मिक महिला कल्याण विभाग से उपस्थित रहे। संचालन सचिन सिंह के द्वारा किया गया।

छात्रा को सम्मानित करती विधायक मौजूद डीएम आदि

मुख्यमंत्री आरोग्य मेले का हुआ आयोजन

129 मरीजों का हुआ उपचार

अमृतपुर, समृद्धि न्यूज। विकासखंड अमृतपुर स्थित उप स्वास्थ्य केंद्र पर रविवार को मुख्यमंत्री आरोग्य मेले का आयोजन किया गया। मेले में क्षेत्र के ग्रामीणों ने पहुंचकर स्वास्थ्य जांच कराई और चिकित्सकों से परामर्श लिया।

आरोग्य मेले में कुल 129 मरीजों का उपचार किया गया। स्वास्थ्य विभाग द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार मेले में मलेरिया के 13, टायफाइड के 11, डेंगू के 17, खांसी बलगम के 7, हीमोग्लोबिन के 2 तथा हेपेटाइटिस-बी के 3 मरीजों की जांच कर उपचार किया गया। मेले में मरीजों को दवाएं वितरित करने के साथ ही उन्हें मौसमी बीमारियों से बचाव के प्रति जागरूक भी किया गया। इस दौरान डॉ0 गौरव वर्मा, फार्मासिस्ट अरविंद कुमार, लैब टेक्नीशियन पवन कुमार, सोनाली पाल, एएनएम मीना सिंह तथा वार्ड बॉय राकेश कुमार मौके पर मौजूद रहे और उन्होंने मरीजों की जांच कर आवश्यक चिकित्सीय सलाह दी। आरोग्य मेले के आयोजन से क्षेत्र के ग्रामीणों को नजदीक में ही स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध होने से राहत मिली।

आरोग्य मेले में उपचार कराते मरीज

अज्ञात वाहन की टक्कर से युवक की मौत

रोते बिलखते परिजन

मृतक का फाइल फोटो

▸ भतीजी की तिलक चढ़ाकर वापस लौट रहा था

कायमगंज समृद्धि न्यूज। भतीजी की तिलक चढ़ाकर वापस घर लौटते समय अज्ञात वाहन की टक्कर लगने से युवक की मौत हो गई। जानकारी होने पर परिजनों में कोहराम मच गया।

जानकारी के अनुसार मेरापुर थाना क्षेत्र के गाँव उमरैल पिलखना निवासी नीरज बहेलिया उम्र 42 वर्षीय पुत्र सोवरन बहेलिया बीती रात अपनी भतीजी शालू की जलेसर में तिलक चढ़ाने गया था। वहाँ से वापस घर के लौटते समय रास्ते में नीरज को लघुशंका लगीए तो उसने कार साईड से रुकवाकर रोड किनारे लघुशंका कर रहा था। उसी दौरान अज्ञात वाहन ने उसे टक्कर मार दी। जिससे वह गम्भीर रूप से घायल हो गया। टक्कर मारने वाला वाहन चालक मौके से फरार हो गया। घायल नीरज को परिजन उपचार के लिए जलेसर के निजी अस्पताल में लेजाकर भर्ती कराया। सुबह होते ही परिजन नीरज को घर ले आये। घर पहुंचते ही नीरज की हालत बिगड़ने लगी। परिजन उपचार के लिए नीरज को कायमगंज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में लेकर आए।

जहाँ ड्युटी पर तैनात चिकित्सक डा0 विपिन कुमार ने युवक नीरज को मृत घोषित कर दिया। मौत की सूचना पाते ही परिजनों में कोहराम मच गया।

मृतक अपने पीछे पत्नी मन्जूए 12 वर्षीय बेटी पलक बेटा कृष्णा उम्र 10 वर्ष को छोड़ गया। पुलिस ने पहुंच कर जांच पड़ताल की।

पुलिस ने सात प्रदर्शनकारियों को किया गिरफ्तार, भेजा जेल

कायमगंज, समृद्धि न्यूज। शनिवार को पुल गालिब पर सड़क पर जाम लगाने वाले प्रदर्शनकारियों के खिलाफ पुलिस ने सात लोगों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया।

यह घटना बीते शनिवार को हुई जब प्रदर्शनकारियों ने मारपीट के एक मामले में पुलिस पर कार्रवाई न करने का आरोप लगाते हुए फर्रुखाबाद-दिल्ली मार्ग पर जाम लगा दिया था। लगभग 45 मिनट तक चले इस जाम के कारण सड़क पर वाहनों की लंबी कतारें लग गईं, जिससे यात्रियों को परेशानी का सामना करना पड़ा।सूचना मिलते ही बड़ी संख्या में पुलिस बल मौके पर पहुंचा। कोतवाली के लॉ एंड ऑर्डर इंस्पेक्टर सुरजीत सिंह के नेतृत्व में पुलिस ने प्रदर्शनकारियों को हिरासत में लिया। पुलिस ने कोतवाली क्षेत्र कायमगंज के गांव ममापुर निवासी रोहितए अंशुए विशालए साहिलए सुनीलए मिंजू और राजा के खिलाफ शांतिभंग करने के आरोप में कार्रवाई की। इन सभी को न्यायालय में पेश किया गयाए जहां से उन्हें जेल भेज दिया गया। धीरू और अन्य कुछ लोगों के खिलाफ भी शांति भंग की कार्रवाई की गई है।इंस्पेक्टर सुरजीत सिंह ने बताया कि आरोपियों ने पुल गालिब पर जाम लगाकर अफरा-तफरी का माहौल पैदा किया था। प्रभारी निरीक्षक मदन मोहन चतुर्वेदी ने स्पष्ट किया कि शांति व्यवस्था भंग करने वालों के खिलाफ इसी तरह की कार्रवाई जारी रहेगी।

पुलिस हिरासत में आरोपीगण

खबरें एक नजर में

ससुरालीजनों पर दहेज हत्या का आरोप, दी तहरीर

कायमगंज, समृद्धि न्यूज। दहेज की खातिर विवाहिता की हत्या किये जाने के मामले में पीड़ित पिता ने पुलिस को तहरीर देकर ससुरालियों पर कार्यवाही की मांग की है। कोतवाली क्षेत्र के ग्राम घसिया चिलौली निवासी चंद्रकिशोर कोरी ने पुलिस को दी तहरीर में दर्शाया कि उन्होंने अपनी पुत्री शिवानी की शादी चार वर्ष पहले प्रेमनगर निवासी विजय के साथ की थी। शादी के बाद से ही ससुराल वाले शिवानी पर मायके से रुपये लाकर मकान बनवाने का दबाव बना रहे थे। असमर्थता जताने पर शिवानी का शारीरिक और मानसिक शोषण किया जाता था। मृतका के पिता के अनुसार, उनका दामाद विजय नशे और जुए का आदी है, जिसके कारण आए दिन घर में क्लेश होता था। आरोप है कि शनिवार सुबह करीब 10 बजे पति विजय, ससुर रामनिवास और सास पुष्पा और देवर राघव ने एक राय होकर शिवानी के साथ मारपीट की। इसी दौरान विजय ने धारदार टकोरे से शिवानी पर हमला कर उसे मरणासन्न कर दिया। वारदात के बाद ससुराल पक्ष ने मायके वालों को कोई सूचना नहीं दी। आसपास के लोगों और रिश्तेदारों से खबर पाकर जब पिता अस्पताल पहुंचे, तब तक शिवानी की मौत हो चुकी थी। मृतका अपने पीछे 14 माह की मासूम पुत्री काव्या को छोड़ गई है।

ऋषि समाज सेवा संस्थान का होली मिलन सम्पन्न

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज। ऋषि समाज सेवा संस्थान की बैठक एवं होली मिलन ऋषि दत्त शर्मा गुड्डू पंडित के निवास पर संपन्न हुआ। बैठक में कोर कमेटी के सदस्यों का स्वागत किया गया। संस्था की नियमावली पर चर्चा हुई। बैठक में विस्तार से विचार विमर्श हुआ। सभी ने अपने-अपने सुझाव दिए। बैठक को ऋषि दत्त शर्मा गुड्डू पंडित ने सम्बोधित किया। बैठक में अजय शंकर तिवारी, नवनीत मिश्रा, देवेश कुमार पाठक, ऋषभ शर्मा, दिलीप मारवाड़ी, मुकेश शर्मा, विष्णु दीक्षित, लाला शर्मा, विमल दीक्षित आदि उपस्थित रहे।

दबंगों ने युवक को मारपीट कर किया घायल

कायमगंज, समृद्धि न्यूज। दबंगों ने युवक को मारपीट कर घायल कर दिया। जानकारी के अनुसार कोतवाली क्षेत्र के ग्राम घसिया चिलौली निवासी विशाल पुत्र दिनेश ने पुलिस को शिकायती पत्र देकर कहा कि वह अपनी रिश्तेदारी में बर्थडे पर गया था। वहाँ पर मौजूद शिवमए शनी आदि लोग आये और आते ही मेरे साथ गाली गलौज करने लगे। जब मेरे द्वारा गाली गलौज का विरोध करने पर उक्त लोगो ने मारपीट कर घायल कर दिया और मेरा कान काट लिया। घायल अवस्था में परिजनों ने अस्पताल मे भर्ती कराया।

पुलिस ने खनन करते ट्रैक्टर-ट्राली पकड़ी

नवाबगंज, समृद्धि न्यूज। पुलिस ने क्षेत्र में अवैध खनन के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत मुखबिर की सूचना पर गांव नगला उम्मेद के पास छापेमारी कर अवैध मिट्टी खनन में लगे एक ट्रैक्टर-ट्रॉली को अवैध खनन करते समय रंगे हाथों पकड़ा है।

जानकारी के अनुसार, नवाबगंज थाना पुलिस को रविवार को मुखबिर के जरिए सूचना मिली थी कि नगला उम्मेद गांव के पास कुछ लोग अवैध रूप से मिट्टी का खनन कर रहे हैं। सूचना मिलते ही थाना प्रभारी निरीक्षक राजीव कुमार ने अपनी टीम अनिल शर्माए कमल गंगवारए हर्षित चौहान के साथ बिना समय गंवाए मौके पर दबिश दी। पुलिस की अचानक हुई कार्रवाई से खनन माफियाओं में खलबली मच गई। पुलिस टीम ने घेराबंदी करते हुए मौके से मिट्टी से लदे हुए ट्रैक्टर-ट्रॉली और ट्रैक्टर में लगे तन्ना को अपने कब्जे में ले लिया। पुलिस टीम वाहन को पकड़कर थाने ले आई है और आगे की विधिक कार्रवाई शुरू कर दी गई है। इस संबंध में थाना प्रभारी निरीक्षक राजीव कुमार ने बताया कि मुखबिर की सूचना पर नगला उम्मेद के पास से मिट्टी खनन कर रहे ट्रैक्टर को पकड़ा गया है। उन्होंने आगे बताया कि इस मामले में खनन अधिकारी को सूचित कर दिया गया है। विभाग की रिपोर्ट के आधार पर मामले में अग्रिम कार्रवाई की जाएगी। बाद में खनन अधिकारी संजय प्रताप सिंह ने थाने पहुँच कर वाहन को सीज कर दिया।

पकड़ी गयी ट्रैक्टर मशीन

टोपी उतारकर फेंकने का विरोध करने पर दबंगों ने युवक को पीटा

नवाबगंज, समृद्धि न्यूज। रोजा खोलने के लिए बाजार सामान लेने गये युवक की दबंगों ने टोपी उतारकर रोड पर फेंक दी। जिसका विरोध करने पर दबंगों ने युवक को मारपीट कर घायल कर दिया व उसका मोबाइल भी क्षतिग्रस्त कर दिया। पीड़ित शोएव हाफिज पुत्र अशरफ खां निवासी ग्राम जाफर नगर थाना नवाबगंज ने पुलिस को दी तहरीर में दर्शाया कि रविवार 8 मार्च को कस्बा नवाबगंज समय करीब सायं को रोजा खोलने के लिए फल आदि सामान लेने आया था। मंझना रोड पर मिश्रा बीज भण्डार के पास सामने से आ रहे गौरव पुत्र अवधेश निवासी ग्राम बरतल ने मेरे सिर से टोपी उतारकर रोड पर फेंक दी। मैंने टोपी उतारने का विरोध किया तो उक्त गौरव व उसके 3-4 अज्ञात साथी ने मुझे घेरकर लात-घूसों व बेल्टों से मारापीटा और मेरा मोबाइल भी तोड़ दिया और उसे नाली में फेंक दिया। पीड़ित ने मुकदमा दर्ज कर कार्यवाही की मांग की।

सुविधा शुल्क न देने पर स्टॉफ नर्स ने तीमारदारों के साथ की मारपीट

कायमगंज, समृद्धि न्यूज। डिलवरी के बाद सुविधा शुल्क न देने पर स्टॉफ नर्स ने तीमारदारों के साथ मारपीट कर दी। पी?ित ने संबंधित नर्स के खिलाफ शिकायत की है।

कोतवाली क्षेत्र के गाँव गऊटोला निवासी जगराम पुत्र मूल चन्द्र ने चिकित्सा प्रभारी विपिन कुमार से शिकायती पत्र देकर कहा है कि बीती रात लगभग .1ए बजे उनकी पुत्र वधू जनदेवी पत्नी विजय राजपूत की डिलेवरी हुई। जिसमें उसने एक बेटे को जन्म दिया। डिलेवरी के बाद ड्युटी पर तैनात स्टाप नर्स शीतल ने कार्य के बदले में तीमारदारों से 2100ए सौ रुपये मांगे। जिसपर परिजनो ने खुशी से स्टाफ नर्स को 700ए रुपये दे दिए। कम रुपये देखकर नर्स आग बगूला हो गई और 700 रुपये फेककर जगराम के पुत्र मूल चन्द्र के थप्प? मार दिए और धमकाया। जिसका वीडियो तीमारदारो ने बना लिया। वीडियो बनाने पर स्टाफ नर्स शीतल भडक गई और उसने अन्य लोगो को इकठ्ठा कर परिजनो के साथ मारपीट कर दी। इसी दौरानए एम्बुलेन्स के ईएमटी विमल यादव ने मोवाइल छीन कर एक वीडियो डिलीट कर दिया।

जानकारी देता पीड़ित

एएसपी ने गोष्ठी में महिला सुरक्षा व सशक्तिकरण की दी जानकारियां

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज। अन्तर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर फतेहगढ़ स्थित पुलिस लाइन सभागार में महिला सुरक्षा और सशक्तिकरण को समर्पित एक विशेष गोष्ठी का आयोजन किया गया। अपर पुलिस अधीक्षक की अध्यक्षता में आयोजित इस बैठक में जनपद के समस्त विवेचकों ने प्रतिभाग किया। गोष्ठी के दौरान अपर पुलिस अधीक्षक ने महिला संबंधी अपराधों को लेकर अत्यंत संवेदनशील रहने और ऐसे मामलों में बिना किसी विलंब के त्वरित वैधानिक कार्यवाही सुनिश्चित करने हेतु कड़े दिशा-निर्देश दिए गए। इसके साथ ही, अभियोगों से संबंधित आवेदकों व पीड़ितों की मौके पर काउंसलिंग की गई और उन्हें संवेदनशीलता के साथ विधि सम्मत न्याय दिलाने का पूर्ण भरोसा दिलाया गया।

भाजपा महिला मोर्चा ने मातृ शक्ति को किया सम्मानित

कार्यक्रम में मौजूद मातृ शक्ति

नवाबगंज, समृद्धि न्यूज। भाजपा महिला मोर्चा द्वारा आयोजित अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर संगोष्ठी एवं सम्मान समारोह कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

नवाबगंज में आयोजित महिला दिवस संगोष्ठी एवं सम्मान समारोह कार्यक्रम में मातृ शक्ति को माला पटुका पहनाकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि पूर्व राज्य महिला आयोग की सदस्य समाजसेवी डा0 मिथिलेश अग्रवाल व विशिष्ट अतिथि क्षेत्रीय उपाध्यक्ष मीरा सिंह एवं भाजपा उपाध्यक्ष ममता सक्सेना, जिला महामंत्री हिना दुबे, शोध प्रमुख किरन सिंह, मीना मिश्रा, जिला अध्यक्ष निधि मिश्रा, जिला महामंत्री अर्चना द्विवेदी आदि लोग प्रमुख रुप से उपस्थित रही। वहीं कुशल संचालन जिला उपाध्यक्ष श्वेता दुबे ने किया। कार्यक्रम की संयोजक मोनिका गुप्ता ने कार्यक्रम में सभी अतिथियों को धन्यवाद दिया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में मातृ शक्ति ने बढ़-चढ़कर भाग लिया।

आरोपियों पर कार्यवाही न होने पर किशोरी ने खाया जहरीला पदार्थ

कंपिल, समृद्धि न्यूज। आरोपितों के खिलाफ कार्रवाई न होने से किशोरी ने जहरीला पदार्थ खा लिया। स्वजन किशोरी को इलाज के लिए सीएचसी कायमगंज ले गए। पुलिस के अनुसार मामला मारपीट का है। पूर्व में दोनों पक्षों से छः लोगों का शांतिभंग में चलान किया गया था। पुलिस ने देर रात दो नामजद व पांच अज्ञात के आरोपितों के खिलाफ दुष्कर्म का मुकदमा दर्ज कर लिया। पुलिस अन्य पहलुओं पर भी जांच कर रही है।

क्षेत्र के एक गांव निवासी किशोरी ने शनिवार शाम जहरीला पदार्थ खा लिया। स्वजन आनन फानन में किशोरी को इलाज के लिए सीएचसी ले गए। प्राथमिक उपचार के बाद उसे लोहिया रेफर किया गया। किशोरी के अनुसार एक सप्ताह पूर्व देर शाम वह अपने खेत पर पिता को खाना देने के लिए गई थी। वह खेत के निकट एक बाग में शौच करने चली गई। उसी समय पड़ोसी गांव निवासी दो युवक सुमित व प्रभात आ गए। युवकों ने किशोरी के साथ दुष्कर्म किया। चीखपुकार की आवाज सुनकर पिता मौके पर आ गया। पिता को देखकर आरोपित मौके से फरार हो गए। पीड़िता ने स्वजनों के साथ थाने पहुंच मामले की तहरीर दी। एक सप्ताह बीत जाने के बाद भी पुलिस ने आरोपितों के खिलाफ कार्रवाई नहीं की। आरोप है कि पुलिस मामले में समझौते को लेकर दबाव बनाने लगी। कार्रवाई न होने से क्षुब्ध होकर किशोरी ने शनिवार देर शाम जहरीला पदार्थ खा लिया। पुलिस के अनुसार घटना चार दिन पूर्व की है। दोनों पक्षों में किसी बात को लेकर विवाद हो गया था। जिसमें दूसरे पक्ष से एक युवक घायल हो गया था। पुलिस ने पीड़ित पक्ष से चार व दूसरे पक्ष से दो लोगों का शांति भंग में चालान किया था। पुलिस ने रविवार सुबह पीड़िता के पिता की तहरीर पर दो नामजद व पांच अज्ञात आरोपितों के खिलाफ दुष्कर्म का मुकदमा दर्ज कर लिया। पुलिस मामले की जांच कर रही है। पुलिस आरोपितों की तलाश कर रही है। ग्रामीणों के अनुसार सोशल मीडिया पर एक ऑडियो भी प्रचलित हो रहा है।जिसमें मारपीट की घटना के बाद एक व्यक्ति मारपीट की घटना को मोड़कर छेड़छाड़ व दुष्कर्म के लिए पीड़िता पर दबाव बनाने की बात कह रहा है। हालांकि समृद्धि न्यूज़ प्रचलित ऑडियो की पुष्टि नहीं करता है। थाना प्रभारी नितिन कुमार ने बताया आरोपितों के खिलाफ दुष्कर्म का मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। अन्य पहलुओं पर पुलिस गहनता से जांच कर रही है।

अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा का होली मिलन समारोह संपन्न

▸ महेश पाल सिंह उपकारी बने जिलाध्यक्ष

कार्यक्रम में मौजूद मंचासीन अतिथि

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज। अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा के तत्वावधान में डीएसबीडी पब्लिक स्कूल, पांचालघाट में भव्य होली मिलन समारोह एवं नवीन जनपदीय पदाधिकारियों की घोषणा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता सत्यस्वरूप महाराज ने की। वरिष्ठ राष्ट्रीय महामंत्री राघवेंद्र सिंह राजू मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे।

कार्यक्रम में वरिष्ठ राष्ट्रीय उपाध्यक्ष वीरेंद्र सिंह राठौर तथा भाजपा के महामंत्री डीएस राठौर विशिष्ट अतिथि के रूप में मौजूद रहे। अतिथियों में ओपी सिंह प्रदेश सचिव अनिल प्रताप सिंहए जिलाध्यक्ष रामबहादुर सिंहए दुग्ध संघ अध्यक्ष सत्यपाल सिंह तथा डॉ. मुकेश सिंह राठौर मंचासीन रहे। संचालन वरिष्ठ रचनाकार सत्यपाल सिंह प्रगल्भ ने किया।

कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती के पूजन एवं दीप प्रज्ज्वलन के साथ हुआ। अतिथियों का शब्दों के माध्यम से स्वागत युवा साहित्यकार वैभव सोमवंशी सुभग ने किया।

प्रदेश सचिव अनिल प्रताप सिंह ने पूर्व प्रधानाध्यापकए वरिष्ठ रचनाकार एवं समाजसेवी महेश पाल सिंह ष्उपकारीष् के नाम को नए जिलाध्यक्ष के रूप में प्रस्तावित किया। मंच पर उपस्थित सभी पदाधिकारियों ने प्रस्ताव का समर्थन किया जिसके बाद राष्ट्रीय नेतृत्व ने मनोनयन पत्र प्रदान कर महेश पाल सिंह उपकारी को अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा का नया जिलाध्यक्ष घोषित किया। नवनियुक्त जिलाध्यक्ष महेश पाल सिंह ष्उपकारीष् ने पद को सहर्ष स्वीकार करते हुए कहा कि वे सदैव सर्व समाज के लिए कार्य करते आए हैं और आगे भी क्षत्रिय समाज को एकजुट करने के साथ.साथ सभी वर्गों के सहयोग में पूरी निष्ठा के साथ खड़े रहेंगे। विशिष्ट अतिथि डीएसण् राठौर ने सभी को होली की शुभकामनाएं देते हुए समाज से एकजुट होकर कार्य करने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि जब तक समाज के भीतर एकता स्थापित नहीं होगीए तब तक व्यापक स्तर पर सर्व समाज को संगठित करना संभव नहीं है। वरिष्ठ राष्ट्रीय उपाध्यक्ष वीरेंद्र सिंह राठौर ने महेश पाल सिंह ष्उपकारीष् को बधाई देते हुए कहा कि उनकी क्षमता और सक्रियता को देखते हुए उन्हें सर्वसम्मति से यह दायित्व सौंपा गया है। उन्होंने बताया कि शीघ्र ही क्षत्रिय महासभा के सहयोग से जनपद में स्थापित महाराणा प्रताप की प्रतिमा का भव्य लोकार्पण कार्यक्रम आयोजित किया जाएगाए जिसके लिए अभी से व्यापक तैयारियां की जाएं। मुख्य अतिथि राघवेंद्र सिंह राजू ने कहा कि समाज की प्रगति तभी संभव है जब युवा पीढ़ी शिक्षित और जागरूक होगी। उन्होंने कहा कि शिक्षा के माध्यम से ही एक श्रेष्ठ राष्ट्र का निर्माण किया जा सकता है। क्षत्रिय केवल जाति से ही नहींए बल्कि अपने कर्मए धर्म वाणी वेशभूषा विचार और ईमानदारी से भी क्षत्रिय होना चाहिए।

अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर अनुदेशिकाओं को शील्ड व प्रमाण पत्र देकर किया गया सम्मानित

कार्यक्रम में मौजूद महिलायें

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज। जन शिक्षण संस्थान कार्यालय नगला दीना पर अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष्य में गोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में नीलम दुबे पूर्व प्रधानए भाजपा नेत्री रामला राठौरए विटाना चौहानए निशि परिहारए श्रद्धा दुबे अध्यक्ष समूह बढ़पुर ब्लाक ने मां सरस्वती के चित्र पर पुष्प अर्पित कर कार्यक्रम का शुभारम्भ किया गया।

भाजपा नेत्री रामला राठौर ने कहा कि ष्हम सभी इस समाज की नींव है। हमें स्वावलंबी और समानता के साथ रहकर कार्य करना होगा।

बढ़पुर ब्लॉक की समूह की अध्यक्षा प्रज्ञा दुबे ने महिलाओं को समूहों से जुड़कर स्वावलंबी बनने की प्रेरणा दी।

गोष्ठी के दौरान नीलम दुबे व अन्य वक्ताओं ने भी अपने विचार साझा किए। कार्यक्रम के समापन पर कार्यक्रम अधिकारी ने समस्त लोगों को धन्यवाद दिया व अनुदेशिकाओं व मंन्याशीन को उनके उत्कृष्ट कार्यों के लिए शील्ड एवं प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम में मंजू शर्माए हर्षित अग्निहोत्री, मनोज मिश्राए सचिन शर्मा रंजनाए राजेश्वरीए अफ्शा आफ्ताब जहाँए सुहाना खानमए प्रिया सक्सेनाए प्रिया गुप्ताए गीता सिंहए रेनू देवीए पूजा शाक्यए रंजना यादवए शशि कुमारी वर्माए गीता शाक्यए पूजा शाक्यए पूनमए अंजलि कुमारीए रेनूए अंजना देवीए श्वेताए रवेशए मंजना ए मानसीए सारिका श्रीवास्तवए दुर्गाए अर्चनाए तपस्याए ममता मित्राए पारुल सैनीए राधिकाए समृद्धि यादव सहित तमाम लोग उपस्थिति रहे।

ईदगाह कमेटी की बैठक संपन्न

▸ ईद की नमाज़ 8:30 बजे ईदगाह फतेहगढ़ में होगी

बैठक में मौजूद पदाधिकारी

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज। ईदगाह कमेटी फतेहगढ़ की बैठक सम्पन्न हुई। तय हुआ ईद की नमाज़ 8.30 बजे ईदगाह फ्तेहगढ़ में होंगी।खेत वाली मस्जिद फ्तेहगढ़ में हाजी तरी हुसैन की सदारत में आयोजित बैठक में तय हुआ कि इस साल ईद की नमाज़ ईदगाह फ्तेहगढ़ में सुबह 8ण्30 बजे होंगी। बैठक में कमेटी के ने सदर हाजी तारिक सेठ का इस्तकबाल किया गया और तय हुआ कि जल्द ही ईदगाह के चबूतरा के दोहरीकरण का काम शुरू किया जाएगा। कमेटी के सचिव मसरूर हुसैन ने बताया कि शहर की मस्जिदों से गुजारिश की गई है कि मस्जिदों में नमाज ईदगाह के बाद ही पढ़ाई जाए। बैठक में यह भी तय हुआ कि ईद की नमाज़ मौलाना राशिद साहब पढ़ाएंगे।

बैठक में हाजी नसर खालिकएसैय्यद रिजवान अलीए हाजी रहमत अली एडवोकेट अरशद खानएअनवर सिद्दीकी एडवोकेट एहाजी शमीम खान एडवोकेट हाजी जुल्फिक्कार हसनएअफजल नियाजी मोहम्मद उवैस खानएनौशाद सहित कमेटी के सभी मेंबर मौजूद रहे।

अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर स्पोर्ट्स स्टेडियम में अस्मिता लीग का हुआ आयोजन

दौड़ प्रतियोगिता को हरी झंडी दिखाते डीएम

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज। रविवार को अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर स्व. ब्रह्मदत्त द्विवेदी स्पोर्ट्स स्टेडियम फ्तेहगढ़ में अस्मिता लीग का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का आयोजन माय भारत एवं खेलो इंडिया (साई) द्वारा जिला प्रशासन के समन्वय से किया गया।

कार्यक्रम की मुख्य अतिथि मोनिका यादव रहीं तथा जिलाधिकारी आशुतोष कुमार द्विवेदी विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। व मुख्य विकास अधिकारी विनोद कुमार गौए जिला विकास अधिकारी एसण्केण् तिवारीए क्षेत्राधिकारी सिटी ऐश्वर्या उपाध्यायए जिला क्रीड़ा अधिकारी कर्मवीर सिंहए पर्यावरणविद् गुंजा जैन डॉ विनीता मिश्रा एवं निहारिका पटेल भी कार्यक्रम में उपस्थित रहे। बालिकाओं एवं महिलाओं के लिए 100 मीटर 200 मीटर एवं 400 मीटर दौड़ तथा एक मनोरंजक गतिविधि लेमन रेस का आयोजन तीन आयु वर्गों अंडर 13 1318 वर्ष एवं 18 वर्ष से अधिक में किया गया। प्रतियोगिता में प्रतिभागियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। अंडर 13 वर्ग के विजेता 100 मीटर दौड़ में प्रथम रौनकए द्वितीय आराध्याए तृतीय वैष्णवी रही। 200 मीटर दौड़ में प्रथम रौनकए द्वितीय आरोहीए तृतीय नंदिनी रही। 400 मीटर दौड़ में प्रथम रौनकए द्वितीय पलकए तृतीय नंदिनी रही। लेमन रेस में प्रथम नैंसीए द्वितीय दृष्टिए तृतीय आराध्या रही। वहीं 13द्18 वर्ष वर्ग के विजेताओं में 100 मीटर दौड़ में प्रथम शिवांकीए द्वितीय वैष्णवीए तृतीय मुस्कान रही। 200 मीटर दौड़ में प्रथम रागिनीए द्वितीय अनुष्काए तृतीय चित्रा रही। 400 मीटर दौड़ में प्रथम राजुल यादवए द्वितीय रागिनीए तृतीय मानसी रही। लेमन रेस में प्रथम प्रज्ञाए द्वितीय वैष्णवीए तृतीय तनु रही। वहीं 18 वर्ष से अधिक आयु वर्ग के विजेताओं में 100 मीटर दौड़ में प्रथम प्रकृति वर्माए द्वितीय मुस्कानए तृतीय साधना रही। 200 मीटर दौड़ में प्रथम सुहानी राठौरए द्वितीय साधनाए तृतीय आरती रही। 400 मीटर दौड़ में प्रथम में रमा देवीए द्वितीय मोनिकाए तृतीय साधना रही। लेमन रेस में प्रथम ऋषिकाए द्वितीयइउपासनाए तृतीय साधना रही। दौड़ प्रतियोगिता का शुभारंभ जिलाधिकारी आशुतोष कुमार द्विवेदी ने हरी झंडी दिखाकर किया। कहा कि महिलाओं एवं बालिकाओं को खेलों में आगे बढ़ाने के लिए इस प्रकार के आयोजन अत्यंत महत्वपूर्ण हैं। उन्होंने कहा कि खेल न केवल शारीरिक रूप से सशक्त बनाते हैं बल्कि आत्मविश्वास और नेतृत्व क्षमता को भी बढ़ाते हैंए जिससे महिलाएं हर क्षेत्र में अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन कर सकती हैं। वहीं क्षेत्राधिकारी सिटी ऐश्वर्या उपाध्याय ने कहा कि खेल अनुशासनए टीम भावना और आत्मबल को विकसित करने का सर्वोत्तम माध्यम है। उन्होंने बालिकाओं को नियमित रूप से खेल गतिविधियों में भाग लेने के लिए प्रेरित करते हुए कहा कि खेलों के माध्यम से महिलाएं समाज में नई ऊंचाइयों को प्राप्त कर सकती हैं। सभी विजेताओं को कलेक्ट्रेट सभागार में उपस्थित गणमान्य अतिथियों द्वारा पदक एवं प्रमाण.पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। संचालन राना हिजाब एवं निवेदिता अवस्थी द्वारा किया गया। कार्यक्रम का आयोजन शिखर रस्तोगी जिला युवा अधिकारीए जिला क्रीड़ा अधिकारी कर्मवीर सिंह एवं सत्यम मिश्रा ;हॉकी कोचद्ध खेलो इंडिया सेंटर के समन्वय से जिला प्रशासन के सहयोग से किया गया । लेखा एवं कार्यक्रम सहायक कुण् सोनम सचान भी कार्यक्रम में उपस्थित रहीं।

स्वर्गधाम में अराजकता व अवैध वसूली पर पूर्ण रोकः भईयन मिश्रा

बैठक में स्वर्गधाम सेवा दल के पदाधिकारी

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज। स्वर्गधाम सेवा दल की बैठक स्वर्ग धाम पर स्थित पार्क में संपन्न हुई। बैठक में स्वर्गधाम से जुड़े कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए। बैठक की अध्यक्षता आचार्य अमरीश जी महाराज के द्वारा की गई बैठक को संबोधित करते हुए फर्रुखाबाद विकास मंच के जिला अध्यक्ष भईयन मिश्रा ने कहा कि सभी के सहयोग से स्वर्ग धाम पर हो रही है अराजकता अवैध वसूली और गंदगी आदि पर 100 प्रतिशत रोक लगा दी गई है और लगातार स्वर्गधाम सेवादल की टीम के द्वारा घाट को सुंदर बनाने का प्रयास किया जा रहा है अब इसी के परिपेक्ष में भीषण गर्मी और बरसात के समय लोगों के बैठने की बहुत बड़ी समस्या उत्पन्न होती है इसके लिए आवश्यक है की एक बड़ा हाल का निर्माण हो जिसमें की कम से कम 1000 लोग बैठ सके इस हाल को बनवाने के लिए सभी के सहयोग की आवश्यकता होगी जन सहयोग से इसको बनाया जाएगा। पूर्व में जिला प्रशासन के द्वारा इसको बनवाने के लिए कहा गया था पर अब जिला प्रशासन नहीं बनवा रहा है यहां पर स्थानीय विधायक मेजर सुनील दत्त द्विवेदी के भी द्वारा काफी कार्य जाने की घोषणा की गई थी पर अभी तक कोई कार्य नहीं हुआ हैए स्वर्ग धाम किसी एक व्यक्ति का नहीं है सभी का है पर हमारे यहां के जितने भी जनप्रतिनिधि हैं वह सब घाट को लेकर इतने उदासीन और लापरवाह है की कभी कोई काम नहीं कराया यदि जनप्रतिनिधि चहा ले तो पूरे स्वर्गधाम की सूरत बदल सकती है पर जिले के सभी सांसद विधायक और नगर पालिका के अध्यक्ष मजाल क्या एक पैसे का भी काम स्वर्गधाम पर करवाते हो। अब जनता को खुद कार्य कराने पड़ेगा। इस मौके पर वरिष्ठ सदस्य सत्यपाल सिंह प्रगलम, अनिल द्विवेदी, कोमल पाण्डेय, दिनेश राजपूत ए स्वामी उमेश आनंद भारतीए श्यामेंद्र दुबे नीरज अनिल द्विवेदी विष्णु मिश्रा पंकज राठौर कुलदीप कुमार अजय कुमार रवि सक्सेना रामदास गुप्ता सौरभ पांडे बाबू भाई राजीव वर्मा ओमनिवास पाठक आलोक मिश्रा भरे नीलू पाल सूरत बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

श्री रामोत्सव व हिन्दू नव वर्ष मनाने की बनायी गई रुपरेखा

▸ कार्यकर्ताओं को सौंपा गया दायित्व

बैठक में मौजूद पदाधिकारी

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज। विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल द्वारा शमशाबाद में जिला बैठक के उपरांत फूलों की होली खेल कर सभी कार्यकर्ताओं को शुभकामनाएं दी गई। बैठक में आगामी 19 मार्च को हिंदू नव वर्ष के शुभ अवसर पर राम उत्सव का कार्यक्रम किए जाने की योजना बनाई गई एवं संगठन विस्तार की दृष्टि से प्रखंड शमशाबाद सरस्वती विद्या मंदिर में कार्यकर्ताओं को दायित्व दिए गए। बैठक में मुख्य रूप से विभाग अध्यक्ष योगेश कटियार, विभाग संगठन मंत्री ऋषभ, विभाग संयोजक बजरंग दल अभिषेक, जिला मंत्री अखिलेश, जिला उपाध्यक्ष शिवाकांत, जिला कोषाध्यक्ष रूक मंगल, सहमंत्री प्रवीण अवस्थी, जिला संयोजक सुदीप कुमार जिला संयोजक रोहन मिश्राए जिला सुरक्षा प्रमुख आकाश कट्टर हिंदूए जिला टोली से अनुज, श्रवण, आकाशजी दुर्गा वाहिनी जिला संयोजिका विधि सिंहए सह संयोजिका रुनझुन दुबेए नगर मंत्री सिद्धांत सिंह नगर मंत्री विनोद, नितिन आदि कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

सरनाम सिंह गंगवार व स्नेहलता गुप्ता के निधन पर दी गई श्रद्धांजलि

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज। अवकाश प्राप्त माध्यमिक शिक्षक कल्याण एसोसिएशन की बैठक महामंत्री बृजेन्द्र कुमार श्रीमाली के आवास पर सम्पन्न हुई। डीएवी इंटर कालेज रजलामई से अवकाश ग्रहण करने वाले सरनाम सिंह गंगवार 30 जून 1986 को सेवानिवृत्त हुए थे। वह शिक्षक संघ के कर्मठ कार्यकर्ता थे। लोकतंत्र सेनानी थे। आपातकाल में जेल में भी रहे। भाजपा के जिलाध्यक्ष रहे। विद्यालय में पठन पाठन के कारण विद्यार्थियों के बीच उनका सम्मान था। वह हमेशा पैदल व साइकिल से चलते थे। उनके निधन पर सेवानिवृत्त शिक्षकों ने भावभीनी श्रद्धांजलि दी।

कनौडिया बालिका इंटर कालेज की प्रवक्ता व पूर्व प्रधानाचार्य स्नेहलता का भी निधन हो चुका है।

खबरें एक नजर में

अन्तर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर बताया नारी शक्ति है मजबूत स्तंभ

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज। अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस का कार्यक्रम जेएनवी रोड फतेहगढ़ में मनाया गया। उसमें बहन अंबिका जैन पत्नी कमांडेंट मनीष जैन सिखलाई सेंटर फतेहगढ़ साथ में सुमन लता जो जिला जज की पत्नी एवं डिप्टी कमांडेंट सिखलाई सेंट्रल पत्नी अस्मिता जैन व मिथलेश अग्रवाल, सुमन राठौर उपस्थित रही। अतिथियों ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारम्भ किया। कार्यक्रम में महिलाओं ने कहा कि भारत की महिलायें सिरमौर रही है। विश्व क्षितिज पर हमेशा अपने कर्तव्यों पर डंटी रही। बहन अंबिका जैन ने कहा कि मुझे विश्वास है कि भारतीय नारी अपनी जागृत अवस्था में रहते हुए बच्चों को, परिवार को, समाज को, अच्छी दिशा में निर्देशित करती है और शक्तिशाली बनाती है। समाज और परिवार, बच्चों से अध्यात्म निर्माण शक्तिशाली बनता है। नारी अपने श्रेष्ठ गुणों के आधार पर नारी समाज की सर्वोच्च इकाई है। सुमनलता व मिथलेश अग्रवाल ने भी नारी सशक्तिकरण पर विचार व्यक्त करते हुए कहा कि दुर्गा, काली, कत्यानी भी आदि नारी थी। संचालन बीके मोरा ने किया। इस मौके पर सुमन, राधिका, बबिता पाठक, सुमनलता, चित्रा अग्निहोत्री, मीरा सिंह मौजूद रही। बीके सुमन बहन ने आये हुए अतिथियों का आभार व्यक्त किया।

डा. बीआर अम्बेडकर जयंती आयोजन समिति के अध्यक्ष बने डा. प्रभुदयाल

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज। डा0 बीआर अम्बेडकर जयंती आयोजन समिति की बैठक अम्बेडकर प्रतिमा जेएनवी तिराहे पर सम्पन्न हुई। अध्यक्ष व उपाध्यक्ष की सहमति से कार्यकारिणी का गठन किया गया। डा0 प्रभु दयाल को अध्यक्ष व उपाध्यक्ष अवधेश सिंह कठेरिया, संतोष दिवाकर, अशोक कठेरिया, अमित गौतम, राधेश्याम बाल्मीकि, राजेश अम्बेडकर, नंदराम कोटेदार को बनाया गया। महामंत्री की जिम्मेदारी वीरेन्द्र सिंह कठेरिया को मिली। सचिव शिवकुमार गौतम, कुलदीप कठेरिया, प्रेमपाल दिवाकर, प्रमोद दिवाकर, मलिखान सिंह, सत्यपाल सत्यार्थी, राजेन्द्र गौतम, प्रेम सिंह कठेरिया बने। कोषाध्यक्ष रविन्द्र नाथ दिवाकर बनाये गये। आडिटर रामनिवास कठेरिया बने। विधिक सलाहकार सूरज गौतम बनाये गये।

ब्रह्माकुमारी केंद्र अंगूरी बाग में होली के साथ मनाया गया महिला दिवस

कार्यक्रम में भाग लेती बीके बहनें

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज। प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय ओम निवास जटवारा जदीद अंगूरी बाग सेवा केंद्र पर अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस और होली उत्सव भी मनाया गया। राज योगिनी ब्रह्मा कुमारी शोभा बहन ने कहा कि यह ब्रह्माकुमारी संस्था नारी के द्वारा संचालित है इस संस्था में नारियों की अहम भूमिका है आज नारी विश्व में किसी भी स्तर पर किसी से कम नहीं नारी तू है जग कल्याण नारी में वह शक्ति है कि वह अपने परिवार से लेकर समाज तक हर एक को सशक्त बना सकती है अनेक विकार चिंता भय के शिकार बनते जा रहे हैं उन्हें सशक्त करने की आवश्यकता है उनके जीवन में सुख शांति नैतिक मूल्य भरने से समाज में एक नई ऊर्जा ला सकते हैं। शोभा बहन ने होली पर सभी को आत्मा स्मृति का तिलक गुलाल लगाकर होली मिलन मनाया सुमन कपूर ने कहा कि जीवन की सुरक्षा ही हमारे राष्ट्र की धरोहर है किसी भी प्रकार से किसी भी हालत में हमें नारियों की सुरक्षा करना अनिवार्य है सबसे बड़ी सुरक्षा हमारी ब्रह्माकुमारी आश्रम पर राज्यों के माध्यम से निराकार परमात्मा शिव कर रहे हैं उनके सानिध्य में रहे पले और सुरक्षित रहें। समाजसेविका मिथिलेश सिंह ने कहा कि सभी देव तुल्य सम्मानित आए हुए भाई बहनों को मेरी तरफ से पवित्र शुभ भावनाओं के साथ होली की बधाई दी। संतोष बहन ने कहा कि नारी अबला नहीं आज कल तो नारियां हर क्षेत्र में बहुत आगे जा चुकी हैं नारी के द्वारा ही स्वर्ग के गेट खोले जाएंगे इसलिए ही पहले लक्ष्मी फिर नारायण पहले राधा फिर कृष्णा पहले सीता फिर राम का गायन है नौ देवियों की पूजा भी यादगार है। भाजपा नेत्री चित्र अग्निहोत्री ने कहा कि हमारे समाज में ऐसी श्रेष्ठ नारियां हुई हैं अहिल्याबाई कल्पना चावला मदर टेरेसा इंदिरा गांधी सावित्रीबाई लक्ष्मीबाई इन महान शक्तियों ने बड़े ही विशेष कार्य किया और कर रही हैं। रूबी बहन ने नारी के ऊपर बहुत सुंदर गीत प्रस्तुत किया नारियों का भाग्य भगवान तुमने कैसा बनाया है एकता बहन ने आए हुए अतिथियों का तिलक बैज पटका पहनाकर स्वागत किया खुशी आकांक्षा शिवांश साक्षी बच्चों ने डांस कर सबका मन मोह लिया इस अवसर पर होली स्नेह मिलन फूलों से इत्रों से गुलाल से बड़े धूमधाम से मनाया गया जिस कार्यक्रम में सैकड़ो लोग मौजूद रहे।

सपा जिलाध्यक्ष ने प्रशासन पर लगाया आरोप, नहीं हो रहा नोटिस निस्तारण

एसआईआर पर चर्चा करते सपा जिलाध्यक्ष

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज। निर्वाचन आयोग द्वारा चलाई जा रही एसआईआर प्रक्रिया अपने अन्तिम चरण में है। समाजवादी पार्टी जिलाध्यक्ष चंद्रपाल सिंह यादव बूथों पर पहुंचकरए पार्टी पदाधिकारीए बीएलए एवं कार्यकर्ताओं से मुलाकात कर लम्बित आवेदनोंए नोटिस निस्तारण आदि कार्यों की जानकारी हासिल कर रहे हैं। पार्टी पदाधिकारियों ने जिलाध्यक्ष को बताया फॉर्म 6 के द्वारा किए गए नए आवेदनों की प्रक्रिया प्रशासन स्तर पर लम्बित है। जिलाध्यक्ष ने मांग की है नए आवेदनों की प्रक्रिया समय पर पूर्ण हो एवं दिए गए नोटिस निस्तारण भी समय रहते निस्तारित कर लिए जाएं।

जिलाध्यक्ष चंद्रपाल सिंह यादव ने शमसाबाद ब्लॉक के दर्जनों बूथों का भ्रमण किया। इस दौरान अरविंद यादव, अनिल यादवए पियूष यादव, राजपाल यादव, मुख्तियार खां, युवराज सिंहए शिवम कुमारए सोनू सिंहए श्यामबाबूए शैलेंद्र कुमारए छोटे सिंहए बलराम सिंहए प्रदीप कुमारए धनवेश कुमारए अनुज कुमार धीरेन्द्र सिंह आदि मौजूद रहे।

राम नवमी को नगर में निकाली जायेगी भव्य शोभायात्रा

बैठक में मौजूद लोग

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज। श्रीराम विविध कला केंद के तत्वाधान में बैठक का आयोजन हुआ। जिसमें 26 मार्च गुरुवार को रामनवमी शोभायात्रा निकालने को लेकर चर्चा हुई। बैठक का शुभारम्भ भगवान श्रीराम के चित्र पर माल्यार्पण व पूजन अर्चन के साथ शुरु हुआ। निदेशक विजय दुबे मटर लाल ने कहा कि हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी यात्रा भव्य और दिव्य बनायी जायेगी। उन्होंने कहा कि यात्रा की कमेटी बनायी जायेगी। संदीप दीक्षित को अध्यक्ष, विनोद अग्निहोत्री को उपाध्यक्ष, मातृ शक्ति की जिम्मेदारी सोनी शुक्ला व विमलेश मिश्रा, आदित्य दीक्षित, सौरव मिश्रा, दीपक मिश्रा को सौंपी गयी है। हिन्दू महासभा के युवा प्रदेश अध्यक्ष विमलेश मिश्रा ने कहा कि सनातन धर्म की यात्रा है। सभी लोग बढ़-चढ़कर भाग लें। हिन्दू समाज को अपनी ताकत दिखानी है। आदित्य दीक्षित ने कहा कि यात्रा बड़े स्तर पर होगी और लोगों को जोड़ा जायेगा। दीपक मिश्रा ने कहा कि यात्रा को भव्यता को देते हुए नगर को सजाया जायेगा। मुन्ना गुप्ता ने कहा कि इस बार यात्रा का रोड बदला जाये। इस मौके पर अनुपम रस्तोगी, गोपाल मिश्रा, आशीष मिश्रा, नेहा मिश्रा, संजीव मिश्रा, सुबोध शुक्ला, अमन अवस्थी, बीटू दुबे, अमन दुबे, रिन्कू राठौर, सीता भदौरिया, अंकित शाक्य, राहुल तिवारी, हरि दुबे, शिवओम पाण्डेय मौजूद रहे।

अंबेडकर जयंती समारोह समिति की पहली महिला अध्यक्ष बनीं सुषमा जाटव

▸ जनपद में पहली बार जयंती समिति ने महिला को चुना अपना मुखिया

कार्यक्रम में मौजूद पदाधिकारी

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज। जनपद में बाबा साहब डॉक्टर भीम राव अम्बेडकर की जयंती को भव्य रूप से मनाने के लिए आज अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के मौके पर भोलेपुर स्थित एक गेस्ट हाउस में एक सामूहिक बैठक का आयोजन किया गयाएबैठक में मौजूद पुरुषों ने महिला दिवस की सभी महिलाओं को बधाई दी।सर्व सम्मति से पहली बार किसी महिला को जयंती मनाने के लिए जिम्मेदारी दी गई।सभी ने फैसले का सम्मान किया। आपको बता दे फर्रुखाबाद में फ्तेहगढ़ स्थित जे नारायण वर्मा रोड पर 14 अप्रैल को भव्य रूप से जयंती को मनाने के लिए निरंतर बैठक जारी रहेगी पहली बार अध्यक्ष की जिम्मेदारी मिलने पर सुषमा जाटव ने कहा कि जब देश की प्रथम नागरिक महिला हो सकती है तो जयंती क्यों नहीं मना सकती बसपा की सुप्रीमो मायावती का उदाहरण देते हुए अपनी बात खत्म की।इस मौके पर रंजना गौतम को महासचिव और शिवांशी सिंह को कोषाध्यक्ष की जिम्मेदारी दी गई और नवनियुक्त अध्यक्ष ने सभी से जयंती को भव्य रूप से मनाने में सहयोग और साथ बनाए रखने को अनुरोध किया।बैठक में मुख्य रूप से तीन दर्शन महिलाओं के साथ सैकड़ों लोग मौजूद रहे।

खबरें एक नजर में

छात्रा साक्षी वर्मा हत्याकांड की जांच के लिए पटेल संस्थान का प्रतिनिधिमंडल गठित

गोला गोकर्णनाथ (खीरी)। एलआरपी पुलिस चौकी क्षेत्र में हुई छात्रा साक्षी वर्मा की हत्या व दुष्कर्म की घटना के मामले में पटेल संस्थान ने छह सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल का गठन किया है। प्रतिनिधिमंडल में संस्थान के अध्यक्ष राजीव वर्मा, मंत्री अंकुर वर्मा, अजय वर्मा, संजय वर्मा, सतीश वर्मा और शिवम पटेल शामिल हैं। दल ने लखीमपुर के अध्यक्ष कौशल किशोर वर्मा और कस्ता-मितौली के सत्यपाल वर्मा के साथ मृतका के मूल गांव परसिया लहरपुर (सीतापुर) पहुंचकर पीड़ित परिवार से मुलाकात की, सांत्वना दी और पूरे घटनाक्रम की जानकारी ली। प्रतिनिधिमंडल ने बताया कि मामले की विस्तृत रिपोर्ट संस्थान को सौंपी जाएगी, जिसके आधार पर आगे की रणनीति तय की जाएगी। सदस्यों ने पीड़ित परिवार को हर संभव सहयोग का भरोसा देते हुए दोषियों को कड़ी सजा दिलाने के लिए हर स्तर पर प्रयास करने की बात कही। उल्लेखनीय है कि 24 फरवरी को लापता हुई छात्रा का तीन मार्च को खेत में अर्धनग्न शव मिलने से क्षेत्र में सनसनी फैल गई थी।

बौठा टोल प्लाजा पर रक्तदान शिविर, कर्मचारियों ने किया रक्तदान

लखीमपुर खीरी। फरधान स्थित बौठा टोल प्लाजा पर रविवार को रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें टोल प्लाजा के कर्मचारियों ने उत्साह के साथ भाग लेते हुए स्वेच्छा से रक्तदान किया। यह शिविर मेसर्स नीरज कुमार टोल कलेक्शन एजेंसी के मालिक नीरज कुमार के जन्मदिन के उपलक्ष्य में आयोजित किया गया। इस अवसर पर कर्मचारियों और सहयोगियों ने इसे समाज सेवा से जुड़ी सराहनीय पहल बताते हुए रक्तदान के महत्व पर प्रकाश डाला। शिविर के दौरान टोल प्लाजा के स्टाफ ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया और जरूरतमंद मरीजों की मदद के लिए रक्तदान किया। इस अवसर पर सुधीर (27 वर्ष), अनुपम (22 वर्ष), सहायक प्रबंधक प्रवीण कुमार योगी (33 वर्ष) और अनुज प्रताप सिंह (34 वर्ष) ने रक्तदान कर मानवता की सेवा का संदेश दिया। कर्मचारियों ने कहा कि रक्तदान महादान है और इससे किसी जरूरतमंद की जान बचाई जा सकती है। इस दौरान टोल प्लाजा सीनियर मैनेजर पिंटू गुप्ता ने कहा कि रक्तदान सबसे बड़ा दान है और इस तरह के आयोजन समाज में सेवा की भावना को मजबूत करते हैं। उन्होंने कहा कि नीरज कुमार के जन्मदिन को समाज सेवा से जोड़ते हुए यह शिविर आयोजित किया गया है, जिससे जरूरतमंद मरीजों को रक्त उपलब्ध कराने में मदद मिल सके। वहीं मेसर्स नीरज कुमार टोल कलेक्शन एजेंसी के मालिक नीरज कुमार ने कहा कि जन्मदिन जैसे अवसर को अगर समाज हित के कार्यों से जोड़ा जाए तो उसकी सार्थकता और बढ़ जाती है। उन्होंने रक्तदान करने वाले सभी कर्मचारियों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि भविष्य में भी ऐसे सामाजिक कार्यों का आयोजन किया जाता रहेगा, ताकि समाज में सेवा और सहयोग की भावना को बढ़ावा मिल सके।

सिंगहाकला में नौ दुर्गा श्री शतचंडी महायज्ञ का शुभारंभ, निकली भव्य कलश यात्रा

निघासन (खीरी)। क्षेत्र के सिंगहाकला गांव में गत वर्ष की भांति इस वर्ष भी नौ दुर्गा श्री शतचंडी महायज्ञ का भव्य शुभारंभ श्रद्धा और उल्लास के साथ किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत गाजे-बाजे और धार्मिक उत्साह के साथ निकाली गई भव्य कलश यात्रा से हुई, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लिया। महायज्ञ के शुभारंभ अवसर पर नैमिषारण्य से पधारे यज्ञाचार्य रामभजन जी ने वैदिक मंत्रोच्चारण और विधि-विधान के साथ पूजन-अर्चन कराया। इसके पश्चात गांव में भव्य कलश यात्रा निकाली गई। यात्रा में सैकड़ों महिलाएं और कन्याएं सिर पर कलश धारण कर भक्ति गीतों और जयकारों के बीच चल रही थीं, जिससे पूरा वातावरण भक्तिमय हो उठा। कलश यात्रा सिंगहाकला और सिंगहा खुर्द के मुख्य मार्गों से होते हुए मोतीपुर स्थित जौरहा नदी पहुंची। वहां श्रद्धालुओं ने पवित्र नदी से जल भरकर पुनः यज्ञ स्थल पर पहुंचकर विधि-विधान के साथ कलशों की स्थापना की। कार्यक्रम के दौरान 'जय माता दी' के जयकारों से पूरा क्षेत्र गूंजता रहा और श्रद्धालुओं में विशेष उत्साह देखने को मिला। आयोजन स्थल पर सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस बल भी तैनात रहा। इस अवसर पर ग्राम प्रधान प्रतिनिधि श्याम मोहन दीक्षित, प्रधान पद के संभावित प्रत्याशी वीरेंद्र निषाद, मुन्ना लाल शाह, बीडीसी सदस्य जंगूलाल यादव, खगेसुर वर्मा, झब्बूलाल तिवारी, कोटेदार रामखिलावन वर्मा, कमलेश वर्मा, पप्पू वर्मा सहित क्षेत्र के सैकड़ों श्रद्धालु और गणमान्य लोग मौजूद रहे।

जिम कांड मामले में तीन आरोपियों की जमानत याचिका खारिज

मिर्जापुर। जिला जज अरविंद कुमार मिश्र की अदालत ने जिम कांड के तीन आरोपियों की जमानत याचिका को शनिवार को खारिज कर दी। न्यायालय ने शुक्रवार को इस मामले की सुनवाई कर फैसला सुरक्षित रखा था। वहीं चौथे आरोपी लकी की अग्रिम जमानत पर 11 मार्च को सुनवाई होगी। जिम की आड़ में महिलाओं का शोषण और उनका धर्मांतरण करने के मामले का देहात कोतवाली पुलिस ने 20 जनवरी को खुलासा किया था। जो संगठित गिरोह बनाकर इस कार्य को अंजाम दे रहे थे। पुलिस गिरोह के सरगना इमरान, जीआरपी के सिपाही इरशाद और मौलवी समेत आठ आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज चुकी है। जबकि नौवां आरोपी अशफाक उर्फलकी अब तक फरार चल रहा है। पुलिस जिम कांड के सभी आरोपियों पर संगठित अपराध और साक्ष्य छुपाने की धारा भी बढ़ा चुकी है। तीन आरोपी जहीर, शादाब और फैसल ने जमानत के लिए कोर्ट में अपील की थी। उधर फरार चल रहे नौवे आरोपी लकी खां ने भी अपने अधिवक्ता के माध्यम से डीजे कोर्ट में अग्रिम जमानत दाखिल की है। शनिवार को डीजे कोर्ट में तीन आरोपी जहीर, शादाब और फैसल की जमानत याचिका पर सुनवाई हुई। जिला जज अरविंद कुमार मिश्र ने जमानत याचिका पर बहस सुनी। बचाव पक्ष ने भी अपना तर्क रखा। सुनवाई के बाद न्यायालय ने तीन आरोपी की जमानत याचिका खारिज कर दी। वहीं चौथे आरोपी लकी की अग्रिम जमानत याचिका पर सुनवाई नहीं हुई। अब 11 मार्च को आरोपी लकी की जमानत याचिका पर सुनवाई होगी।

गैस सिलेंडर लदे ट्रक से कुचलकर अधेड़ की मौत

मिर्जापुर। कटरा कोतवाली क्षेत्र के बथुआ के पास शनिवार की दोपहर गैस सिलेंडर लदे ट्रक से कुचलकर अधेड़ की मौत हो गई। वें अस्पताल में आंख का उपचार कराकर घर लौट रहे थे। पुलिस ने शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। लालगंज थाना क्षेत्र के लालगंज गांव निवासी 58 वर्षीय रमेश कुमार ने पंद्रह दिन पूर्व शहर के एक प्राईवेट अस्पताल में आंख का आपरेशन कराया था। शनिवार की सुबह वें आंख का उपचार कराने के लिए घर से निकले। दोपहर लगभग दो बजे उपचार कराने के बाद वापस घर जा रहे थे। बथुआ के पास पैदल ही सड़क पार करने लगे। उसी दौरान गैस सिलेंडर लदे ट्रक ने अधेड़ को टक्कर मार दिया। जिससे वह सड़क पर गिर गए। उसी ट्रक का चक्का उनके सिर पर चढ़ गया। जिससे उनकी मौके पर ही मौत हो गई। घटना के बाद चालक ट्रक छोड़कर भाग निकला। मौके पर आस-पास के लोगों की भीड़ जुट गई। सूचना पर कटरा कोतवाली पुलिस पहुंची। पुलिस ने शव को मोर्चरी हाउस भेज दिया। मृत अधेड़ के पास बैग में मिली अस्पताल की पर्ची और अन्य कागजात से उसके घरवालों को सूचना दी। मौके पर पहुंचे राजेश कुमार ने शव की पहचान अपने पिता रमेश कुमार के रुप में की। बेटे की तहरीर पर पुलिस ने ट्रक चालक के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया और शव को मोर्चरी हाउस भेज दिया है। इस संबंध में कटरा कोतवाल वैद्यनाथ सिंह ने बताया कि सड़क पार करते समय अधेड़ की गैस सिलेंडरलदे ट्रक से कुचलकर मौत हुई है। चालक के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर ट्रक को कब्जे में लिया गया है।

बीच सड़क बस खड़ी कर चालक गायब, लगा जाम

मिर्जापुर। नगर के पथरहिया से बथुआ तिराहा तक शनिवार को जाम लगने से यातायात व्यवस्था बेपटरी हो गई। एक बस चालक बीच सड़क में बस खड़ी कर गायब हो गया। इसके बाद पीछे वाहनों की लंबी कतार लग गई। यातायात पुलिस ने आस-पास के लोगों की मदद से धक्का दिलवाकर बस को सड़क किनारे करवाया। तब जाकर वाहन आगे बढ़ सके।

एसडीएम की जांच में अनियमितताएं साबित, फिर भी कार्रवाई नहीं

- अधीक्षक बोले-मामला ऊपर तक, कैसे करें कार्रवाई
- भ्रामक बोर्ड और डॉक्टरों की अनुपस्थिति के आरोपों के बीच स्वास्थ्य विभाग की कार्यप्रणाली पर सवाल

लखीमपुर खीरी, समृद्धि न्यूज़।

गोला गोकर्णनाथ के खुटार रोड स्थित गैलेक्सी हॉस्पिटल एवं मैटरनिटी सेंटर को लेकर उठे विवाद ने अब स्वास्थ्य विभाग की कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। अस्पताल के बाहर लखनऊ के कुशल डॉक्टर 24 घंटे उपलब्ध जैसे दावे किए जा रहे हैं, जबकि शिकायतकर्ता का आरोप है कि अस्पताल के अंदर कोई पंजीकृत डॉक्टर मौजूद नहीं मिला और स्टाफ ही मरीजों को देख रहा था। इससे भ्रामक दावों के जरिए मरीजों को आकर्षित करने की आशंका जताई जा रही है।

मामले की शुरुआत तब हुई जब स्थानीय निवासी विक्रम शरीर दर्द और हल्के बुखार की शिकायत लेकर अस्पताल पहुंचा। अस्पताल के बाहर लगे बोर्ड पर कई डॉक्टरों के नाम और डिग्रियां दर्ज देखकर उसे भरोसा हुआ कि यहां विशेषज्ञ चिकित्सक उपलब्ध होंगे। लेकिन अंदर पहुंचने पर उसे कोई डॉक्टर मौजूद नहीं

मिला। आरोप है कि वहां मौजूद स्टाफ ही मरीजों को देख रहा था। स्थिति संदिग्ध लगने पर वह बिना इलाज कराए ही वापस लौट गया और मुख्यमंत्री पोर्टल पर शिकायत दर्ज कराई। शिकायत में कहा गया है कि अस्पताल के बोर्ड पर कई डॉक्टरों के नाम और डिग्रियां लिखकर 24 घंटे उपलब्ध होने का दावा किया गया है, जबकि वास्तविकता इससे अलग बताई जा रही है। डॉक्टरों की उपलब्धता और उनकी योग्यता को लेकर भी स्थानीय स्तर पर सवाल उठ रहे हैं। गोला की एसडीएम प्रतीक्षा त्रिपाठी के अनुसार पूर्व मे अस्पताल की जांच कराई गई थी, जिसमें कई अनियमितताएं सामने आई थीं। इसके बाद पूरी रिपोर्ट तैयार कर जिला स्तर के स्वास्थ्य अधिकारियों को भेज दी गई थी।

एसडीएम स्तर की जांच में अनियमितताएं मिलने के बावजूद अब तक अस्पताल के खिलाफ कोई ठोस कार्रवाई न होना चर्चा का विषय बना हुआ है। स्थानीय लोगों का कहना है कि यदि उस समय कार्रवाई होती तो दोबारा इस तरह की शिकायत सामने नहीं आती।

अब पोर्टल शिकायत पर होगी कार्रवाई

सीएचसी गोला के अधीक्षक डॉ. गणेश ने बताया कि मुख्यमंत्री पोर्टल पर की गई शिकायत अब उनके पास पहुंच गई है। उन्होंने कहा कि शिकायत के आधार पर अस्पताल का निरीक्षण किया जाएगा और जो भी तथ्य सामने आएंगे, उसके अनुसार नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।

महिला दिवस पर गोष्ठी, महिला स्वास्थ्य कर्मियों को मिला सम्मान

मितौली, खीरी। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मितौली में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस तथा प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना के सात वर्ष पूर्ण होने पर गोष्ठी आयोजित की गई। अध्यक्षता अधीक्षक डॉ. देवेंद्र सिंह ने की। कार्यक्रम में उत्कृष्ट कार्य करने वाली सीएचओ, स्टाफ नर्स, एएनएम और आशा कार्यकर्ताओं को प्रशस्ति पत्र व पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। अधीक्षक ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में स्वास्थ्य सेवाओं को घर-घर तक पहुंचाने में महिला स्वास्थ्य कर्मियों की महत्वपूर्ण भूमिका है। इस दौरान ब्लॉक कार्यक्रम प्रबंधक मोहम्मद तैयब सिद्दीकी, ब्लॉक लेखा प्रबंधक अमित सक्सेना, फार्मासिस्ट सत्येंद्र कुमार वर्मा सहित अन्य कर्मचारी मौजूद रहे।

भीषण आग से सात घर जलकर राख, लाखों का नुकसान

- दो मवेशियों की जिंदा जलकर मौत
- दमकल टीम और ग्रामीणों की मशक्कत के बाद आग पर पाया गया काबू

निघासन (खीरी), समृद्धि न्यूज़।

थाना सिंगाही क्षेत्र के सिधौना गांव में शनिवार को अचानक लगी भीषण आग से पूरे गांव में अफरा-तफरी मच गई। आग इतनी तेजी से फैली कि देखते ही देखते सात घर उसकी चपेट में आ गए और कुछ ही देर में जलकर राख हो गए। इस हादसे में लाखों रुपये का घरेलू सामान जलकर खाक हो गया, वहीं दो मवेशियों की जिंदा जलकर मौत हो गई। आग की लपटें

और धुएं का गुबार दूर से दिखाई देने लगा, जिसके बाद आसपास के लोग भी मौके पर पहुंच गए और आग बुझाने में जुट गए। बताया जाता है कि गांव निवासी मेवा लाल भार्गव के घर में अचानक आग लग गई। शुरुआत में लोगों ने अपने स्तर पर पानी और बाल्टियों से आग बुझाने का प्रयास किया, लेकिन फूस और लकड़ी के मकान होने के कारण आग तेजी से फैलती चली गई। तेज हवा के चलते आग ने विकराल रूप धारण कर लिया और आसपास के घरों को भी अपनी चपेट में ले लिया। कुछ ही देर में मेवा लाल भार्गव, राजकुमार, हुसैनी, रंजन, राम सिंह और राधेश्याम सहित करीब सात परिवारों के घर धू-धू कर जलने लगे। घरों में रखा अनाज, कपड़े, बिस्तर, बर्तन और अन्य जरूरी सामान भी आग की भेंट चढ़ गया। आग इतनी तेजी से फैली कि कई परिवारों को अपना सामान तक निकालने का मौका नहीं मिल सका और लोग किसी तरह घरों से बाहर निकलकर अपनी जान बचाने में जुट गए। घटना की सूचना मिलते ही दमकल विभाग को जानकारी दी गई, जिसके बाद दमकल की टीम मौके पर पहुंची। तब तक बड़ी संख्या में ग्रामीण भी आग बुझाने के प्रयास में जुट चुके थे। ग्रामीणों और दमकल कर्मियों की कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया जा सका, लेकिन तब तक सात घर पूरी तरह जल चुके थे और अधिकांश सामान राख में तब्दील हो गया था। इस घटना में दो मवेशी भी आग में फंस गए और उनकी जलकर मौत हो गई, जिससे पीड़ित परिवारों को भारी आर्थिक नुकसान हुआ है। पीड़ित परिवार खुले आसमान के नीचे आ गए हैं और उनके सामने रोजमर्रा की जरूरतों का संकट खड़ा हो गया है। मौके पर पहुंची ने स्थिति का जायजा लिया। सिंगाही थाना प्रभारी मनीष कुमार सिंह ने बताया कि आग पर पूरी तरह काबू पा लिया गया है। घटना में किसी प्रकार की जनहानि नहीं हुई है, लेकिन दो मवेशियों की आग में जलकर मौत हो गई है। आग लगने के कारणों की जांच की जा रही है। प्रशासन द्वारा नुकसान का आकलन कराया जा रहा है, ताकि प्रभावित परिवारों को नियमानुसार सहायता उपलब्ध कराई जा सके।

अंतरराष्ट्रीय महिला दिवसः गौरीफंटा चेक पोस्ट पर सेमिनार आयोजित

पलिया (खीरी), समृद्धि न्यूज़।

इंडो-नेपाल सीमा क्षेत्र में महिलाओं की सुरक्षा और मानव तस्करी की रोकथाम को लेकर अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर गौरीफंटा चेक पोस्ट पर एक महत्वपूर्ण सेमिनार का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का आयोजन 39वीं वाहिनी एसएसबी के एफ-समवाय के कार्यक्षेत्र में किया गया, जिसकी अध्यक्षता कमांडेंट रविन्द्र कुमार राजेश्वरी ने की।

दिनांक 08 मार्च 2026 को प्रातः 10ः00 बजे से 11ः15 बजे तक आयोजित इस सेमिनार में 34वीं वाहिनी नेपाल एपीएफ के अधिकारी एवं कार्मिक, भारतीय एनजीओ मानव सेवा संस्थान के प्रतिनिधि तथा नेपाल के एनजीओ के सदस्य उपस्थित रहे।

सेमिनार में महिला तस्करी की रोकथाम तथा सीमा क्षेत्र में एजेंसियों के आपसी समन्वय पर विस्तृत चर्चा की गई।

कार्यक्रम की शुरुआत में कमांडेंट रविन्द्र कुमार राजेश्वरी ने उपस्थित सभी अधिकारियों एवं प्रतिभागियों को अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस की शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि महिलाओं को शिक्षा के प्रति जागरूक होने के साथ-साथ हर क्षेत्र में आगे बढ़कर भागीदारी निभानी चाहिए। सेमिनार में वर्तमान समय में हो रही महिला तस्करी की घटनाओं को रोकने के लिए सतर्क और सजग रहने की आवश्यकता पर बल दिया गया। साथ ही विभिन्न सुरक्षा एजेंसियों और सामाजिक संगठनों के बीच बेहतर तालमेल बनाकर कार्य करने पर जोर दिया गया। कमांडेंट ने कहा कि समाज को क्रांतिकारी और वीरांगना महिलाओं की प्रेरणादायक जीवन शैली से सीख लेकर महिलाओं के सम्मान और सुरक्षा के लिए कार्य करना चाहिए। इस दौरान एएचटीयू (एंटी ह्यूमन ट्रैफिकिंग यूनिट) के कर्मियों द्वारा महिला तस्करी के नए-नए तरीकों की जानकारी भारतीय और नेपाली एनजीओ तथा नेपाल एपीएफ के अधिकारियों के साथ साझा की गई। सेमिनार में इस बात पर भी जोर दिया गया कि एसएसबी,भारतीय एवं नेपाली एनजीओ तथा नेपाल एपीएफ एक-दूसरे के पूरक और सहयोगी बनकर कार्य करें, जिससे सीमा क्षेत्र में महिला तस्करी जैसी गंभीर समस्या पर प्रभावी नियंत्रण पाया जा सके।

हमारी बेटियां किसी से कम नहीं: सदर विधायक योगेश वर्मा

लखीमपुर खीरी। अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस (8 मार्च) के अवसर पर युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय के तत्वावधान में मेरा युवा भारत लखीमपुर खीरी तथा खेलो इंडिया के सहयोग से लालपुर स्टेडियम में अस्मिता पहल के अंतर्गत बालिकाओं और महिलाओं की खेल प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं। कार्यक्रम का शुभारंभ सदर विधायक योगेश वर्मा ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया तथा दौड़ प्रतियोगिता को हरी झंडी दिखाकर शुरुआत कराई। इस अवसर पर विधायक योगेश वर्मा ने कहा कि हमारी बेटियां किसी से कम नहीं हैं और आज वे हर क्षेत्र में आगे बढ़ रही हैं। प्रतियोगिता में 100 मीटर, 200 मीटर, 400 मीटर दौड़ तथा नींबू-दौड़ का आयोजन तीन आयु वर्गों–13 वर्ष से कम, 13 से 18 वर्ष और 18 वर्ष से अधिक–में कराया गया। प्रतियोगिताएं हॉकी प्रशिक्षक विजय कुमार सिंह के निर्देशन में संपन्न हुईं। विजेता प्रतिभागियों को पदक देकर सम्मानित किया गया। अंत में जिला युवा अधिकारी संकल्प शुक्ला ने सभी का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम में उप क्रीड़ा अधिकारी इरफान, शिवराम वर्मा सहित कई लोग उपस्थित रहे।

सिस्टम की अनदेखी से सुविधाओं का टोटा

मिर्जापुर, समृद्धि न्यूज़।

18वीं-19वीं शताब्दी में व्यापारिक गतिविधियों और कारीगरों की बसावट वाले मोहल्ले में समय के साथ आबादी बढ़ी, सुविधाएं नहीं। जर्जर सड़क, जाम नालियां, कूड़ा प्रबंधन की कमी और पानी-बिजली की अनियमितता जैसी बुनियादी समस्याएं इस ऐतिहासिक मोहल्ले के सामने बड़ी चुनौती बन गई हैं। पार्क और सामुदायिक भवन का अभाव भी अखरता है। बाशिंदों का दैनिक जीवन प्रभावित हो रहा है। जरूरतों के अनुसार नगरपालिका सुविधाएं मुहैय्या कराए तो छोटी बसही के हालत सुधरे। छोटी बसही मोहल्ला शहर के उन पुराने इलाकों में शामिल है, जहां की गलियों में इतिहास की परछाइयां आज भी दिखाई देती हैं। कभी व्यापार, कारीगरी और सांस्कृतिक समरसता के लिए पहचान रखने वाला यह मोहल्ला आज मूलभूत सुविधाओं के लिए जूझ रहा है। जर्जर सड़कें, जाम नालियां, कूड़ा प्रबंधन की कमी, पानी और बिजली की अनियमितता जैसी समस्याएं दैनिक जीवन को प्रभावित कर रही हैं। श्हिन्दुस्तानश् से चर्चा के दौरान केशव ने कहा कि यदि प्रशासन इस क्षेत्र के विकास पर विशेष ध्यान दे तो समस्याओं का समाधान संभव है। सड़क, नाली, सफाई, पानी और बिजली जैसी मूलभूत सुविधाओं को बेहतर बनाकर इस ऐतिहासिक मोहल्ले को नई पहचान दी जा सकती है। बसती गई बड़ी और छोटी बसही अभय के मुताबिक छोटी बसही का इतिहास शहर के विकास से जुड़ा हुआ है। 18वीं शताब्दी में जब यह क्षेत्र व्यापारिक दृष्टि से विकसित होने लगा, तब यहां अलग-अलग समुदायों की बस्तियां बसीं। उनमें बसही नाम से जानी जाने वाली बस्ती भी शामिल थी। समय के साथ जब आबादी बढ़ी तो इन्हें बड़ी बसही और छोटी बसही के नाम से पहचाना जाने लगा। जोगेंद्र ने बताया कि उस समय शहर के बाजारों और गंगा घाटों के आसपास रहने वाले कारीगर और व्यापारी इन व्यापारिक गतिविधियों का महत्वपूर्ण हिस्सा थे। छोटी बसही मोहल्ले में उस समय कारीगर, छोटे व्यापारी, मजदूरों की बसावट हुई। कई परिवार पीढ़ियों से कालीन बुनाई, लकड़ी और धातु के काम से छोटी बसही मिर्जापुर का घनी आबादी वाला मोहल्ला बन चुका ह लेकिन बुनियादी सुविधाओं का विस्तार उस गति से नहीं हो सका। यही कारण है कि अब यहां कई समस्याएं सामने आने लगी हैं। जोगेंद्र सोनकर ने कहा कि छोटी बसही में बच्चों के खेलने के लिए पार्क या खुली जगह बहुत कम है। सामुदायिक भवन न होने से कार्यक्रमों के आयोजन में भी कठिनाई होती है। समस्या बनीं खराब सड़केंः विक्रम यादव ने बताया, मोहल्ले की सबसे बड़ी समस्या खराब सड़क हैं।

सद्गुरु के बिना नहीं मिलती मुक्तिः स्वामी तुलसी दास महाराज

हलिया (मिर्जापुर)। हलिया विकास खंड के औरा स्थित परमहंस आश्रम में रविवार को स्वामी अड़गड़ा नंद आश्रम पर वरिष्ठ संत स्वामी तुलसीदास जी महाराज द्वारा संगीतमय प्रवचन किया गया। इस दौरान तुलसी दास महाराज ने कहा कि तीरथ करने से एक फल की प्राप्ति होती है। वहीं संत पुरुष के मिलने पर चार यदि सतगुरु मिल गये तो व्यक्ति को सांसारिक बंधनों से मुक्ति मिल जाती है। भक्तों को यथार्थ गीता का पाठ तथा गुरु के स्वरूप का ध्यान व ढाई अक्षर नाम के जाप करने को कहा। स्वामी जी ने कहा कि साधना के लिये ध्याता, ध्यान, ध्येय तीन विधि होती है। जिससे भगवान की प्राप्ति भक्तों को होती है। विश्वामित्र राम और लक्ष्मण को लेकर मिथिला पहुंच गए । धनुष यज्ञ में जिस फूल बगिया में गये वहां प्राणों से ज्यादा प्रेम करने वाली भक्त सीता को दर्शन देना था। सच्चे मन से भगवान को स्मरण करने वाले को स्वयं भगवान चल कर

दर्शन देते है। फूल तोड़ने के लिये तो जनकपुर में अनेक बगिया थी। लेकिन जनाना बगिया में ही राम प्रवेश किए। मनुष्य को सुबह शाम गुरु के स्वरूप का ध्यान राम व शिव के दो ढाई अक्षर के नाम का जाप करते रहना चाहिए। इससे आप की हर बाधा दूर हो जाएगी। इस दौरान शिव बाबू सेठ, रमाकांत पांडेय, प्रमोद अग्रहरी सहित सैकड़ों भक्तों ने प्रवचन के बाद प्रसाद ग्रहण कर किया।

अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर महिला श्रमिकों को पुरस्कार देकर किया गया सम्मानित

हलिया (मिर्जापुर)। स्थानीय वन रेंज के कवलझर नर्सरी पर कार्य करने वाली महिला श्रमिकों को रविवार को अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर महिला दिवस मनाते हुए रेंजर हलिया संतोष कुमार राय के निर्देश पर वन दरोगा सूरज पाण्डेय, सिद्धार्थ कुमार मौर्या ने श्रमिक निर्मला देवी, दुर्गावती देवी, लालती देवी, कुसुम कली, लवंगिया देवी, सुमन फूल देवी, निशा, कौशिल्या को पुरस्कार देकर सम्मानित किया है वन दरोगा सूरज पाण्डेय ने बताया की रेंजर के निर्देश पर हलिया रेंज के अंतर्गत कवलझर नर्सरी पर कार्यरत महिला श्रमिकों को अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया है। रेंजर संतोष कुमार राय ने बताया की अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर नर्सरी में कार्य करने वाली महिला श्रमिकों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया है।

उच्चीकृत पीएचसी सहित नये प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों पर आयोजित मुख्यमंत्री जन आरोग्य मेला में 204 मरीजों का हुआ उपचार

हलिया (मिर्जापुर), समृद्धि न्यूज़।

उच्चीकृत प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र हलिया सहित नया प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों पर रविवार को आयोजित मुख्यमंत्री जन आरोग्य मेले में कुल 204 मरीजों का चिकित्सक द्वारा उपचार कर निः शुल्क दवा वितरित किया गया है उच्चीकृत प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र हलिया में आयोजित मुख्यमंत्री जन आरोग्य मेला में डॉक्टर विवेक खरे ने कुल 45मरीजों का उपचार किया। इसी प्रकार नया प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र मतवार मे आयोजित मुख्यमंत्री जन आरोग्य मेले में चिकित्सक कामेश्वर तिवारी के देखरेख में आयोजित किया गया

जिसमे कुल 36मरीजों का उपचार किया गया इसी प्रकार नया प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र ड्रमण्डगंज में आयोजित मुख्यमंत्री जन आरोग्य मेला का आयोजन डॉक्टर बाल कृष्ण मिश्रा के देखरेख में सम्पन्न हुआ जिसमें कुल 43 मरीजों का उपचार किया गया। इसी प्रकार नया प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र बरौधा में आयोजित मुख्यमंत्री जन आरोग्य मेला डॉक्टर शालिनी सिंह के देखरेख में आयोजित किया गया । जिसमें कुल 41 मरीजों का उपचार कर दवा वितरित किया गया है नया प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र मुड़पेली पर मुख्यमंत्री जन आरोग्य मेला चिकित्सक मनीष कुमार कि देखरेख में आयोजित किया गया जंहा पर कुल 39 मरीजों का उपचार कर दवा वितरण किया इस संबंध में प्रभारी चिकित्साधिकारी डॉक्टर अवधेश कुमार ने बताया की उच्चीकृत प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र सहित नया प्राथमिक स्वास्थ्य केंन्द्रो मतवार, ड्रमण्डगंज, बरौधा मुड़पेली में आयोजित मुख्यमंत्री जन आरोग्य मेला में सर्दी, खांसी, बुखार के कुल 204 मरीजों का उपचार कर निः शुल्क दवा वितरित किया गया है। इस दौरान फार्मासिस्ट अजय कुशवाहा, मनोज कुमार,सुभाष पटेल, दशरथ पटेल एलटी राकेश पटेल,स्टॉफ नर्स माया, आदि मौजूद रहे।